Nagari Pracharini Granthamala Series No. 21

उसमान कवि कृत

चित्रावली ।

जगन्मोहन वर्म्मा सम्पादित



और

काशी नागरीप्रचारिणीसभा द्वारा प्रकाशित ।

मूल्य २)

टाइटिल भारतजीवन प्रेस, बनारस में छपा ।

Pr ted by Apurva Kr shna Bo
t the Indı n Press All h bad

All ıJ t I

भूमिका

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमताम्।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥

काव्य साहित्य का एक प्रधान अंग है। हिन्दी भाषा का साहित्य महाकवि चन्दबरदाई के 'पृथ्वीराज रासो'* से प्रारंभ होता है। इसके पूर्व इसमें ग्रंथ थे या नहीं इसके विषय में हम कोई निश्चित सम्मति नहीं दे सकते। रासो से पुराने भाषा के किसी ग्रन्थ का आजतक हमको पता नहीं चला है आगे चलेगा या नहीं हम यह भी कहने में असमर्थ है। रासो के भिन्न भिन्न और संस्कृत के छन्दों से विलक्षण छन्दों को देखते इतना कहने का साहस होता है कि संभव है इससे पहिले भी भाषा के ग्रन्थ रहे हों। पर जब तक कोई और ग्रन्थ इससे पुराना न मिल जाय हम इसे भाषा का आदि ग्रंथ और इसके रचयिता चन्दबरदाई को हिन्दी भाषा का आदिकवि कहने के लिये वाध्य हैं।

चन्दबरदाई के रासो में दोहे और चौपाई भी है। चौपाई को उसमें विग्रस्खरी' कहा है। उनके उदाहरण ये हैं—

बरनि लम्ब साहाब बर, गप पास सुरतान।
सजी सेन सामतपति आयो राजन थान॥

---

* सुनते हैं कि खुमानरासो ९ वीं शताब्दी का बना हुआ है पर हमने इसे देखा नहीं है अतः इसके विषय में हम कुछ नहीं कह सकते। सभा इसकी प्रतिलिपि कराने के लिये उद्योग कर रही है यदि मिला तो यह छापकर सर्वसाधारण के सामने उपस्थित किया जायगा और तब इसकी भाषा आदि के विषय में कोई निश्चित सम्मति दी जा सकेगी।

सनि बरस्ति साहाब तास चर, बोलि मार उमराव महाभर।
दिय निशान धाव नौसान, चल्यो सेन सज्जे सज्जान॥
बाजिन बार अनेक सुवज्जे घर पडिहार सु गौमह गज्जे।
उग्यो सूर चल्यो सुरतान बज्जि निहाव नाल गिरि वान॥

इससे अनुमान हाता है कि दोहा चौपाई की सृष्टि महा कवि चन्द के समय मे या उससे पहिले हा चुकी थी। दोहा ग्रार चौपाई का रासो क अन्य प्र थ मे भी यथास्थान इस्तेमाल लिखने की प्रथा देखी जाती है पर पन्द्रहवा शताब्दी क पूर्व का एक भी ग्रन्थ देसा नहा मिलता जो विशुद्ध दोहे ग्रार चौपाई मे हा। इससे अनुमान हाता है दोहा ग्रैार चौपाई का छन्द पश्चिमीय कविया ग्रार पाच्छमा हिन्दी के लिये उपयुक्त न था।

दोहा ग्रौर चौपाई क ग्रन्थ प्राय मुसल्मान कविया के रचे हुए है ग्रौर प्राय पूर्वी हिन्दी वा ग्रवधी भाषा मे है। पूर्वी भाषा मे कविता करने की प्रथा भी मुसल्माना ही की चलाई हुई है। सब से पहिले मीर खुसरा ने तेरहवा शताब्दी मे कुछ दोहे ग्रौर पहेलिया पूर्वी भाषा में रचा। उनके दोहे के उदाहरण ये है।

गोरी सोवै सेज पर मुख पर डाले केस।
चल खुसरो घर ग्रापने, सांझ भई चहुँ देस॥
मोर परोसिन रूठें धान, घोसरि क सबद परा मोर कान।
ऊ मोहि पैसन छरी, मोरे हाथन छाला परी॥
दही परोसन गैहों मोर, अँगुरिन गडी दही के कोर।
ए सखी मै येती मरी, दिन दस रही पीर से परी॥

ठीक है कि खुसरो के ग्रन्थ सिवाय छुटकुछ दोहे आदि ग्रौर खालिकबारी के नहीं मिलते, नहा तो खुसरा पूर्वी भाषा क महाकवि कहे जाने योग्य थे।

दोहा ग्रार चौपाई के छन्द पूर्वी वा ग्रवधी भाषा के लिये इतने उपयुक्त प्रतीत हुए कि पीछे कविया ने इन्हा छन्दो का

कविता मे प्रधानता दी। कथा के अर्थो के लिये दोहे और चौपाई इतने उपयुक्त हुए कि प्रायः कथाग्रन्थ पूर्वी भाषा और दोहे चौपाइयो मे ही लिखे गए। इस प्रकार के ग्रन्थो को लिखने मे मुसल्मान कवि अग्रसर हुए और उन्होने कितने ही ग्रन्थ लिखे। सब से पुराना ग्रन्थ जो इस कोटि का मिला है और छप कर पाठको तक पहुँच चुका है वह पद्मावति है। इसे मलिक मुहम्मद जायसी ने सन् ९४७ हिजरी मे अर्थात् १५४० ईस्वी मे लिखा है। इसी आधार पर कितने लोग जायसी को इस प्रकार के ग्रन्थो का आदिकवि मानते है। पर जायसी ने पद्मावति मे एक जगह अपने पूर्व के रचे हुए कितने ही ग्रन्थो का उल्लेख किया है। आप लिखते है—

विक्रम धँसा प्रेम के बारा, सपनावति कँह गयेउ पतारा।
सिरीभोज खडरावति लागा गगनपूर होइ गा बैरागी॥
राजकुँअर कचनपुर गैऊ मिरगावति कँह जोगी भैऊ।
साधा कुँअर मनोहर जागू मधुमालति कँह कीन्ह वियोगू॥

इससे अनुमान होता है कि जायसी के पहिले भी कवि लोग सपनावति खडरावति मिरगावति मधुमालति आदि ग्रन्थ लिख चुके थे। इनमे मिरगावति का पता तो सभा का सन् १९०० मे लग चुका है। इसका विवरण भी सभा की खोज की रिपोर्ट पृष्ठ १७ १८ मे लिखा है। उसके देखने से मालूम होता है कि मिरगावति का कुतुबन ने सन् ९०९ हिजरी मे अर्थात् सन् १५०२ ईस्वी मे लिखा था। शेष अन्य ग्रन्थो का पता आज तक सभा को नही लगा।

मधुमालति की एक अपूर्ण प्रति मुझे इस वर्ष काशी के गुदडी बाजार मे मिली। यह ग्रन्थ ३७ पन्ने से १५३ पन्ने तक है। पुस्तक उर्दू लिपि मे अत्यंत शुद्ध और सुन्दर अक्षरो मे लिखी हुई है। भाषा मधुर और पाँच पाँच चौपाई के बाद एक एक दोहा है। आदि और अंत के पृष्ठ न होने से ग्रन्थकर्ता के ठीक नाम (सिवाय मझन के जो उसका

उपनाम है) और उसके निर्माण काल आदि का पता नहीं चलता। ग्रंथ के आदि के २९ पन्नों तक बायें पृष्ठ पर के किनारे पर दो तीन पंक्ति में फारसी भाषा में कुछ याददाश्त लिखे हैं जिनके अंत में ११ रबिउस्सानी सन् १०८९ हिजरी की मिती है। याददाश्त में उसी समय की घटना का वर्णन है। इससे अनुमान होता है कि यह प्रति उस समय के पहिले की लिखी हुई है। भाषा का उदाहरण हम कुछ नीचे दिये देते हैं—

मधुमालति जो सोवत जागी बिरह अगिनि नख सिख तन लागी।
ऊभ साँस हिय गह गह आव लज्जा तजि मुख रुधिर बहाव॥
नैनन भरनधार जनु छूटी सयन पूर जनु बारबहूटी।
जबही दसन उघारत खोला दामिनि चमकि चमकि जनु डोला॥
मुकुलित केस रैनि अँधियारी सहज भाउ भादों झनकारी।
  रुदन करति मधुमालती बिरह बिथा तन साल।
  लोगहि अचज सदा बरखा एक अबहु दुइ बरखा काल॥

जिस प्रकार मधुमालती में पाँच पाँच चौपाई के बाद एक एक दोहे हैं इसी प्रकार कुतुबन की मिरगावति में भी पाँच पाँच चौपाई के बाद एक एक दोहे हैं। इससे अनुमान होता है कि जायसी के पूर्व ग्रंथों में पाँच पाँच चौपाई के बाद एक एक दोहे लिखने की प्रथा थी। सात सात चौपाई के बाद एक एक दोहे लिखने की प्रथा जायसी ने चलाई जिसका उनके पीछे के कवियों ने अनुसरण किया। केवल तुलसीदासजी ने अपनी रामायण में आठ आठ चौपाई के बाद दोहे या छन्द आदि लिखने का क्रम रक्खा है। इसका कारण यह मालूम होता है कि मुसलमान कवियों ने अज्ञानवश चौपाई के दो दो चरण को मान कर अर्थात् आधी चौपाई को ही पूरी चौपाई मान पाँच पाँच या सात सात चौपाई के बाद वास्तव में साढ़े तीन और ढाई चौपाई के बाद एक एक दोहा लिखा था। तुलसीदासजी संस्कृत के विद्वान् थे उन्होंने

देखा कि यह प्रथा ठीक नहीं है इस लिये उन्होने अपनी रामायण में आठ आठ चौपाई अर्थात् वास्तव में चार चार चौपाई के बाद दोहा वा छन्द आदि लिखा। अब मधुमालति, कुतबन की मिरगावति के नियम पर उसमें पाँच पाँच चौपाई बाद एक एक दोहा होने, पद्मावति में उसका नाम आने और भाषा के विचार से पद्मावति से पुरानी है। इसकी भाषा में शुद्ध संस्कृत शब्द की कमी और ठेठ हिन्दी के शब्दों की अधिकता से तथा उपनाम से भी यह अनुमान होता है कि यह किसी मुसल्मान कवि की बनाई हुई है।

मिरगावति और मधुमालति के मिलने से यह आशा होती है कि कभी सपनावति और खंडरावति भी मिल जायँगी। अत मलिक मुहम्मद जायसी के हिन्दी भाषा वा अवधी भाष की कविता और दोह चौपाई में आख्यायिका वा कथा ग्रंथो का आविष्कर्ता कहने वालों का मत ठीक नहीं मालूम पड़ता। पर इस में कुछ सन्देह नहीं कि इस प्रकार के कथाग्रन्थों के लिखने की प्रथा मुसल्मान कवियों ही की चलाई हुई है और कथा ग्रंथ रामायणादि दो एक को छोड़ प्राय सब के सब मुसल्मान कवियो ही के लिखे हुए है।

अवधी भाषा में कविता तेरहवी शताब्दी में अमीर खुसरो ने प्रारंभ की और तब से मुसल्मान कवि अठारहवी शताब्दी तक इस भाषा में कविता करते रहे। उर्दू वा फ़ारसी मिली हुई भाषा का उस समय नाम वो निशान न था। उस समय कविता दो भाषाओं में होती थी एक अवधी भाषा में दूसरे ब्रज भाषा में। ब्रजभाषा की कविता काल के विचार से अवधी भाषा की कविता से पीछे प्रारम्भ हुई और जैसे दोहा और चौपाई के लिये अवधी भाषा उपयोगी हुई उसी प्रकार कवित्त आदि के लिये ब्रजभाषा उपयुक्त प्रतीत हुई। इस भाषा में सूर और विहारी आदि की कविता अच्छी है।

यद्यपि ब्रज भाषा के कवियों ने दोहा और चौपाइयाँ रचने की चेष्टा की और उनमें अच्छे अच्छे भाव भरे पर ब्रजभाषा के दोहे और चौपाइयों

में वह लालित्य और माधुर्य न आसका जो अवधी दोहा और चौपाइयों में था। इसी लिये भाषा के रस के ज्ञाता गोसाँई तुलसीदास ने अपने रामायण सतसई बरवे आदि को अवधी में और विनयपत्रिका कवितावली आदि को ब्रजभाषा में लिख कर यह प्रमाणित कर दिया कि किस भाषा के लिये कौन कौन भाषा और छन्द उपयुक्त है।

हम यहाँ कुछ थोड़े से दोनों भाषाओं के दोहे और चौपाइयाँ स्थालीपुलाक न्याय से नीचे उद्धृत करते हैं जिससे इस विचार का स्पष्ट पता चल जायगा कि ब्रजभाषा के कवियों को दोहे और चौपाइयों के रचने में कहाँ तक सफलता हुई।

राजा सो अर्जुन सिर नाई कहा सुनो विनती महराई।
बहु दिन भे हरि सुधि नहिं पाई, आज्ञा होइ तो देखा आई॥
यह कहि पारथ हरिपुर गये, सुन्यो सकल यादव क्षय भये।
अर्जुन सुनत नयन जलधार, परयो धरणि पर खाइ पछार॥
तब दारुक संदेस सुनायो, कह्यो जो हरिजू गीता गायो।
सो सुरूप मम हिर्दय आन, रहिये सदा करत मम ध्यान॥
तब अर्जुन मन धीरज धारि, चल्यो संग लै जे नर नारि।
तहँ भिल्लन सो भई लराई, लूटे बिन सब स्याम सहाई॥
अर्जुन बहुत दुखित तब भये, इहाँ अपसगुन होन दिन नए।
रोवें वृषभ तुरग अरु नाग स्याल दिवस निशि बोलें काग॥
कपै भुव वर्षा नहि होई भए सोच चित यह नृप जाई।
इहि अंतर अर्जुन फिरि आयो, राजा के चरनन सिर नायो॥
राजा ताको कंठ लगाई, कह्यो कुशल है यादव राई।
बल वसुदेव कुशल सब लोइ, अर्जुन यह सुनि दीने रोइ॥
राजा कहै कहा भयो ताहि, तू क्यों कहि न सुनावै मोहि।
काहू असत्कार तोहि कियो, के कहि दान न द्विज को दियो॥
कै शरणागत को नहि राख्यो, के तुमसों काहू कटु भाख्यो।

कै हरिजू भया अन्तर्धान मोसो कहि तू प्रगट बखान ॥
तब अर्जुन नैनन जल ढारि राजा सो किय बचन उचारि ।
सूरज प्रभु बैकुंठ सिधारे तहि बिनु का मम काज सवारे ॥

ये चौपाइयां सूरदासजी के प्रसिद्ध ग्रन्थ सूरसागर का हैं। इनकी भाषा और कविता के विषय में मुझे विशेष कहने की आवश्यकता नहीं। पर यदि आप इन चौपाइयों का जायसी आदि मुसलमान कवियों की कविता और तुलसीदास जी के रामायण की चौपाइयों से मिलाइये तो आपको मालूम होगा कि सूर जैसे महाकवि को ब्रजभाषा में चौपाई रचने और उसमें पदलालित्य लाने में कहाँ तक सफलता हुई है। फिर जब सूर ऐसे महाकवि का ब्रजभाषा की चौपाई रचने में असफलता हुई तो अन्य कवियों की तो कथा ही क्या है।

ब्रजभाषा में दोहा रचने में बिहारी सिद्धहस्त थे और उनके दोहा में बड़े गूढ़ भाव पाए जाते हैं जिसके बारे में लालव्यों के दोहरे अरु नावक के तीर की जनश्रुति प्रख्यात है। पर पदलालित्य में उनके दोहे भी पूर्वी भाषा के दोहों की कभी नहीं पहुँच सकते। हम यहाँ उदाहरण के लिये दो एक दोहे बिहारी के उदाहरण रूप पूर्वी भाषा के दोहों के साथ साथ उद्धृत करते हैं और इसका निर्णय पाठकों पर छोड़ते हैं।

सहज सचिक्कन स्याम रुचि सुचि सुगन्ध सुकुमार।
गनत न मन पथ अपथ लखि बिथुरे सथुरे बार ॥
छुटे छुटावे जगत ते सटकारे सुकुमार।
मन बाँधे बैनी बँधे नील छबीले बार ॥
कुटिल अलक छुटि परत मुख बढ़िगौ इतो उदोत।
बक बँकारी देत ज्यों दाम रुपैया होत ॥

(बिहारी)

सिरजी तब विधि स्यामता जब जग सिरजे लीन्ह ।
ते कच सिरजे सार ल, सप बांटि क दान्ह ॥

(मान)

छिटकी चिहुर सुहागिन अगन भया अँधकाल ।
जनु विरहा जन जिय बध कारन मनम थ रापा जाल ।
चिहुर बास मधुमालति जब से बही बतास ।
तेहि दिन सा निसि वासर सनत भँवनि उदास ॥
तर मयक ऊपर निसि पाती बनी श्राह कस रीति ।
जानहु ससि श्रौ निसि स्यों भई सुरति विपरीति ॥

(मझन)

नेकु हँसाेही बान तजि लख्यो परन मुख नीठि ।
चाका चमकनि चौधमें, परति चौंध सी दीठि ॥

(विहारी)

एक दिन विहँसी रहसि के जाेति गई जग छाइ ।
अबहूँ सौंरत वह चमक चाेधि चाधि जग जाइ ॥

(मान)

नासा मोरि नचाय दृग करी कका की साह ।
काटे लो कसकति हिये गडी कटीली भाेह ॥

(विहारी)

जीति तिलोक निवासा भाेह रहा न जगत जुझार ।
देखत जाहि हिये सर निभरी तेहि का जीते पार ॥

(मझन)

अहिपुर नरपुर जीति कै सुरपुर जीतेउ जाइ ।
अब दहुँ कछू न जानिय का कह धर चढाइ ॥

(मान)

उर्दू भाषा वा फारसी मिली हुई भाषा में कविता की नाव सन् १७०९ ईस्वी मे शाहआलम बादशाह ने डाली आर इसी ने अपना उपनाम आफताब रख कर चार दीवान लिख। यद्यपि काई काइ

वली' को जो सत्रहवी शताब्दी में हुए हैं उर्दू कविता का आदि आचार्य मानते हैं पर यह उनका भ्रम है। वली की कविता में फारसी शब्द है तो जरूर पर उसमें फारसी और अरबी शब्दों की उतनी भरमार और हिन्दी का बहिष्कार नहीं है कि यह हिन्दी से पृथक भाषा की कहा जा सके। उदाहरण के लिये वली के इस पद को देखिये।

सजन टुक मुख सेती खोलो नकाब आहिस्ता आहिस्ता।
कि ज्यों गुल से निकलता है गुलाब आहिस्ता आहिस्ता॥

इस पद भर में सिवाय नकाब और 'गुल के तीसरा कोई शब्द ऐसा नहीं जिसके समझने में किसी अपपढ हिन्दुस्तानी को कुछ कठिनता हो जिसमें 'गुल' को तो बहुतेरे लोग समझते होंगे। अस्तु

इन मुसलमान कवियों ने अपनी कविता विशुद्ध हिन्दी भाषा में की है जिसे साधारण अनपढ हिन्दुस्तानी भी समझ सकता है। सीधे सादे रोजमर्रा की बोल चाल में कविता करना और उसमें भाव लाना साधारण काम नहीं है। पर पद्मावति मिरगावति मधुमालति माधवा नल कामकदला इन्द्रावति आदि ग्रंथों में से किसी का हाथ में ले लीजिये तो आप को मालूम होगा कि इन मुसलमान कवियों ने कैसी योग्यता से अपनी कविता को निबाहा है।

इन्हीं मुसलमान कवियों के ग्रंथों में एक चित्रावली भी है जिस के सम्पादन का भार सभा ने मुझे सौंपा था। यह ग्रंथ उसमान कवि का रचा हुआ है जिसने अपना उपनाम मान लिखा है। उसमान गाजीपुर का रहनेवाला था। उसके पांच भाई थे और उसके बाप का नाम शेख हुसेन था। वह जहांगीर के समय में था और उसने यह ग्रंथ सन् १०२२ हिजरी अर्थात् सन् १६१३ ईस्वी में रचा। ग्रंथ का पता सभा को सन् १९०४ में मिला। सभा की ओर से उस समय बाबू श्यामसुंदर दास जी खोज का काम करते थे। उन्हों ने पहिले पहिल इसकी प्रति महाराज साहब बनारस के पुस्तकालय में मिली।

प्रति कथी लिपि मे सम्बत् १८०२ की लिखी हुई है जिसके अन्त मे नि लिखित वाक्य है—

इति श्री चित्रावली कथा सपुरन जो देखा सो लिखा पढि जन सो विनती हमारी भुला आखर लीजिया सभारी। पोथी हजार अजबसिंह जी ने लिखाया साकिन चिनारगढ दूध बहलिया दसखत फकीर चंद के हाथ का वेतन कडेमानिकपुर काम श्रीवास्तव कायथ दूसर ॥ १ ॥

सवत् १८०२ मिती सावन सुदी १५ रोज सोमवार को पोथी तयार हुआ पोथी चित्रावली लिखा या हजारी अजबसिंह जी ने खोम खास बहलिया—वेतन चिनारगढ पातसा महमदसाह सन् २८ अजीमाबाद मो पोथी लिखाया अजीमाबाद के सूबा नवाब जनदी अहमदखाजी के अमल मो लिखा गया दसखत फकीरचंद कायथ के हाथ का वेतन कडेमानिकपुर के बासिंद ॥१॥ पोथी मो पसे लगे रुपया एक सौ एक १०१) सिक्का मोसावर मो लिखाई मो कागज रासनाई मो जिल्दसाज ॥ १ ॥

इस ग्रन्थ की कथा का साराश भी उस समय सभा की आज्ञा से उक्त बाबू साहब ने लिखा था जो सन १९०४ की पुस्तको की खोज की रिपोट के पृष्ठ ३०–३२ मे छपा है। आप लिखते है—

'इस में नैपाल' के राजा धरनीधर के पुत्र सुजान और रूपनगर के राजा चित्रसेन की कन्या चित्रावली के असीम प्रेम की कहानी है आ इस प्रकार है—राजा धरनीधर पँवार कुल का क्षत्रा था। इसके सन्तान न था इस ग्लानि से उसने राज छोड कर तप करने का मन किया। फिर मंत्रियो के उपदेश से घरही शिवाराधन कर क्षत्र (सत्र) चलाना आरभ किया। तब शिव पार्वती ने परीक्षार्थ आकर इससे इसका सिर मांगा। जब यह दृढ होकर सिर देने को प्रस्तुत हुआ तब उन्होने प्रसन्न हो वर दिया कि तुझे एक अपूर्व पुत्र होगा जो कुछ दिन जोग साधेगा

और किसी स्त्री से प्रेम भी करेगा। इस आशीर्वाद से पुत्र हुआ। ज्योतिषियों ने कुण्डली बनाई और सुजान उसका नाम रक्खा। यह अति प्रतापी और बुद्धि विद्या निधान हुआ। एक दिन जब यह शिकार खेलने गया तो वहां मार्ग भूल गया और एक पर्वत की गुफा में जा सोया। यह स्थान किसी देव का था। उसने इसे देख रूपा कर इसकी रक्षा करनी स्वीकार की। इसी अवसर में उसका एक मित्र आया और उसने रूपनगर में चित्रावली की वर्षगांठ का उत्सव वह इसने भी देखने के लिये कहा। उसने उससे उस कुमार की रक्षा करने की प्रतिज्ञा कही। तब वह बोला कि इसे भी उठा ले चलें फिर आने में तब ले आवेंगे। यह सलाह कर ये इसे ले उड़े और और चित्रावली की चित्रसारी में जाकर सुला दिया और आप दोनों उत्सव देखने चले गए। अब रात में कुमार की आँख खुली तो वह आश्चर्ययुक्त हो चित्रसारी देखने लगा। वहां उस कुमारी का भी एक चित्र था, उसे देख वह आसक्त हो गया और फिर रगादि रक्खा पाकर अपना भी एक चित्र बना उसी के पास रख सो गया। सवेरे देव उसे उठा कर वहां ले आए। जब वह जागा तो उसने स्वप्न का भ्रम किया परन्तु अपने वस्त्रों में रंग लगा पा कर सब मान उसके प्रेम में विह्वल हो चिन्तायुक्त बैठ रहा। सेवक लोग ढूंढते ढूंढते वहां आ पहुँचे और उसे राज में ले गए परन्तु वह प्रेम में बेसुध रहा। अन्त में इसके एक सहपाठी सुबुद्धि नाम ब्राह्मण ने युक्ति से इसका हाल पूछा और ये दोनो परामर्श कर फिर उसी मढ़ी पर जा कर रहे। वहां उन्होंने अन्नसत्र जारी कर दिया। उधर इसका चित्र देख कुमारी भी आसक्त हो गई और उसने अपने नपुंसक भृत्यों को जोगी के वेष में उसे ढूंढने को भेजा। उन में से एक यहां भी आन पहुँचा। इस बीच में एक कुटीचर ने कुमारी की मा हीरा से चुगली करी जिससे उसने उस चित्र को धो डाला। इसी अपराध पर उसका सिर मुंडा कर

कुमारी ने उसे निकाल दिया था। अब यह जोगी जब कुँवर से मिला और परस्पर बातों से दोनों का पता लगा तो कुमार उसके साथ रूपनगर पहुँचा और योगी के वेष में इस चित्रावली का भेद इसके शिव मंदिर में परस्पर दर्शनलाभ हुआ। फिर इसी अवसर में उसी कुटीचर ने उसे अपना शत्रु मान कर अंधा कर दिया और बहका कर एक पर्वत की गुफा में डाल दिया। वहां एक अजगर उसे लील गया परन्तु विरहाग्नि की ज्वाला से घबरा कर उसने उसे उगल दिया। यह घटना एक बनमानुस देखता था उसने उसे एक अंजन दिया जिससे वह फिर देखने लगा। फिर बन में घूमते हुए एक हाथी ने उसे पकड़ा और उस हाथी का एक सिंह (मत्स्य में पक्षिराज) ले उड़ा। हाथी ने अपने प्राणसंकट से घबरा कर इसे छोड़ दिया। वह एक समुद्र के तट पर जा गिरा। फिर वह घूमता हुआ सागरगढ़ नगर में आ पहुँचा। वहाँ के राजा सागर की बेटी कौलावती की फुलवारी में विश्राम कर रहा था कि उस अवसर पर सखियों के साथ वह आई और इस पर मोहित हो गई। अन्त जोगी जेवाने के बहाने से इसे भी बुलवा के भोजन की वस्तु में अपना हार छिपा इसके पास में डाल चोरी में फँसा इसे कैद कर लिया। फिर एक राजा (सोहिल) कौलावती का रूप सुन इसे जीत कर लेजाने को चढ़ आया पर सुजान ने उसे हटा दिया (मारा) और कौलावती से यावत् चित्रावली मिलन की प्रतिज्ञा करा विवाह किया। इधर चित्रावली ने फिर उसी जोगी का भेजा जो पूर्व गया था। कुँवर कौलावती को ले गिरनार यात्रा को गया था वहाँ योगी ने उसे पाया और उसका समाचार ले चित्रावली के पास गया। चित्रावली का पत्र ले वह सागरगढ़ आया और योगी बन घुई लगाई। कुँवर योगी की सिद्धि को सुन उसके पास आया और उसने उसे पत्र दिया। फिर उसे रूपनगर ले गया और सामा पर बैठा कुमारी से कहने गया।

इसी अवसर में राजा का एक कथक ने जा सागरगढ़ का निवासी था कुछ लाभ की आशा से सोहिलराजा के युद्ध का गान सुनाया जिसे सुन राजा की कन्या के विवाह की चिन्ता हुई। राजा ने चार चितेरे राजकुमारों के चित्र लाने का भेजे। रानी चित्रावली के पास गई। उसे उदास देख हाल पूछा पर उसने बहाना किया परन्तु किसी चेरी ने द्वेष से रानी से दूत भेजने का समाचार कह दिया। उसी समय राजकुमार का भेजा वह दूत खबर देने को आ रहा था। रानी ने उसे मार्ग ही में पकड़वा कर कैद करा दिया। इस विलम्ब होने के कारण चित्रावली का नाम ले कुमार पागल की नाई दौड़ने लगा। राजा तक हाल पहुँचा। राजा ने अपयश के भय से गुप्त भाव से उसे मारने को हाथी छोड़वा दिया। कुँवर ने उसे भी पराक्रम कर मार डाला। तब राजा इसे मारने को चढ़ा। उसी अवसर पर एक चितेरा सागरगढ़ से कुँवर का चित्र लेकर आ पहुँचा और सोहिल के मारने का समाचार कह कर चित्र दिखाया, तो वह इसी कुमार का ठहरा। इस पर राजा कुमार को ले गया और उससे चित्रावली का ब्याह किया। कुछ दिन पीछे कौलावती ने विरह से सन्तप्त हो हंस मिश्र को दूत बना कर भेजा। उन्होंने भेंट कर एक भ्रमर पर आक्षेप कर कुमार को चेताया। कुमार ने अपने पिता तथा कौलावती का स्मरण कर विदा मांगी और वहाँ से विदा हो सागरगढ़ आ कौलावती को भी विदा करा लिया। समुद्र पार होने में तूफान आया किसी प्रकार वे सब प्राण बचा जगन्नाथ पुरी में पहुँचे। वहां पुरोहित (केंडीपाण्डे) से भेंट हुई। वहाँ से अपने देश में आये। पिता माता से मिले! पिता ने आनन्दबधाई की। माता अन्धी हो गई थी पुत्र के आगमन से हर्षित हो पुनः उसके नेत्र खुल गये। राजा ने पुत्र का गद्दी पर बैठा आप भजन करना आरम्भ कर दिया। कुमार अपनी रानियों सहित आनन्दराज्य भोग करना लगा।"

इसकी भाषा की सुंदरता और कथा की मनोहरता को देख सभा ने इस पुस्तक की प्रतिलिपि कराई। इस ग्रन्थ की आधी नकल बाबू अमारसिंह जी ने की था पर शेष रमाकान्त ओझा ने की। प्रतिलिपि ९ जनवरी सन् १९०९ का समाप्त हुई। नकल के अन्त में निम्नलिखित वाक्य काशी की प्रति की समाप्ति के अन्तिम वाक्य 'पोथी में रुपैय्या लगे रुपय्या एक सौ एक १०१) सिका मोसाअर औ लिखाइ औ कागद रासनई औ जिल्द साज।' के नीचे लिखा है—

उसी पुस्तक की नकल श्री महामहोपाध्याय प० सुधाकर द्विवेदी जी की आज्ञा से रमाकान्त ओझा ने ता० ९ जनौरी सन् १९०९ ई० का लिख कर तैयार किया।' द० रमाकान्त ओझा माज ओझाली'।

इस प्रतिलिपि वा नकल को महामहोपाध्याय सुधाकर द्विवेदी ने किसी उर्दू पुस्तक से मिलाया था अथवा किसी अपने शिष्य द्वारा मोकाबिला कराया था। ग्रन्थ में उर्दू का पाठ ऊपर लिखा था। पर इस ग्रन्थ में पाठान्तर या शोधने के कोई अक्षर द्विवेदी जी के हाथ के नहीं थे जिससे अनुमान होता है कि उन्होंने इसे उर्दू प्रति से अपने किसी शिष्य आदि द्वारा मिलान करा कर उर्दू पाठ ऊपर लिखाया था और उनका इसे स्वयं शोधने का विचार था। मिलान करनेवाला उर्दू को ठीक नहीं पढ सकता था इसलिये पाठ में कहीं कहीं कठिन भूल रह गई थी। जिसका उदाहरण यह है—पृष्ठ-१

दूसर जगत नामु जिन पावा जैसे सहरी[१] उदधि कहवा

इसमें 'लहरी' की जगह 'सहरी' पाठ रह गया है। हिन्दी प्रति के नकल करने वाले ने 'लहरी' को 'सहरी' लिखा था और उर्दू प्रति से मुकाबिला करने वाले ने भी इसे शुद्ध माना था। इसी पर विश्वास कर मैंने सहरी पर १-शफरी। एक प्रकार की मछली नोट लिखा। इस अशुद्धि का पता मुझे एक उर्दू प्रति के मिल जाने से लगा। यह प्रति मुझे ६४ पृष्ठ तक छप जाने पर अलईपुर के रमजान मियां उपनाम पोथी

मियाँ से मिली। इस में देखा तो लहरी पाठ था। अनुमान होता है कि हिन्दी प्रति से नकल करने वाले ने कैथी ल को 'स' समझ कर लहरी को सहरी' लिख दिया था और उर्दू प्रति से मुकाबिला करने वाले ने उर्दू लिपि में लहरी और सहरी की समानता से उसे सहरी समझा। वास्तव में यह भ्रम उनका उर्दू लिपि की दुरूहता के कारण हुआ। इस लिपि में एक शब्द का दूसरा शब्द पढ़ा जाना कोई असाधारण बात नहीं है। कचहरियों में इसके उदाहरण नित्य प्रति देखने में आते हैं।

अभी थोड़े दिन की बात है सन् १९१० के अन्त में ६ महीने के लिये मैं इलाहाबाद की कायस्थ पाठशाला में हेड क्लर्क था। पाठशाला का कुल दफ़्तर उर्दू में है। वहाँ केवल हाजिरी का रजिष्टर अंग्रेजी में है और कालिज और स्कूल की चिट्ठी पत्री जो अन्य स्कूलों और अफसरों से होती है अंग्रेजी में होती है। उन दिनों मनेजर के शिरिस्ते से एक रजिष्टरी चिट्ठी लायलपुर को जो पंजाब में है भेजी गई। पता लिखा था उर्दू में। चिट्ठी लायलपुर की जगह मिर्ज़ापुर चली गई और वहाँ पर किसी आदमी को जिस का भी वही नाम था दे भी दी गई और रसीद चौथे दिन कायस्थ पाठशाला की शरिस्ते में पहुँच गई। लोगों को चौथे दिन रजिष्टरी की रसीद पा अत्यन्त अचंभा और कुतूहल हुआ पर जब रसीद देखी गई तो उसपर लायलपुर मुहर की जगह मिर्ज़ापुर की मुहर थी। तब लोगों को उर्दू लिपि की दुरूहता का स्पष्ट प्रमाण मिला। खैरियत इतनी ही थी कि उस लिफाफे में नोट आदि नहीं थे।

ग्रन्थकर्ता निजामुद्दीन चिश्ती की शिष्यपरम्परा में था और सूफी था। मुसल्मानों में सूफी मत हिन्दुओं के वेदान्त मत का एक रूपान्तर है इसलिये कट्टर मुसल्मान सूफियों के शत्रु होते हैं और कितने सूफियों को मुसल्मान बादशाहों ने मरवा डाला है। कवि ने इस ग्रन्थ में ठौर ठौर पर वेदान्त और अद्वैतवाद की झलक दिखलाने में कमी नहीं की है। कथा ऐतिहासिक घटना से नहीं ली गई जान पड़ती

बल्कि कल्पनाप्रसूत है। नेपाल के राजसिंहासन पर एक भी पँवार राजा नहीं हुआ है। कथा विचारने से आध्यात्मिक प्रतीत होती है और इसीलिये ग्रन्थ में सुजान का शिव का अवतार लिखा है। महादेव खंड में जब शिव पार्वती धरनीधर की परीक्षा करने गए और उससे उसका सिर माँगा तो राजा सिर देने पर उद्यत हो गया। इस पर महादेवजी प्रसन्न हो उसे वर देने लगे यहाँ कवि ने उनके मुँह से यह कहलाया है—

देखु देतहौं आपन अंसा अब तोरे ह्वैहैं निजु बंसा।

यही नहीं कौलावती और चित्रावली अविद्या और विद्या की ही प्रतिरूप मालूम पड़ती है। सुजान शब्द का अर्थ बुद्धिमान् है इसीलिये उसने कौलावती का विवाह हठ पर भी उसका तब तक समागम नहीं किया जब तक चित्रावली वा विद्या उसे प्राप्त नहीं हुई। इसी लिये उपनिषदों में कहा गया है—

अन्धन्तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव तमो य उ विद्यायां रताः॥
विद्याञ्चाविद्याञ्च यस्तद्वेदोभयंसह।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते॥

कविने ग्रन्थ में धरनीधर के प्रतिज्ञा पालन वा दान सुजान के अटल प्रेम, परेवा की स्वामिभक्ति और कौलावती के आत्मोत्सर्ग का अच्छा चित्र खींचा है। इसके अतिरिक्त चित्रावली की वाटिका का वर्णन, उसका नख सिख, उसका विरह, षट्‌ऋतु और बारहमासा आदि देखने योग्य हैं। कुँवर ढूँढ़न खंड में कवि ने कितने ही देशों और प्रदेशों का वर्णन किया है। यद्यपि इनमें कई एक की स्थिति और स्थिति का ज्ञान भ्रमपूर्ण है तो भी जिस समय यह ग्रन्थ लिखा गया उस समय एक साधारण नगर के रहनेवाले के लिये भूगोल का इतना ज्ञान होना कुछ कम नहीं है। सब से अचम्भे की बात तो यह है कि कवि ने उसमें अंग्रेज़ों का नाम भी लिखा है और उनके देश और उनके आचार व्यवहार का वर्णन उसने दो चौपाइयों में किया है। चौपाइयाँ ये हैं—

चलदीप देखा अग्रेज़ा तहाँ जाइ नहिं कठिन करेजा।
ऊँच नीच धन सपति हेरा मद बराह भोजन जेहि केरा॥

उस समय अगरेजों को आये इस देश में बहुत थोड़े दिन हुए थे। ईस्ट इंडिया कंपनी सन् १६०० में लंडन में बनी थी और १६१२ में सूरत में कंपनी ने अपना गुदाम बनाया था। उसके एक वर्ष बाद १६१३ का रचा हुआ यह ग्रन्थ है। उस समय में कवि का एक साधारण गाज़ीपुर ऐसे छोटे नगर में रह कर अंग्रेजों के विषय में इतनी जानकारी रखना कोई साधारण बात नहीं है। हम मान सकते है कि वह मक्का हज करने गया होगा पर तो भी उसका इतनी जानकारी रखना और ग्रन्थ में लिख जाना उसकी बहुज्ञता का स्पष्ट प्रमाण है।

सब से उत्तम कथा चित्रावली में चित्रावली की माता का वह उपदेश है जो उसने उसे बिदा होते समय दिया था। यह उपदेश स्त्रियों के बड़े काम का है और बालिकाओं के लिये अत्यंत उपयोगी है।

इस ग्रन्थ में सबसे अधिक विलक्षण बात यह देखी जाती है कि कवि अपनी कविता में लोकोक्तियों का समूह यथास्थान करता गया है। हम उसके दो चार उदाहरण यहाँ दिये देते हैं।

मान करहु जो करि सकहु, कथनी अकथ अपार।
कथे न कर कछु आवई, करनी करतब सार॥
कौन भरोसा देह का, छाड़हु जतन उपाइ।
कागद की जस पूतरी पानि परे घुलि जाइ॥
तब लहु सहिये बिरह दुख, जब लगि आव सो चार।
दुख गये तब सुक्ख है, जानै सब संसार॥
कहाँ सो गोडिया तुच्छ तन, कहाँ बिसन अस राउ।
बैरी जो बस कै मिलै लेइ सो आपन दाउ॥
सब कहँ अमिरित पाँच है, बगाली कहँ सात।
केरा काँजी पान रस, साग माँछरी भात॥

क्षत्रिय सुनि जो ना करै तिय अरु गाइ गोहारि।
पुहुमी कुल गारी चढ़ै, सरग होइ मुख कारि॥

खरग सँभारै सूरमा वैरी मुख समुहान।
तौ लहु पौरुख ना तजै जौल्हुँ आव न रात॥

गहि जो भिखारी मारइ दुइ घट यहि जग होइ।
एक हत्या काँधे चढ़ै पुनि भल कहै न कोइ॥

जैसे पनही पाउँ की तैसे तीय सुभाउ।
पुरुष पथ चलु आपने पनहीँ तजै न पाउ॥

बिनसत कौल न बार भइ, गयो अथै जग भान।
मारेसि ईँट देखाइ गुड़ साई भा उपखान॥

मैँ तोहि डारेहुँ लै तहाँ, जहाँ न डोलै पाखि।
जो जस करै सो पाय तस, कुँअर देखु ले आँखि॥

मैं न कवि हूं और न मुझे कवित्त और छन्दो का कुछ ज्ञान ही है। मैंने हिन्दीभाषा के साहित्यग्रन्थो को भी अच्छी तरह नहा देखा है। मेरी आयु का विशेष भाग भारत के प्राचीन वैदिक ग्रन्थो और शुष्क दर्शनों के अवलोकन और पर्य्यालोचन मे बीता है। मुझे सस्कृत भाषा के काव्य आदि के देखने का भी कभी उतना अवकाश नहीं मिला है और न मैं उन विषयों को जानता ही हूँ। ऐसी अवस्था में मुझ से ऐसे ग्रथ के सपादन की क्या आशा की जा सकती है?। मुझ से यह काम लेना सूखे अमचुर का बलात् मुरब्बा बनाना है। फिर भी सभा की आज्ञा को शिरोधार्य्य कर इस ग्रन्थ को जहाँ तक हा सका है मैंने शोधा है और कठिन देहाती वा ग्रामीण शब्दो का अर्थ भी टिप्पणी में दे दिया है। सपादन के काम से अनभिज्ञ हाने हुए भी मैंने यथाशक्य इसको सपादन करने में अपनी ओर से कसर नहीँ की है। प्रूफ देखने और तदनुसार शुद्ध करने में असावधानी होने तथा ६४ पृष्ठ तक उर्द

की प्रति न मिलने के पूर्व छप जाने से अशुद्धियाँ रह गई हैं जिनके लिये शुद्धिपत्र लगा दिया है।

ग्रन्थ का विभाग ठीक नहीं था मैं ने इसे विषय के अनुसार खंडों में विभक्त कर दिया और पाठकों के सुभीते के लिये उसकी सूची भी लगा दी है। काम शास्त्र खंड इस खंड का अनुखंड है, स्वतन्त्र खंड नहीं भ्रम से इस पर (४१) का अंक लिख गया है। पाठकों को इसे सुधार लेना चाहिये। ४१वां खंड चित्रावली गवन खंड' है।

इस ग्रन्थ के संपादन और संशोधन में मुझे रमज़ान उपनाम पोथी मियां की उर्दू प्रति से बड़ा सहायता मिली जिसके लिये मैं उन का कृतज्ञ हूँ। यदि मुझे यह प्रति न मिलती तो मैं इस ग्रन्थ को ऐसा संपादन न कर सकता और कितने ही अंश संदिग्ध रह जाते।

फिर भी संभव है कि दृष्टिदोष वा भ्रम से कुछ और अशुद्धियां रह गई हों। आशा है कि पाठक उनको सुधार लेंगे क्योंकि मनुष्य सर्वथा निर्भ्रान्त नहीं हो सकता।

जगन्मोहन वर्म्मा।

स्थान, काशी नागरीप्रचारणी सभा
२४ दिसम्बर सन् १९१२

खंड सूची

—○—

	पृष्ठ
१ स्तुतिखंड	१
मंगलाचरण	१
महम्मद की प्रशंसा	
महम्मद के चार मित्रो की प्रशंसा	६
राजा की प्रशंसा	६
शाह निजाम की प्रशंसा	९
बाबा हाजी की प्रशंसा	१०
गाजीपुरवर्णन	११
अपने पाँच भाइयो का वर्णन	१२
प्रस्तावना	१४
२ कथा खंड	१५
३ महादेव खंड	१७
४ जन्म खंड	२०
५ देव खंड	२७
६ चित्रदर्शन खंड	३३
७ मढी खंड	४१
८ धर्मसाल खंड	४३
९ चित्रावली जागरण खंड	४५
१० सरोवर खंड	४७
११ चित्रावलोकन खंड	४८
१२ चित्र धोवन खंड	५२

	पृष्ठ
१३ परवा खड	५६
१४ उद्योग खड	८३
१ प्रस्थान खड	८५
१६ सुबुद्धि खड	८७
१७ यात्रा खड	८८
१८ विरह खड	९२
१९ परेवा आगमन खड	९७
२० दरसन खड	१०४
२१ कुटीचर खड	११०
२२ अजगर खड	११४
२३ बनचर खड	११७
२४ हस्ती खड	११९
२५ कौलावती खड	१२१
२६ जागी बधन खड	१३०
२७ साहिल खड	१३४
२८ कालावती विवाह खड	१ १
२९ गिरिनार यात्रा खड	१ ७
३० जोगी ढूँढन खड	१५९
३१ चित्रावली विरह ख॰	१६३
३२ पाती खड	१६५
३३ सिद्ध समागम खड	१७७
३४ कथक खड	१८१
३५ परेवा बधन खड	१८६
३६ दलगजन खड	१८८
३७ सुजान बधन खड	१९१
३८ चित्रावली विवाह खड	१९६

	पृष्ठ
३९ कुटीचर-दहन खंड	२०५
४० हंस खंड	२०८
४१ चित्रावली गवन खंड	२१७
४२ कौलावती गवन खंड	२२६
४३ बोहित खंड	२२९
४४ जगन्नाथ खंड	२३२
४५ अभिषेक खंड	२३५

शुद्धिपत्र ।

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१	१८	जैसे लहरी[३] उदधि कहावा	जैसे ल्हरी उदधि कहावा ।
	२१	३ (शफरी) एक प्रकार की मछली	० ■
३	३	कोऊ बिसरत नाहीं	काउ बिसरत नाहीं
७	४	खोदु हिय इदू	खोइ हिय दुइ
	६	कही न जग पति याइ कोउ	कहे न जग पतियाइ कोउ,
८	४	अस भा अदल मते हरि बानी	अस भा अदल मथे हरिबानी
	७	सहस खाट कचन के साजे,	सहस घांट कचन के साजे,
	२२	चौंधे हष्टि सोहे जेहि हेरे	चौंधि दिष्टि सोंह जेहि हरे,
९	१०	बादिहि लेगि	बादिहि लोग
	१२	मानसा होइ	मनसा होई
१०	९	तेहि देई जगाई	तेहि देइ जगाई
११	९	सुमर समै पुनि सूर	समर समै पुनि सूर
	२२	तजहि न एकौ तिनहु कहाला	तजहिं न एकौ तीनिहुं काला ।
१३	९	कीय ब्योहारा	किय ब्यवहारा
	२१	प्रेम अँकुर जहँ सिर काढा,	प्रेम अँकुर जहा सिर काढा
	२३	प्रेम कुमुर जहँ बदन उधारा, बिरह आई तहँ मजन सारा।	प्रेम मुकुर जहँ बदन उघारा, बिरह आइ तहँ मजन सारा ।

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१४	२	हाँ तीनहु क भद कहु	हौं तोरिहुँ क भेद कहि
	७	मन हाई गियाना	मन होइ गियाना।
	१३	जहँ रहु सुभि	जहँ रहु सुभि
१६	१६	दीआ बाजु मग	दिया बाजु माग
२१	९	राहु केतु दाऊ	राहु केतु दोउ
२४	१	जहँ रोउ राउत रान	जहँ लहु राउन रान
	१८	मारहु खाड पचारि	मारहु खाँड प्रचारि
	२३	विष भारा	विष भरा
३७	९३	कुँअर जहाँ आवा।	कुँअर जहँ आवा
४२	३	रहहु जाई	रहहु जाइ
	१५	चित्र तिचत्र सिंगरा	चित्र चित्रित सिंगारा,
४४	२०	अब कीरान	अब करान
४८	१३	भौंर कँघाल तेहि सग	भौंर कँवल तेहि सग
५१	४	दीसन आना	दीस न आना
५५	२२	कायहि लगा	कायहि लागा
५९	७	अस लगेउ तुअ भाग	अस लागेउ तुअ भाग
६०	२१	पानि मोती	पानि मोति
६१	११	चकइ चकवा	चकई चकवा
६२	७	बहु कर नास	बहु कटनास
	२१	ठौर ठोर सो अधिक बसाहीं	ठोर ठार सो अधिक बसाहीं
	२६, २७	बहु कर वास रहहि	बहु कटनास रहहीं
६६	२४	बेलिन खूँदी	बेलि न खूँदी
६७	६	आपन चित्र अपु पै लीखा	आपन चित्र आपु पै लीखा,
	१८	अग्या हाई	अज्ञा होइ

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
६८	१०	सिभू सरीर	सभु सरीर
७३	२०	रहस न जाहीँ	रहसन जाहीँ
७४	११	सोइ चीन्ह रखा तहाँ जो देखा	साई चीन्ह रेखा जो देखा
७५	१२	दुई जनु डँका	दुइ जनु डका
८३	१९	कहा सो तरागन महँ भावा	कहाँ सो तारागन महँ भाषा
८९	१५	हीरदै लिखा	हिरदय लिखा
९१	२२	गुरु बचम	गुरू बचन
९२	१०	परट हसै	परगट हसै
९५	७	सेल उर मारी	सेल उर मारा
९६	३	श्रीपचम मानहीँ	श्री पचमि मानहिँ
९७	१३	चित्र देखा	चित्र देखि
	१५	जीउ अधर बईठा	जिउ अधर बईठा
	२१	जैस उगवत सूर क	जैसे उगवत सूर के
९८	२०	धरमसाला महँ	धरमसाल महँ
१०१	१४	गुरुसोँ कही	गुरूसोँ कही
१०३	१०	भोग आचार	भोग अचार
१०८	१३	खाइ रह ठग मूरि सी	खाइ रहा ठग मूरि सी
११०	५	राज परीसा खावा	राज परोसा खावा
	[illegible]	बार महँ आहा	बार महँ अहा
१३२	२२	दहु अँकोरा	देहु अँकारा
१३३	१	सरग लागा	सरग लगा
१३४	१२	बिधि देकै सुदिष्टि दे मोही,	बिधिना अस सुदिष्टि दे मोहीँ,
	१३	दूजा जाइ न हिय महलेखा, जहँ देखों तहँ एकै दीखा।	दूजा जाइ नहि यमहँ लेखा, जहँ देखों तहँ एकै देखा।

पृष्ठ	पक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१३७	१	पहरु जागै	पहरू जागै
	७	सीद्ध हाइ सब काज	सिद्ध हाइ सब काज
१३८	८	एक बामन अरु माट पुनि	इक बाभन अरु भाँट पुनि
	२०	सन चढ़ि मागे नहिँ काई	ऐसन चढ़ि मागै नहिँ कोई
१४१	२५	देखत रूप पदुमिनि नागिनि	देखत रूप पदुमिनी नागिन
		धामिनि अेड उठि उठी लागिनि	धामिनि जाँउ उठि उठी लागिन
१६५	३	हिय हु लास विहँसे अधार	हिय हुलास विहँसे अधर
	४	हाइ न बैरे काई	हाइ न बैरे काइ
	६	बैठि एहि ठाऊँ	बैठि यहि ठाईँ
	१६	भँवइ बास लागि बारी बारी	भवइ बास लगि बारी बारी
१६६	७	तिय तन तुछक किमि कै कहई	तिय तन तुच्छक किमि के सहई
१६९	५	मिरिग क छाता	मिरिग क छाला
१७०	२०	जागिहि काकी चित	जोगिहि काकी चित
१७१	२३	रह घट सँसा	रह घट स्वासा
१७२	६	नीँद न अवत रैनि दिन	नीँद न आवति रैनि दिन,
१७५	६	बिहरै सुनत बजर छाती,	बिहरै सुनत बज्र की छाती
	८	जाइ निआरावा	जाइ नियरावा
१७६	१०	हुपुमी सरग	पुहुमी सरग
१७७	१२	निहचै नग जालि डारो कोई	निहचै नग जनि डारो कोई

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
	२२	देखन दुहूँ आनन्द भा,	देखत दुहुँ अनद भा,
१७८	१६	पकते निकसि पेक महँ परा	इक तें निकसि पक महँ परा
१७९	२५	गा छिपाइ चटेक अनु कीन्हा	गा छिपाइ चेटक अनु कीन्हा
१८१	८	धुआँ तस उठा	धुअँ तस उठा
१८३	४	सागर जोहर साजै चाहा	सागर जोहर साजै चहा
	१९	जाहो दीन जनमी	जाहो दिन जनमी
१८४	१	सुपूरुष आचासार	सुपुरुष आचासार
	६	आगिल परै नहि हीना	आगिल परै न हीना
	८	पूँछि नीअर हाइ	पूँछि नियर होइ
१८५	१	दुर जालि एह पुहुमी करे,	दूर आलि यदि पुहुमी केरे
१८६	२	अहित जो आही	अहित जो अही
१८८	९	गहि जो भीखारी मारई	गहि जो भिखारी मारइ
	१९	तातें बरजे मकल जन	तातें बरजे सकल जन
१८८	२२	तासों औ उन लवहीँ, मत जो साथी नाहीँ।	तासों औड नलावहिँ, अस्त जो साथी नाहिँ।
१९०	२४	रुहिर सुखिगा गात	रुहिर सुखिगा गात
१९१	११	जुझि साज जो कुँअ रहि सूझा	जुझिसाज जो कुँअरहिँ सूझा,
	१३	जुझि सों काजा	जुझिसों काजा
१९४	१०	चढि अटारि देखाहँ रनिवाँसा	चढि अँटारि देखहिँ रनिवाँसा,
१९६	१३	रूपकथार सोन करढका,	रूपकथार सोन कर टका,
२००	९	फेनि पानरि मुहँ न समाई,	फेनि पातरी मुहँ न समाई,

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२०१	१६	पुहुप ऊतारा	पुहुप उतारा
२०३	१७	बारी बारी दोऊ भनेउ	बारी बारी दोउ भनेउ
२०५	२३	उँच धुराहर	ऊँच धुराहर
२०६	१६	पिरम बैरि	परम बैरि
२१०	७	(४१) काम शास्त्र खण्ड	
२१२	११	काँध नवाए निसिदिन रँहई	काँध नवाएँ निसि दिन रहई,
२१८	२२	नियरही रतन न चीन्ह नैना	नियरहिँ रतन चीन्है नैना
२२७	२२	कौलावति जहाँ दीन्ह व्याही	कौलावति जहँ दीन्ह बियाही
२३१	१५	पुनि मन कहिसी	पुनि मन कहिसि

नोट—इसके अतिरिक्त कहीं कहीं अनुस्वार ( ) का चन्द्रबिन्दु (ँ) और चन्द्रबिन्दु का अनुस्वार छप गया है जिन्हें पाठकों को यथास्थान शुद्ध कर लेना चाहिये।

चित्रावली

(१) स्तुति खंड।

मंगलाचरण और ईश्वर-स्तुति।

आदि बखानौं सोई चितेरा, यह जग चित्र कीन्ह जेहि फेरा।
कीन्हेसि चित्र पुरुष औ नारी, का जल पर अस सकै सँवारी॥
कीन्हेसि जाति सूर ससि तारा, का अस जाति सकै जग पारा।
कीन्हेसि बचन बंद जेहि सीखा, को अस चित्र पवन पर लीखा॥
अस विचित्र लिखि जान गोसाईं, वहि बिनु मेट सकै नहि काई।
कीन्हेसि रंग स्याम औ सेता, राता पीत और जग जेता॥
कीन्हेसि रूप बरन जहँ ताईं, आपु अबरन अरूप गुसाईं।

अगिनि पवन रज पानि के, भाँति भाँति ब्योहार।
आपु रहा सब माँहि मिलि, को निगरावै[1] पार॥ १॥

सो करता सब माँह समाना परगट गुपुत जाइ नहि जाना।
गुपुत कहउँ तो गुपुत न होई, परगट कहउँ न परगट सोई॥
दूर कहउँ तो दूर न लेखा, नियरे कहउँ तो जाइ न देखा।
सब वहि भीतर वह सब माहाँ, सबै आपु दूसर[2] कोउ नाहीं॥
जो सब आपु रहा जग पूरी, तासों कहा नेर औ दूरी।
दूसर जगत नामु जिन पावा, जैसे लहरी[3] उदधि कहावा॥
ज्ञान नैन जो देखै काई बारिध बिना आन नहि होई।

१—निलगावै अलग करे। २—एकमेवाद्वितीय ब्रह्म। सर्वं खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किञ्चन। ३—शफरी। एक प्रकार की मछली।

जहवा सिन्धु अपार अति बिन तट बिनु परिमान।
सकल सृष्टि तेहिमा गुपुत, बालू कनक समान॥ २॥

करता जिन जग रूप सवारा, तेहिक रूप का बरनइ पारा?।
आपु अमूरति मुरति उपाई[1] मूरति माँति[2] तहाँ समाइ॥
मन क चरन पगु जहि ठाइँ बपुरी जीभ चलइ कहँ ताईँ।
मन की डीठ नैन जहँ मूँदै, सा मगु जीभ चरन क्या खूँदै[3]॥
परगट गुपुत बिधाता सोई दूसर और जगत नहि काई।
हे सब ठाउँ नाहिँ कोउ ठाईँ मुनिगन लखहिँ कि अलखगु साईँ॥
सृष्टि अनेक लखे नहि पाई, सिरजनहार लखा केहि जाई॥

अलख अमूरत सोइ बिधि लखै न मूरति काय।
सो सब कीन्ह जो चाहा, कीन्ह चहे सो हाय॥ ३॥

कीन्हसि जो अति गिरवर[4] गरुवा, चहइ तो करे तृणहु ते हरुवा[5]।
औ पुनि तिनहि बज्र करि धरई, मुनिवर लागहिँ ता नहि टरई॥
कीन्हसि वारिधि अगम अपारा, चहइ तो करे अस लघु तारा[6]।
औ तारहि का समुँद बनाव मेरु बबूला जैस तराव॥
कीन्हसि अगिन बीच अति ज्वाला चहे तो करे हिमचल पाला।
औ पानी महँ अगिन सँचारै, पाहन मलि जैस तृन जारै॥
भजइ गढइ बिधाता सोई, दूसर और जगत नहिँ कोई।

सोई करता रमि रहा रोम रोम सब माहिँ।
तिन सब कीन्ह सिरिष्ट[7] यह गाहक[8] की हा नाहिँ॥ ४॥

सो करता जेहि काहु न कीन्हा, सब कहँ जिवन जनम जइ दीन्हा।
दीन्हसि काया जेहि जग पोषा दीन्हसि माया जेहि न सतोषा॥

१—उपजाया, उत्पन्न किया। मि पहिले आपनर नरि बनाए। ता पीछे सब रोग उपाइ। २—मस्त, भ्रम में पड़ा हुई। ३—स कदन। कूट, फाट। ४—पर्वत, पहाड़। ५—हलका। ६—ताल। ७—सृष्टि। ८—स अवगाहक = जानने वाला ज्ञाता।

दीन्हेसि अन जिये जहि खाई, दीन्हेसि ज्ञान रहइ लौ[1] लाई।
दीन्हेसि हिया गुनै जो गुनना[2] दीन्हेसि सरवन[3] सुनै जो सुनना[4]॥
जहवाँ लागि जीव जग माहाँ भुगुति[5] देत कोऊ बिसरत नाहीं।
पहिले भुगुत दई जो चाहा, पीछे जीव आनि घट माँहा॥
पहिले औषध मूरि बनाए, ता पीछे सब रोग उपाए।

मान रहे जग आनि के त्रास होइ भय त्यागि।
बिछुरन रोग दिहेसि सबन्ह काहु दरसन लागि॥ ५॥

ए गुसाईं ते अस निधि अहई अस्तुति तोर तोहिं पहँ कहइ।
अस्तुति बारिधि अगम अपारा, काउ न जगत महँ पैरन हारा॥
साधुन बुद्धि तीर लगि जाई, काँपइ जाँघ देखि गहिराई।
जब ते बिधि यह सृष्टि उपाई, या जब ताईं रहहि बनाई॥
जहँ लहि सुर नर मुनि गन अहहीं जहँ लग लोक रसातल अहहीं।
जहँ लग बनसपती[9] तर पाना, रोम राम सब जीव क दाना॥
रसना होइ होइ अस्तुति सारहिं साधक[10] एक कहे नहि पारहिं।

जेहि ते बड़पन नहि गुनै, तऊ बड़ापन तोहिं।
जेहि ते लघु नहि श्रोर कछु, सो लघु छाजै मोहिं॥ ६॥

मोरे मुख कछु कही न जाई, देखहु रसना करी हँसाई।
रचक[11] जीभ रही मुख परी, बिधि अस्तुति कारन इकसरी॥
अस्तुतिमान[12] पाय अस कूदी बुद्धि आइ पहेले मुख मूँदी।
एहि मुख श्रोर कअ तर कहा, देखतन्ह जिनहि लाइ हँसि कहा॥

१—लव, लव लाना = ध्यान लगाना, विचारना। २—गुनान गुनने का विषय = ज्ञान विचार, निश्चय। ३—श्रवण, कान। ४—सुनन का विषय, शब्द। ५—भुक्ति = भोजन अन्न। ६—मूल जड़ी। ७—प्रमाण। ८—कहा कहा कहुराइ पाठ है कहराद = (قهر कहर = भयानक) का भाववाचक है = भयानकपन। —बनस्पति वृक्ष लता गुल्मादि उद्भिज। १ —स इयाक साक, तिनुका। ११—एक रच मात्र = छोग सा। १२—स्तूयमान।

रूप अबरन[1] को बरनै पारा रहै मौन होइ इहै बिचारा।
इहवाँ बोलि सकइ नहिँ कोई, बिनती करउ होइ सो होई॥
बिनती से जो होइ मयारा[2], बेगि करै वह सागर पारा।

गन-गँधरब मुनि देव नर, महि पाताल अकास।
वहिक आस सब जग करै, वह न काहु के आस॥ ७॥

कहिन कि जिन आपहि पहिचाना, तिन कछु मरम तोर है जाना।
जा सब भो रम रम[3] जग माहा मोहिँ न माह दखावसि काही॥
जो माहिँ सो बिन माह छिपाई, कहि कारण किन्ह मोह उपाई।
दिया नैन पै दिया न जोती, बाज पानि कहि कारन मोती॥
इन की जोति जोत अहि होई, तेहिक भरोस करै सब कोई।
कबहुँ सूर करै उजियारा, कबहुँ दीप कबहुँ मसियारा[4]॥
बिधिना दियेउ सो लोचन माहीँ, अछहैं पहिचान्यो नहि तोहीँ।

कहेँ कहेउ न सको मैं निकट रहहुँ नित ताहिँ।
केहि अभाग कहि अधरम, नहिँ दरसावसि मोहिँ॥ ८॥

कब लगि नट ज्यों आपु छिपावसि, इह जग पुतरी काठ नचावसि।
जग भूला यहि काठ के नाँचा जानि न जाय झूँठ अह साँचा॥
साँचा छिपा झूँठ क पाछे, झूँठहि साँच करहि का काछे।
साँचा बहुरि तोर कल डोरा पट उघारि नट अगन निहारा॥
मुख दरसाव परम उजियारा, जाहिँ बिलाइ तिमिर अँधियारा।
एक जोत परगट सब ठाऊँ, रहइ न कतहुँ दूसर नाऊँ॥
तू सब जानइ बड औ छोटा, कौन खरा कंचन का खोटा।
पट उघारु संसार जिय संसय रहा समाय।
जब लगि सूझ न लोचनहिँ, अंधा नहि पतियाय[5]॥ ९॥

१—अवर्णनीय। २—प्रेम करनेवाला। ३—रम क। ४—मशाल।
५—अंधा जब पतियाय जब आँखो देखइ।

महम्मद की प्रशंसा

पुरुष एक जिन्ह जग अवतारा सबन्ह सरीर सार संसारा।
आपन अस कीन्ह दुइ ठाऊँ एक क धरा मुहम्मद नाऊँ॥
पहिले उठा प्रेम विधि हिये, उपजी जोति प्रेम की दिये।
वही जोति पुनि किरिन पसारी, किरिन किरिन सब सृष्टि सँवारी॥
जोतिक नाउँ मुहम्मद राखा, सुनत सरोष कहा अमलाखा[1]।
वह सूरज यह किरन सँवाई[2], वह दधि[3] यह सब लहर उपाई॥
जो न करत वह ओकर चाऊ हास न जग महँ एक उपाऊ।
लहर बिना दधि सोह नहि किरन बिना दुति सूर।
साजा कारन एक जग जासों प्रेम अँकूर॥ १०॥

गुपुत उपाया परगट आना किया जगत यह एक पराना।
जो परान संसारक माहाँ कस न भई नहि संग परछाहीं[5]॥
सन्या करज चाँद मनियारा भा बिखंड[6] जानै संसारा।
जो कपटी भोजन विष दिसा बोलि उठा कर माँह गिरासा॥
एत पर जा ची हेंसि नाहीं अ म अँगिरा ना जग माहाँ।
जो भर जनम करे निधि जापा बिनु वाहि नाम हाहि सब लापा[1]॥
एक बार जो मन बिच कहई नाम महम्मद विधि निधि लहई।
करनी खोटी मोर सब, का कहि बिनवौं ताहिं।
अपनी उम्मति जानि कै लै निरबाहब मोहिं॥ ११॥

१—अमलाक = फरिश्ता। २—सजाया। ३—उदधि = समुद्र

४—सृष्टि। मुसलमानों की हदीस में लिखा है कि 'यदि मुहम्मद न होते तो ईश्वर आकाश और पृथ्वी न रचता' लिखा था।

اکر و نعودی محمد رماں - و مدا دہ کردم زمیں اسماں - لولاک لما خاص افلاک

५—मुहम्मद साहेब के परछाही नहीं था। ६—दो रात, महम्मद साहेब ने चाँद के दो टुकड़े किये थे। ७—एक बार मुहम्मद साहेब को विष दिया गया था तब हाथ में ग्रास बोल उठा था। ८—मृषा = व्यर्थ। ९—प्रलाप। १—अनुयायी।

महम्मद के चार मित्रो की प्रशसा

चार मीत तेहि सग सयान सूर समान चहूँ खंड जान।
चारा करहिं एक की चिना एक मते वे चारों मिता॥
पहिले अबूबकर सतवादी, सत्त जान जो भो अनवादी।
दूजे उमर न्याउ प्रतिपारा, जे बिध न्यारन सुतहिं सँघारा॥
तीज उसमाँ पडित ज्ञानी, जे करि ज्ञान लखा निधि बानी।
चाथ अली सिंह रन सूरा, दान खड्‌ग जे निर्तुं जग पूरा॥
परम बचन जो महमद पावा उन चारिहुँ कहँ आनि सुनावा।
इन के पथ जो काइ चल्इ जनम न भूल पार।
निर्मल चारिउ दीप महँ, सात दीप उजियार॥ १२॥

राजा की प्रशसा।

नूरुद्दान महीपति भारी, आकर आन मही महं सारी।
चारिउ खूँट नवाई खांडे, गजपति रहा न काउ बिनु डांड॥
सात दीप पठवई सेवकाई, फिरी जलधर पार दाहाई।
आवहिं अरबी ओर इराकी, रस मिसिरी कस्तुरी खनाँ की॥
आवहिं चली चीन की चीनी, सहसन माह एक इक बीनी।
आवहिं चली पदूमिनी जते, सहसन माँह एक इक ते ते॥
राति दिवस भा साभ सकारा भरा पेसकस दरिय बारा।
जह लगि पुहुमि फिरइ सब कोई, काहुक लइ काहु कह दइ॥
सात खड बिनवइ सेवकाई, फिरी चलइ हर ओर दुहाई।
सूरज बाज इन्द्रगज सस मृग छाडइ इन्दु।
भौंह चगाव जहि घरी, जहागीर बलचन्दु॥ १३॥
बेरी रहइ न कोउ पग रोपी, जेहि पर चढ़े तुरगम कोपी।
चढइ तुरग होइ अनुरागी, के अहेर कै हेकर[1] लागी॥

१—हेकनी = लडा़ई।

जो बर कइ बैरी पग चाँपै, सबन डरैं पताल कुल काँपै।
जहाँ तहा परगट सब देसा, बाजि चरन चीन्हें अहि सेसा॥
हेठ आइ बलि बासुकि चापा ऊपर डरि सुरपति पुनि काँपा।
सब जग जीति खोदु हिय इदु करइ रैन दिन केलि अनदू॥
सदा रहइ बिधिना जगमाहीं, जाग माँ थे यह बिधि परछाहीं।

कहीं न जग पति याद कोउ, सुनि अचरज ससार।
होहिं छहो रितु एकठों जहाँगीर दरबार॥ १४॥

अब सुनु बरनि सुनाओं तोहीं, जेसे कोऊ न दुल्खइ[1] मोहीं।
तपइ साह जस रबि उजियारा, आथम होइ रहा ससारा॥
बहुरि उदय जस भानु करई पल महँ उदय अस्त सब लेई।
भानु सौंह बरु चख ठहराइ, सम्मुख साह निहारि न जाई॥
पुनि साहे गजपती सोहाई साह बार पावस रितु आइ।
मघ बरन रिसि भरे अचता, अकुस बीजु दन्त बक सेता॥
गरज शब्द बरषा मद बाढा माथ सीन उग्य पुनि काढा।

घटा घूघुर मेघ पिक चहुँ दिसि होइ भनकार।
सभोगिनि कहँ अति रहस, बिरहिन हिये बिकार॥ १५॥

पुनि नब सान सजी बरनारी, लिए सरद रितु आनि जाहारी।
ससि आनन मुक्ताहल तारे खजन नैन सेत औ कारे।
बेसर मुकुता सोहिल[2] तारा, सुभग चरन पकज रतनारा॥
जा गढ़पती बाघ बर आने गढ़ भाने औ तोरे माने।
हिमि ऋतु तिन्ह के उर भरि रहा, हिये करेज कँपावत महा॥
साजि सिसिर रितु तिन्ह की नारी, हिये जाड तन चीर सवारी।
चितवहिं सौंह साह की ओरी, दुहुँ हसि मिलहि कि लावहिं डोरी[3]॥

१—झूठा बनावं। २—सुहैल (سہیل) = एक अत्यन्त प्रकाशमान तारा।
३—डाली।

बरन बरन उमराव तन चोवा चन्दन चारु।
फूले मनहुँ बसन्त रितु महँकि रहा दरबार ॥ १६ ॥

पुनि कलि अदल उमर सम कीन्हा। जन सा पुन्य जो यह जस लीन्हा॥
अस भा अदल मते हरि आनी। छाना नवा पुराना पानी॥
पुहुमी परै न पाव काँटा। हस्ती चाँपि सके नहिं चाँटा॥
गाय सिंह गवनहिं एक गली। बल भा अबल अबल भा बली॥
सहस खाट कंचन के साजे। पाट डोर तेहि बार बिराजे॥
घुंघिया छुअत हाथ भनकारा। उठे काँपि सकल संसारा॥
पातसाह सुनि निकट बुलाए, दरसन पाय नाद पुनि पाए॥

जहाँगीर के अदल पर फूलि रहा जग चैन।
सरवन[२] सुना नासरवाँ, साह सो देखा नैन ॥ १७ ॥

पुनि नवरोज सराहौं काहा, धन सो पुरुष न पावा ताहा[३]।
दलबादल[४] जहँ अम्बर छावा। ससि सूरज तेहि माँह बनावा॥
पहिले बारह रासि बनाए। ता सब नखत तहाँ लिखि लाए॥
ससि बुध सुक बृहस्पति साजा। आपन आपन ऊंच बिराजा॥
भौम सनीचर निकर सगा। तिन्ह कर नैन कीन्ह रवि भगा॥
नौ अंबर लखि रहस निधाना। मनहिं रजाना सरग पुराना॥
देखि अपूरब भाँत सँवारी, निसि दिन फिरत लागि बाल्हारी॥

कहा कहा सो गा बिकल इन्द्र होइ पति जाहि।
कहिस कि वह जो इन्द्र है इहै इन्द्र सर आहि ॥ १८ ॥

ऊपर सब सँयोग सुभ साजा। तेहि पर हाटक पार बिराजा॥
लागे हीरा रतन अलखेँ। चाँपे दृष्टि रुहि जहिं दखेँ॥
मोति अनेक लाग जस बोला। एक इक देस एक कर माला॥

१—न्याय। २—श्रवण=कान। ३—लाभ। ४—शामियाना। चँदवा
५—मुसलमानों का विश्वास है कि तारागण नहीं घूमते बल्कि आकाश या स्वर्ग ही घूमता है

तेहि पर बैठ छत्रपति राजा, एक छत्र चहुँ खंड बिराजा ॥
छत्रिन्ह आइ छत्र सो पूजा, और छत्र जग रहा न दूजा।
कलपबिरिछ भा यह जग माहा, कोस सहस दस पसरी छाहीं॥
जग निचित सोवै जेहि छाहीं, चिउँटी कांटि जगावै नाहीं।
विधिना सौं जाँचे जगत, पुहमी धरे लिलाट।
औलहु धरती सरग दोउ, रहे छात ओ पाट ॥ १९॥

तहाँ बैठि पुहुमी पति भारी देइ दान कर बार उघारी।
एकहि बेर एक कहँ दई, दूसरे बेरि न काऊ लेई॥
पिरथी बली हात जो आजू, माँगत देखि दान कर साजू।
बादि मरजिआ समुँद धसाई बादिहि लोगि रतनगिरि जाई॥
बादि सुमेरु लागि जग धाव, कस न बार जहँगीर के आवै।
देइ रतन जत मनसा होइ, सोन रूप कह बरज न कोई॥
महँ सुना कि अनेक भिखारी, कीन्हे साह नेवाजि[१] हजारी।
आयों सोई बार सुनि, लिए गरीबी साज।
कहा जा माँगु गरीब है साह गरीब नेवाज ॥ २०॥

शाह निजाम की प्रशंसा।

शाह निजाम पीर सिधदाता, दिष्ट तेज जिमि रवि परभाता।
नारनाल भीतर अस्थाना, उदे अस्त लह सब कोइ जाना॥
जा कहँ एक किरन सम जोवा जनम पाइ ते तिमि जिम खोवा।
औ खिन नैन मया कै खोला, पाहन मानिक होइ अमोला॥
जा कहँ मया दिष्टि भरि हेरा, ते दुनहु जुग सों मुह फेरा।
जासों ज्ञान वचन अनुसारा[२], ना कहँ वचन सिद्धि देनिहारा॥
भौसागर मँह है कन्हारा[३] दुखी सुखी सब पार उतारा।

१—नेवाज कर = कृपा कर। दान देकर। २—चलाया, कहा।
३—निकालने वाला। मरजिया।

गहि भुज कीन्हे पार जे बिनु साहस बिनु दाम।
कश्ती[1] सकल जहान के चस्ती साह निजाम ॥ २१ ॥

बाबा हाजी की प्रशंसा।

बाबा हाजी पीर अपारा सिद्ध देत जेहि लाग न बारा।
ज मुख देखा तै सुख पावा परसि पाय तन पाप गँवावा ॥
हिंदू तुरुक सबै कहं आना निसि दिन जाँचहिं[2] इच्छा दाना।
इच्छा देत न लावहिं धोखा जहि जस तोष पवे तस पोषा ॥
औ कोउ जिय निहचै करि आवै श्रवन लागि तहि ज्ञान चताव।
प्रेम दीप तेहि देई जगाई, वहि उजियार चला सो जाई ॥
जासों वचन सिद्ध व कहा, ते सब तजि गिरि मारग गहा।

मोहि मया कै एक दिन, श्रवन लाग गहि मार।
गुरमुख वचन सुनाय कै कालि महँ कीन्ह सनाथ ॥ २२ ॥

यह मन मथा मथा जग सारा, जो दृढ़ मथहि सो नर बरियारा।
जौ लहु गुरू न मनहि सिखाव बातनि कछु हाथ नहिं आव ॥
मही माँहि नौ निधि छपाना बिनु गुरु काहू हाथ न आना।
करम बात अब कहा सुनु तोहा जस कछु गुरू सिखाया मोहा ॥
ज्ञान डोरि कह हिया मथानी साँस लेत डोरी लपटानी।
उलटी दृष्टि रहै दुक लाई सजग रहै जहि नतु न जाई ॥
तो लहु मथ थिर दे जीऊ, निसरे छाछ मही तें घीऊ।

निजु सो मथनी एक दिन मथत मथत गा फूटि।
तत्वमसी पुनि तत्व सों, आय नरक सब छूटि ॥ २४ ॥

१—नौका। २—मांगते हैं। याचना करते हैं। ३—दृढ़ता। आराधना।
४—मनोरथ। ५—मार = उद्योग। ६—जी लगा कर। ध्यान देकर।
७—तत्वमसि = वह तू है, यह वेदान्त का महावाक्य है।

गाजीपुर वर्णन ।

गाजीपुर उत्तम अस्थाना देवस्थान आदि जग जाना।
गंगा मिलि जमुना तहँ आई बीच मिली गोमती सुहाई॥
तिरधारा उत्तम तट चीन्हा द्वापर तह देवतन तप कीन्हा।
पुनि कलिजुग महँ बसगित[1] भई जानहु अमरपुरी बसि गई॥
उपर कोट हठ सुरसरी देखत पाप निगा जहँ हरी।
बसहि लोग सुध बहु चिज्ञानी सैयद सेख बसैं गुरु ज्ञानी॥
ज्ञान छाडि मुख आन न भाषा सुने संतोष देखि अभिलाषा।
ज्ञान ध्यान कहँ देवता, सुमर समं पुनि सूर।
तप भइ मौन सभा चतुर अरि मुख सिंह सदूर[2] ॥ २४ ॥
पुनि तहँ लोग बसैं सुखवासी घर बर देखि इँद्रासन भासी।
मोगल पठान बसहिँ पँडवाहे, रन अमट जिन्ह साह सराहे॥
पुनि रजपूत बसहि रन रूरे, और गुनी अन सब गुन पूरे।
भाट कलावत बसैं सुजाना, जिन्ह पिंगल संगीत बखाना॥
गुन चरचा बिनु आन न काजा जा देखो अपने घर राजा।
जहँ तहँ नाच कूद पुनि हाई, ठुमुकत बाट चलैं सब कोई॥
जिन साजे जहिं ठाँव अवासा, सोइ पुहुमी नाहीं कबिलासा[4]।
ताजी तुरकी चढि चलहि जानहु उमरा मार।
सब सुखबास नगर महँ परसन बासी तीर॥ २५॥
हिंदू तुरक सराहों कहा, चारिहु बरन नगर भरि रहा।
ब्राह्मन सब पण्डित औ ज्ञानी चारों वेद बात जिन्ह आनी॥
होम जाप अज्ञान त्रिकाला[5], तजहि न एकौ तिनहुँ कहाला।
खत्री बैस सबे पुनि धनी, नैन न फेरहि देखे अनी॥
सुद्रन्ह घर घर बनिज पसारा, निस दिन करहिँ धरम व्यवहारा।

१—आबादी। २—शार्दूल। ३—नग की एक जाति।
४—कैलास = स्वर्ग। ५—द्विकाल = दोनों काल—प्रात साय।

विविधि बखान ज्ञान कर करहीँ , तरुनि बैठि सब रस उचरहीँ ॥
केलि कोलाहल चहुँ दिसि होई दुख की बात न जाने कोई ।
घर घर नगर बधावरा, गलियन सुगँध बसाइ ।
एक दिस बाजत आव एक दिस बाजत जाइ ॥ २६ ॥

अपने पाँच भाइयोँ का वर्णन ।

कवि उसमान बसे तेहि गाऊँ , सेख हुसेन तनै अग नाऊँ ।
पाँचा भाइ पाचो बुधि हीये , एक इक भाँति सो पाँचा लीये ॥
सेख अजीज पढै लिखि जाना , सागर सील ऊँच कर दाना[1] ।
मानुल्लह विधि मारग गहा , जोग साधि जो मोन होइ रहा ॥
सेख फैजुल्लह पीर[2] अपारा गनै न काहु गहे हथियारा ।
सेख हसन गाएन भल आहा , गुन विद्या कहँ गुनी सगाहा ॥
शील उदधि पुनि सबै सुजाना जो कोउ मिला सोई पै जाना ॥
सुनै नाउ उतसाह चित मिले होइ जिय साँति ।
पाँच भाइ जनु पाँच मिञें[3] , अपनी अपनी भाँति ॥ २७ ॥
आदि हुता विधि माथे लिखा , अच्छर चारि पढे हम सिखा ।
देखत जगत चला सब जाई , एक बचन पै अमर रहाई ।
बचन समान सुधा जग नाहीँ जेहि पाए कवि अमर रहाहीँ ॥
मा जा यह अमिरित सोँ पागे , सोऊ अमर जग भए सभागे ।
मोहूँ चाउ उठा पुनि हीए होउँ अमर यह अमिरित पीए ॥
आपु पिये अब तिनहुँ पिआवै , जिन्हकी कथा सुरस रस गावे ।
भकु कोउ सूर पुरुष ससारा सँवरि बचन दै मोहिँ निस्तारा ॥
पढि गुनि देखा मान कवि, बैठि खोइ ससार ।
और जगत सब थोथरा एक बचन पै सार ॥ २८ ॥

रूप, प्रेम और विरह का वर्णन ।

यह कलि द्रुमावलि[4] गुन भरी , अनबन[5] भाँति बचन फल फरी ।

१—फर बुद्धिमान । २—गुरु । ३—मियाँ = पण्डित । ४—द्रुमावलि = बाग ।
५—अनेक = विविधि

कोऊ तीत कोऊ भा मीठा कोऊ कसाउ कोऊ जनु सीठा ॥
ग्यान रसन[1] सौं सब रस चाखा अंत पाइ मन भा अभिलाषा।
जेहि रस पेम सुफर भल डीठा गादर काँच सुपक भो मीठा ॥
आन मिठास जो नाम कहाई, चाखन पूज कि प्रेम मिठाई।
आदि प्रेम विधिनै उपराजा प्रेमहि लागि जगत सब साजा ॥
आपन रूप दखि सुख पावा अपने हीए प्रेम उपजावा।

प्रेम किरन ससि रूप जेउँ, पानि प्रेम जिमि हेम।
एहि विधि जहँ तहँ आनियहु जहाँ रूप तहँ प्रेम ॥ २९ ॥

जहाँ रूप जग बनिज पसारा आइ प्रेम तहँ कीय ब्योहारा।
जो बिधि रूप मया करि दीही, प्रेम चकोर नैन तिन्ह कीन्ही ॥
दीपक जोति प्रेम उजियारा प्रेम पतग आनि तहँ जारा।
रूप वास भा केतकि केवा[2] प्रेम भौंर भो जिअ परछेवा ॥
मृगावती मुख रूप बसेरा राजकुँवर भयो प्रेम अहेरा।
सिंघल पदुमावति भो रूपा प्रेम कियो है चितउर भूपा ॥
मधुमालति होइ रूप देखावा, प्रेम मनोहर होइ तहँ आवा।

रूप मुकुर जहँ विधि सरयो[4] निरमल एहि ससार।
प्रेम सूर परतर कियो बिरह अगिनि उदगार ॥ ३० ॥

रूप प्रेम मिलि जो सुख पावा दूनहुँ मिलि बिरहा उपजावा।
जहा प्रेम तहँ बिरहा जानहु, बिरह बान जनि लघु करि मानहु ॥
जेहि तन प्रेम आगि सुलगाई, बिरह पान हाइ दे सुलगाई।
प्रेम अँकुर जहँ सिर काढा बिरह नीर सौं दिन दिन बाढा ॥
प्रेम दीप जहँ जोति देखाई बिरह देइ छिन छिन उसकाई।
प्रेम कुमुद जहँ बदन उघारा, बिरह आई तहँ मजन सारा ॥
एहि बिधि प्रेम बिरह एक संगा, एकमते[5] भै मानहुँ रंगा।

१—रसना = नाम। २—कला। ३—जीव देने वाला।
४—रचा सँवारा। ५—सम्मिलित।

रूप प्रेम बिरहा जगत मूल सृष्टि के थम्भ।
हौं तीनहु क भेद कहु कथा करो आरम्भ ॥ ३१ ॥

प्रस्तावना।

कथा एक मैं हिए उपाई कहत मीठ औ सुनत सोहाई।
कहौं बनाय जैस मोहि सूझा जेहि जस सूझ सो तैसे बूझा॥
बालक सुनत कान रस पावा तरुनहु के तन काम बढ़ावा।
बिरिध सुनै मन होई गियाना यह संसार धंधा आना॥
जोगी सुनै जोग पँथ पावा भोगी कहँ सुख भोग बतावा।
इच्छा तरु एक आहि सोहावा, जहि जस इच्छा तैस फल पावा॥
मजुल मुकुर बिमल[1] कर लेखा जो देखै सो आपुहि देखा।
मान रात संसार की कह सुने सब काज।
लागै मीठी सोइ पै आई सोहाती लाज॥ ३२॥

सन सहस्र[1] बाइस[2] जब अह तब हम बचन चारि एक कहे।
कहत करेज लोहू भा पानी सोई आन पीर जिन्ह जानी॥
एक एक बचन माति जनु पोथा, कोऊ हँसा कोऊ सुनि रोवा।
बहुतन्ह सुनि के दुख मन लावा, कै कवि कहि जग दाप नसावा॥
मोरा बुद्धि जहाँ लहु अही जहँ लहु सुझि कथा म कही।
हर हर बचन कहा अति रूखा दूषन कहँ सेराय न दूखा॥
जाकी बुद्धि होइ अधिकाई आन कथा एक कह बनाई।
कवितन्ह आगे दीन होइ बिनति करौं गहि पाय।
अच्छर टूट सँवारहु दोषन लिपहु छपाय॥ ३३॥
यह कलि स्याम रैन जनु आई, सोई पुरुष जो जागि बिहाई[3]।
जागतहूँ पुनि आहि बिचारा, बहुत भाँति जागे संसारा॥
जागै राउ राजसुख करई, सेवक जागि सदा चित धरई।
जागै चोर जो परधन चहा, बिरही जागि बिरहानल दहा॥

१—व्यवहार। रस्म। २—दोष। ३—व्यतीत किया।

जागै ज्वारी खेलत जूआ, काहु एक काहू मन दूआ।
जागहिं सिद्ध ध्यान धरि हीए, जागहिं दुखी दुखमन दीए॥
जागहिं पंडित पढ़त हरिबानी जागहिं बालक कहँ कहानी।
मँ अजान जग बाल सम आन न कछु सोहाय।
कहौं कहानी प्रेम की जेहि निसि जाय बिहाय॥३५॥

(२) कथा खंड।

आदि नगर नैपाल अनूपा, तहाँ राउ धरनीधर भूपा।
धन सो देश धन नगर सोहावा धन राजा जिन आनि बसावा॥
अति बलवंड न आई बखाना, भानु समान चहुँ खंड जाना।
मंडुकधद सब सेवा करहीं सेवा साँझ रैनि दिन हरहीं[१]॥
कटक असूझ[२] अनेक अपारा आव न लेखे सहस हजारा।
देस बहुत कछु अहे न थोरा गनत न आव हस्ति घा घोरा॥
आइ समुंद महँ खड्ग पखारा, अरि न रहा जो नरर सँभारा।
अनधन हम जो लच्छमी सैन अनक अपार।
एक दीप सतति बिना, राजभवन अँधियार॥ ३ ॥
सुन चिता राजा चित माहीं, राज काज मन भावै नाहीं।
दिन एक सबे बुलायो नेगी अज्ञा राज आय चल बेगी॥
सभा ओरि के मत बइठा कहत न मोहिं कछु अस्थिर डीठा।
यह जग जस पानी कर धावा[४], आ कछु गा सो बहुरि न आवा।
काल्हहिं यह तन होइहै छारा, काऊ नाउँ नहिं लेवनहारा॥
बीती रैनि भोर बिगसाना, कागारार आइ नियराना।
को गहि लकुटी पथ देखाइहि, को पिंडा दै पाछु पुराइहि॥
राज पाट धन देस सुख, सुत बिनु कौने काज।
अब सब लेहु राज तुम, लेतु अहौं शिवसाज[५]॥३६॥

१—नितांत है। २—जिसका आर छोर देख न पड़े। ३—अनध।
४—प्रवाह। ५—योग।

मत्रिन कहा सुनहु मति राजा राज पाट तुमही कहँ छाजा।
कौन सुनै अस का मति देई हस्ति क भार क गदहा लेई॥
औ तुम्ह काल्हि लेब सिवसाजू आजुहि हम छाडब यह राजू।
राज करहु प्रतिपालहु परजा, सेवत साइँ कौन तुम बरजा॥
तन सों भोग जाग मन सेती, बात इहै औ बातें जती।
औ यह दरब चहौ तुम्ह छाडा कोन सुफल औ छाडि अगाडा॥
दिन सब करहु राज सुख भोगू रैनि गुपुत साधहु तुम्ह जागू।

जेहि निमित्त धन दीजिये सो कीन्ही सब हालि।
सो ईच्छा विधि आपु निजु, वेगि पुरावे आनि॥ ३७॥

पूत निमित्त धरम अब कीजै धरमसाल कै भोजन दीजै।
दिय[1] बिना कछु काहु न पावा दिया आनि सब इच्छ पुरावा॥
दिया धरे तम करे न जोरा दिया हुतै घर मुसै न चारा।
एहि जग माँह सार यह दीआ जे न दिया ते अमिरथा जीआ॥
दिया हुते निसि आगे सूझा, दिया हुते पर आपन बूझा।
दिया हुते घर पाव सोभा, आइ पतग दीप पर लोभा॥
दीया बाजु मग जाइ न जोवा दिया हाइ ता परे खोरा॥

यह कलि स्याम विभावरी विकट पंथग्रह[2] साथ।
निजु भूले बनमाह सो, जिन न दिया कछु हाथ॥ ३८॥

सुनि कै राजा हिये सँभारा, लाग देइ तब खोलि भँडारा।
जो ईँछा कै मन कोइ आवा दीन्ह वोलाइ बार नहिँ लावा॥
औ जिन अह देश क दुखी, दीन्ह दान सब कीन्हेँ सुखी।
भूखा भोजन कापड माँगा, निसि बासर पावै बिनु माँगा॥
धरमसाल पुनि बार सवाँरा, जहाँ न कोऊ बरजन हारा।
पथी आइ तहाँ सुख पावहिँ भोजन मिलि निसि सोइ गँवावहिँ॥
जती सन्यासी जो कोउ आवे, सुनत नाउँ राजा उठि धावे।

१—उर्दू की प्रति में यह नहीं है। २—बटमार।

अपने[1] नगर बुलाइ के आन पखार पाय।
कर जोरे बिनती करे, आग्या सीस चढ़ाय ॥ ३९ ॥

एहि विधि बरष एक जो बीता रहा न काऊ जग महँ रीता।
कीरति दान चहूँ खंड गई पार समुद के चरचा भई ॥
दान निसान चहूँ खंड बाजा, करन कुबेरु बेलु बलि लाजा।
पुनि कैलास गई यह बाता, चली बात जहँ संकर माता ॥
गिरजी कहा सुनहु हो देवा, के नर कीन्ह ऐस जग सेवा।
धरनीधर नृप यहि संसारा सुन निमित्त सब दीन्ह भँडारा ॥
औ अस करै दान कर साजू चहे तो लेइ इंद्र कर राजू।
चलहु जाय तेहि देखिय कइस सत्त कस धर्म।
सत्त होइ सुत दीजिये नहिँ तो खोइए मर्म ॥ ४० ॥

(३) महादेव राउ।

करि दोऊ तपसी कर भेसू, चले भवानी और महेसू।
धरमसाल धरनी धर फेरा, संध्या आइ कीन्ह तहँ फेरा ॥
सुना राउ आये दुइ तपा[2] धाय आय बहु अस्तुति जपा।
लै जल पहिले पाँव पखारा दोउ कर जोरि बिनति अधारा ॥
जो इछा सो अछा होई, पुरवनहार विधाता सोई।
पूरब पुन्य आजु फल पावा जेहि तुम्हार विधि दरस देखावा ॥
यह सब ताकर जो जग राजा हौं सेवक सेवा कहँ छाजा।
अध धध मै सकल लिखि विधि मोहि दीन्ह अनेग।
जो इछा सो माँगिये, आनि पुरावौं वेग ॥ ४१ ॥
तपन्ह कहा तें धर्म सँगाता[3] सत हरिचन्द दान बलि जीता।
तोहि सरि पुहुमि न राजा दूजा, हम नित करहिँ सम्भु की पूजा ॥

१—अपन कर लोग लिये आप पखारे पाय—पाठा। २—तपस्वी।
३—स्वीकार किया।

महादेव हम परसन आहा पुरवत बगि इछ जो चाहा।
सेवा सुक्रत दख रिसाना पूजा पाती कबहुँ न माना॥
बहुत बिलाप कीन्ह तहि आगे सपने आइ कहा रिस त्यागे।
महि मडल धरनीधर राजा, धर्म रूप बिधि न उपराजा॥
ताकर माथ चढावहु आनी तब परसन भा इस भवानी।

आन हिच्छ¹ नाह दूसरी, देहु कलपि करि सीस।
हम परसन परसाद तुव होहँ भवानी ईस॥ ४२॥

राजा सुक्रत अचक भै रहा सोच गहा कछु उतर न कहा।
पुनि मन महँ अस कीन्ह गयानूँ जोगी जन मागी जिउ दानू॥
सनति आस जाय जिउ दीय धम नसाइ लाभ पुनि कीय।
सुत को जान धाइ किन पाइ, आनि बूझि क सत्य नसाइ॥
सत्य समान पूत जग नाहा, सत सों रहै नाउँ जग माहाँ।
केखि—पूत² एक देस बखाना सत्य पूत चारों खड जाना॥
निहचय सत्य अमर की मूरी प्रगट दखिय हरिचंद पूरी।

आजु पुरावौं इच्छ कह, जग आनै यह भेउ।
आजु देउँ सिर कलपि कै जो जाचा जग देउ॥ ४३॥

तब नृप गाव घाल करगहीं³, आगे आइ बात तब कही।
इहवाँ कलपि देउँ जौ माथा, रकत लुखाइ न मान नाथा॥
चलहु गोसाइँ गाँव गहि डोरी, देवस्थान दिउ जह पूरी।
तहहिं कलपि सिर रकत बहावौं होछा सहित दरस अन्हवावौं॥
मकु परसन होइ इछ भवानी, इछ तुम्हारि पुरावहु आनी।
चल्हु बगि नाहिँ बिलम्बहु देवा होउ सनाथ आजु पद सेवा॥
तब हँसि गिरिजा हरि मुख हेरा कहसि सुमेर सत पहि करा।

पहिक सत्त अस धुव अचल तुम पति सारगपान।
परसन होवहु इछ पहि बगि पुरावहु आन॥ ४४॥

१—इच्छा। २—औरस पुत्र। ३—प्रगह पगहा।

तत्खन परसन भए महेसू परगट कीन्ह सबै निजु भेसू।
सुरसरि सीस कपालिधि माथे फनपति ग्रीव बसह कर नाथे।
चहुँ दिस जुथ्य जटा छहरानी आठहुँ अंग भसम लपटानी।
रुंड माल गल डमरू हाथा औ पुनि सिखर सुता धनि साथा॥
कुस्टी अंग कंठ विष बाढ़ लोचन तीनि दुरदतुचा[3] काढ़े।
लोचन मध्य अगिनि अंगारा, जाहि ते मदन भसम सम जारा॥
आक पात पुनि मुखहिं चबाहीं बाउर जानि धतूरा खाहीं।

सिद्ध पुरुष पहिचानि कै परा पाउ सो राइ।
दयावन्त होइ साल गहि सकर लीन्ह उठाइ॥ ४५॥

हर हँसि कहा सुनहु अब राजा भयो तोर दोउ जग कर काजा।
पुहुमी राज पाट सुख गाता सरग मुकुति तोहि दीन्ह विधाता॥
सत्त तोर जस अचल पहारा सत्त भयो ताहि सुत देनिहारा।
जो विधि यह सब सृष्टि सँवारी, सुखी दुखी जग ईस भिखारी॥
तेहि के देत न थकौ खागा, मैं तोहि लागि पूत अब माँगा।
देखु देत हौं आपन अंसा अब तोरे ह्वैहैं निजु बंसा॥
जोगी अस जो जग मातरई दिन दस साज जोगि कर करई।

पुनि पुत संतति लच्छमी, राज पाट सुख भोग।
अब जिय रहस अनंद कह, जनै मानसि कछु सोग[4]॥ ४६॥

दै असीस तत्खन अस जानी भए अलोप महेस भवानी।
राजा रहा अचक तहँ खरा जैसे पहरु काहू जहँ हरा॥
कहेसि कि निहचै यहि जग माहीं मोहि अस आन अभागा नाहीं।
विधिना नग अमोल हुत दीन्हा दुष्ट हिये मैं रतन न चीन्हा॥
अब जो रतन हाथ कर खोवा, काजौं सम्भु माल पर दीवा[7]?।

१—तत्खण = उसी समय। २—पार्वती। ३—द्विरद त्वच् = हाथी का चर्म।
४—कमी है।५—शोक दुख। ६—रतन। ७—शिव शिव कह माला दुहना व्यर्थ है।

सेवा सभु हिये चैं लागी दीपक ग्यान उठा तब जागी ॥
सकर यह चेटक देखरावा, गुरु दिह हिय ग्यान जतावा।

जैसें भए सनाथ हम, हत जो दो चख नाहि।
रहि मूरख यह आइ जग, ऐसे जानि निबाहि ॥ ४७॥

हिरदै (क) भवन घरी दुइ जारा दीपक ग्यान की ह उजियारा।
पुनि जो माया पौन झकोरा बुझा दीप मिट गया अँजोरा॥
राज पाट घर बार सँभारा, करे लाग जस सपन बिचारा।
जैसे नर मिस्तक के दखे यह ससार न जाने लखे।
हीय सुमन ध्यान धरि रहिय, मुख तज ग्यान आन नहि कहिय॥
जबहीं भोजन पेट समाना, कहाँ के ध्यान कहाँ कर ग्याना।
मानुस सिर ओंधीओपरी, ले कर निकसे तहाँ आ परी॥

पेम हुतासन दीप कर घरी सुबुन्द्ह दै बारि।
जा जग बधे हाइ एहि जोत सकै नहिं टारि ॥ ४८॥

---

(४) जन्म खड।

सिव असीस विधि भयो मयारा, धरनीधर घर सुत औतारा।
निहकलक ससि परगट भयऊ, सगरे कुल अँजोर भे गयऊ।
निसि अँधियार सुर जनु भेंटा निमिष माँहि सब दुख दर मेटा।
भागी राति भयो औतारा, तहनिह रवा मगलाचारा॥
पँडितन्ह बठि नषत करि साखी उदै विचार लगन गनि राखी।
ब्रत पच्छ पुनवसु गुरु वारा मिथुना लगन सभु औतारा।
राजा हिय रहस अस जागा, टूटे बद फाटिगा भागा¹।

(क) यहा से ४८ दोहा तक हिन्दी प्रति में नहा है।

१—भागा।

सुत सुनि राजा मन भयो रोम रोम सनोष।
रानी रहसी[1] देखि मुख भई सँपूरन काष॥ ४९॥

भोर हात आए जानषा पटा गरह कढ़ली लिषी।
मिथुना लगन भसु बीनीसो उदै पुनर्वसु अति सुभ दीसी॥
तिसरे सुजें चद्रमा नर्यें, दुसर बुद्ध सुक्र मॅग हर्यें॥
सनमुख सूर सला पुनि देखा चा र चरन सतभिषा सरखा।
राहु जनम दसर्यें पुनि सनी जिउ[2] एगारएँ आसौं धनी॥
भौम एगरहे पुनि सुख देखा, सम्पति हन बिकट गढ़ लेखा।
राहु कतु दोऊ अपने ऊँचा सील छत्र गए सर्ग पहूँचा॥

मनि माथे हरदै नषन गनि गुनि कीन्ह बखान।
होडा चक्र निचारि कै राखो नाउ सुजान॥ ५०॥

कुम्भ रासि धन नाउ सुहावा, जनम पत्र लिखि बाँचि सुनावा।
आयू सा बरषन्ह अधिकाई बिरध होइ तरवाँ रहुँ पाई॥
पुहमी होइ छत्रपति राजा, पार दान कर बाजन बाजा।
सुदर त्रिया लागि दुख सहई, जोग पथ पुनि दिन दस गहई॥
प्रेम करावे अगम भेसा निरह फिराव देस बिदेसा॥
पर भुइँ जाइ खग पुनि करई छत्री आनि छत्र सिर धरई।
आ जेहि लागि सहे दुख जता, तेन्ह मिलि पुनि मानै सुख तैता॥

तेहि पाछे पुनि जनम भइ सुत सपति सुख देखि।
राज पाट पुहमी अचल, अस कहु लगन बिसेखि॥ ५१॥

छठीं राति बाजन गह गहे, बाजे आ सब गाजन रहे।
पुरपह इद्रसभा जनु सारा तरुनिह गाइ कीह भिनुसारा॥
भीर भए होइ लागि बधाई छत्तिस पौनि दीह पहिराई।
नृप कर कुस पानी जब लीन्हा दछिना सकल बिप्र कहँ दीन्हा॥
गाय सोन मुँदरी नग जरी, पाटबर जरकसा पाँवरी॥

१—आनंदि हुइ। २—बृहस्पति।

भाटन दै तुरग पहिराये भाटिनी पहिरे नीति सुहाये।
भार भिखारी जते आए इच्छा पूरि सबै पहिराए॥

सोन रूप नग गाइ भुइँ पाटबर गज घार।
राजा खोलि भँडार सब, देत न लाग भोर॥ ५२॥

बरहेँ दिन सब कुटुँब जेँवावा घर घरहीँ ते नेवति पठावा।
अमिरित पाच रसोँइ सामी सुननेहि नाउँ भूख तिन भागी॥
देव देस जहि घर न होई, का बरनौ तेहि राज रसोई।
जहि अस भाएउ गाँधा कोरा नेगिहु देत न लागउ भोरा॥
अपने छीर माइ सुत पाया अपने हिय लाइ सनोबा।
निसि दिन हिये लाए सुख लहही चारि नैन मुख लागे रहही॥
प्रथमहिँ जैस पियाइअ छोरा तस भाव पुनि देइ सरीरा।

और न दूध पियाइये पडे छाव[1] सो ततु[2]।
तेहि कारन बुधिवन नर प्यावहिँ छीर सुनतु॥ ५३॥

रहहिँ हितू सब कोरा लीएँ, माथे स्याम चाखँडा दीएँ।
दूध छाडि बेगहि भा ठाढा, दिन दिन लाग करइ जिमि बाढा॥
देखि सबै कोइ पूछे धाई, लागी तोतरि बात सोहाई।
पाँच बरिस का भया कुमारा बुद्धि बचन सब मुख उच्चारा॥
तब विद्याधर पँडित हकारा, आवा अस सुर गुरु मनियारा[5]।
मानिक रतन थार एक भरा राजा गुर के आगे धरा॥
गहि भुज कुअँर पाय तर मेला, कहसि कि तुम गुरु पद तुव चेला।

जहँ लहुँ विद्या तुम्ह पहँ औ जिय भा सनाप।
आपन सुत सम जानि के देत न लाएहु भोप[6]॥ ५४॥

पडित रहसी आसिष दीन्हा अस्या राज परछि सिर लीन्हा।
अस चित लाइ गुरु समुझावा थोरे दिवस गुन हिरदै छावा॥

१—शावक = बालक। २—स्वभाव। ३—खरा। ४—कलभ = हाथी का बच्चा। ५—प्रकाशमान, विद्वान। ६—क्षाम। भ्रम। सकाच।

अमरकोश ब्याकरन बखाना जोग वैद्यकन्हि कै सब आना ॥
पिंगल रघु दारघ दिढनासी, कटहि माँभ छंद चौरासी।
पढी सँगीत ताल देखरावा एक सुर महँ दस राग सुनावा ॥
जोतिष महँ कोइ बाद न आटा एक पल सहस बार कै बाटा।
अस भुगोल बखानि सुनावा पल महँ मनु पुहुमी फिरि आवा ॥

पढि गुनि चौदह बरप लघु दस औ चारि लिधान।
निपुन दुसा दस भाय महँ सब पढि गदु सुजान ॥ ५६ ॥

सश करन पुनि भा बरिआरा थोरहि दिन महँ मल्ल पछारा।
ब्याम[१] करन पुहमा आ हली पीठि न लाइ सकै कोउ बली ॥
फरी दाँड गुन अस ओहि आवा, खेलत पाव पुहुमि नहि नावा।
धनुष बान गह दुसर न कोई सबदबेधि कहिए ▪ सोई ॥
तमकि तुरै[२] जब होइ असवारा अस्तु अस्तु सब कोई पुकारा।
कैसउ कहर तुरै करारा कोरा सूत बाँधि मुह फेरा ॥
अस अहर कह मन चित बाँधा निसिदिन रहहि पारधी[३] राधा[४]।

पहिलें पारधि जाई बन घात करै चहुँ फर।
सपरि कुँअर तब कटक लै खेलै आइ अहेर ॥ ५७ ॥

दिन एक पारधि आय सवेरा, कहेसि कुँअर है घात अहेरा।
सुनतहि कुँअर भयउ असवारा चला कटक पुनि सग खभारा[५] ॥
औ जते गयद पुनि आये, जाते निमने सबै चलाये।
गाडिन्ह गाडिन्ह चीत चले, बहुत सेयाहगोस महँ रले ॥
किये डोर सब सोनहा[६] ताजी, अल अल गुरजी भार सिराजी।
तिन्ह सौं हरिन जाइ कहँ पाव, पौनहुँ चाहि आ आगे धावै ॥
औ सब सग पारधी लीन्ह, जो बघमार सो आगे कीन्हे।

१—ब्यायाम = कसरत। २—तुरग = घोड़ा। ३—शिकार का पता लगाने वाला। ४—आराधा = बुलाया हुआ = हाजिर। ५—अधिक। ६—श्वान = कुत्ता।

कुअर कटक सब जुरि चले जहँ लैउ राउत रान।
सुनि सुनि पुहुमीपति डर कायर राउ रिसान ॥ ५८ ॥

देखि कटक सब सावज डरे, कुसल जानि तेहि ऱगे पन।
भखे भाख रोभ पछताने, विधि हम एहि बन काहे आने ॥
देखि देखि चानन्ह की धारा मानहिं हरिन आपनो हारा ॥
धाइ धाइ जस खेती चरी अब तसही भलि चाकरी ॥
गैंडा सघे भए सत—छाडे नहि निकास तेहि चहले' गाडे।
जूथन्ह खडे जहाँ तहँ हरना भारहिं सीस जानि निजु मरना ॥
बीहनि थठ खरहा लोवा चहुँ दिसि जनुक फिरि फिरि रोवा।

परा सोग सावज घरहिं, काग गीध कर नाच।
कानन परलाे' आजु हे, सावज नाउँ न बाच ॥ ५९ ॥

कुअँर कहा यह कानन साईं जहि कर मरम न जानइ कोई।
हम अस बहुत खेलारी भए, इहवहिं आइ खेलि सब गए ॥
जो कर जियत सिह मुख मेला आइ अहर सो एहि बन खेला।
खले जान होउ सो आगे नाहिं ता आगहु पाछ लागे ॥
अगुरा कहे करहु पै सोइ, खेलि गए पछताव न होइ ॥
अस के घरहु जान न पाव, मारहु सोई घात जहि आव।
बैठहु मूल बान जो मारा। आर तरे जा करहु पुकारा।
आवहि सावज घात अब, मारहु खाँड पछारि' ।
चवरि' जो आगे हे चल, छाडहु सोनहा भारि ॥ ६० ॥

सावज घरि लिए चहुँ ओरी चीता सोनहा दीन्ह छोरी।
चीतन्ह रोभ मृगा बहु मारे, सोनहा बहुत बराह पछारे ॥
चारिहुँ आर बान तब छूटे, गैंडन्ह पीठ फेंकि फूट फूट।
कहुँ महिष लोटहिं बिष मारा, कहुँ रोभ डारहिं खुरधरा' ॥

१—कीच, पंक। २—प्रलय, नाश। ३—प्रचारि कर—ताल कर।
४—शिकारगाह। आखेट स्थल। ५—सात। ६—खुरहर—खुर का चिह्न।

चीनन्ह गोन अनेकन्ह मारे ससा लोम[1] बहु गनत न पार।
बहुत खडग परतीत के साधा, मारँ महिष होइ दुइ आधा॥
कीन्ह अहर कुँअर मन माना पहर एक भा गीध मसाना।

पुनि ते राखे विलग कै, भूजि कटक जत खाइ।
घोर पठाइन्ह नग्र कहँ हस्तिन्ह पाति भराइ॥ ६१॥

पहर (क) बिसार आन कहँ हेरा, लागे खेले पंछि अहेरा।
अस कै जोहँ दिस जाल पसारा पछी नाउँ न निसरै पारा॥
परी परेवा चातक मोरा बाज न तीतर साँवर गोरा।
धरँ बटेर बडे औ छोटे मान बिचार दूबरे मोटे॥
खाबर लावा घरे पर आल माहँ परगट सब धरे।
चैर बगेर कदरू आवा व्याज न छाडै एक न छावा॥
आये सरग जब चरिचरि चारा, यह दिन कठिन न काहु बिचारा।

तब ओ चरे निचिंत होइ, परी सोइ अब काँध।
समुभि हिये रोए सबै छोरि चले गुन गाँध॥ ६२॥

आधे विक्रम दुपहरी बेरा भा अति तेज तेज रवि करा।
बैठे जाइ तपत क छाहीँ, छाने खोल पवन सब खाहीँ॥
सेवकन्ह मास भूँजि के कहा, आपन मीठ मोछ कर गहा।
हँसि हँसि करहिँ अहेर बखाना, नैना हिएँ ■ होवे छाना॥
आपन सुभ न सकी उपराजा[2], कैसेँ आरि आन कर बजा[3]।
कटव आय सभानक माहा मार कों न बिसारा काहीँ।
जा कहँ बधहिँ देहिँ तेहि छाना, आन क जीव आप अस जाना॥

काटहिँ आइ रूख सब, देहिँ अगिन सुलगाइ।
पाय पराई खोपरी, जानहिँ भुस मँ जाइ॥ ६३॥

१—लोमश। (क) यहा से ६५ दोहे तक हिन्दी का प्रति म नहा है।
२—उत्पन करना, सपादन करना। ३—ठीक।

बैठा कुअर सिंह अस गूँजा हाथ जहाँ तहँ होइ मँसभूजा।
भूजहिँ माँस जीभ रस लाहू आपन मास न सूझ काहू॥
भूजत चुअ सरागन पानी राज माँस हि अस जानी।
हम खर खास तिनन जो सोइ पहिलेँ गात सराग पराइ॥
फिरि फिरि जारहि छाडहिँ नाहीँ होइहि कहा माँस जो खाहीँ।
जस हम इन कहँ दारुन आना इनहूँ पर दारुन है आना॥
देखि देखि मारो रन माखे[1] खुली निगाह भइ के आँख।

मास खाइ जल अँचवहि आ चितवहि पुनि ओर।
कहन्ह आज दिन लेख मँह काहि न सूझे ठोर॥ ६४॥

रुखन छाह जो पाएँ सीना पहर एक पुनि नहँनहि बीता।
कहूँ जागि कहुँ सोइ गवावा चोथहि पहर सीनर[2] आवा॥
राज निसानहि डंका लागा सोवन लोग सब सुनि जागा।
कुँअर तुरंग भयो असवारा, कटक चहूँ दिसि परी पुकारा।
जागत अहा सग उठ लागा सोवत पाछेँ परा अभागा॥
हल बल जाहिँ न तुरी थिलाने का होई अब के पछताने।
कोऊ मिले बीच मिल जाई बहुत बाच पुनि पर भुलाइ॥

पथी भोजन पेट भर, छाँह सुहाई पाय।
होइ निचिन्त औ सोए सो पाछ पछताय॥ ६५॥

आधे पथ पहुँचे आई, उठी बाउ आँधी पछुआई।
स्याम घटा आँधी अधिकाइ, भया अँधेर सरग छिति छाई॥
ऊबट बाट जाइ नहिँ बूझा निअरहिँ दूसर जाइ न सूझा।
परी धूरि लोचन मुख माहीँ दुहु कर बदन छिपाए जाहीं॥
तब सब मन गुन भए अवाके, सनमुख तुर नग्र कह हाँक।

१—मि बकरी पाती खात है ताकी काढ़ी खाल।
जो नर बकरी खात है तिनकी कवन हवाल॥ (कबीर)

२—मध्य, बीच। ३—शतपता। ४—शीघ्रगामी।

विधि परसाद कुँअर एक मरा, बाँव पथ तजि दाहिन परा।
अगुआ भयो करम की डाठी, जस कोइ गहे अंध की लाठी॥
लै पहुँचायो कोस दस, जहँ गिरि विषम उजारि।
घरी चार निसि बात पुनि भया नपत उजियार॥ ६६॥

गयो अँधेर दृष्टि भइ आना, कुँअर देवपर्वत पहिचाना।
कहसि कि यह पर्वत अहँ देऊ, नगर लोग सब मानहिँ सेऊ॥
नगर दूरि मैं नियरे गाऊँ थाका तुरु कहाँ अब जाऊँ।
पवत हेठ अहा देवहरा रहौं नहा निसि औ एकसरा॥
कुँअर मढी महँ धस्यो जाई बाँधा तुरु डार तरु लाई।
सग न कोई दुखी चितगहा आई नींद सोई तहँ रहा॥
भूख न माने लावन सेती नींद न माने सौरि[1] सपेती[2]।
नींद न आवै नैन जेहि सेज कुसुम भरि नित।
थेल परे सुपुहुमि महँ, सोव परा निचित॥ ६७॥

(५) देवखंड।

देवहि मन महँ परा विचारा रहौं आजु एहि के रखवारा।
मोरि सरन सोएउ एहि ठाऊँ, औ छति[4] होइ तो कुलहि लजाऊँ॥
इहा गयद सिंह बन माहीं मानुषखवा बहुत पसु आहीं।
भीतर कुँअर नींद चित लागा बाहर देव बार गहि जागा॥
एहि असर जो पहर एक बीता, आवा देव देव कर मीता।
भयो हुलास देखि जिय भारी, दुनहुँ मीन भई अँकवारी॥
कहसि कि बहुत दिवस पर आए, आजु कहा तुम चरन दिखाए।
कहसि कहत बिछुरन कथा सूल उठत सब गात।
और सुनहु चित कान दै एक अपूरब बात॥ ६८॥

१—श्याम = रात्रि। २—सफ़ेदी = दिन। ३—अवसर। ४—छति = हानि।

गाइ गुनिन पुनि राग सुनाए, वरतमान जस कलि महँ आए।
भैरा कोसिक मेघमलारा, हिंडोला दीपक उजियारा॥
सिरीराग रागन्ह कर साईं पुनि तिन्ह की रागिनी सुनाई।
एह मत राग सब काउ जाना, तातें मैं नहिँ कीन्ह बखाना॥
हनुमँत मत जो राग बखाना जे संगीत पन्थ ते जाना।
भैरा पंचम मेघ मलारा, नट गौरा मालवा सुधारा॥
पारबती मत जो कोउ गावा छवो राग एहि भाँति सुनावा।

सिरी राग भैरा कहा को पुनि कहा बसंत।
पंचम मेघमलार पुनि, ~टनारायन मत ॥ ७४ ॥

सिरी राग की रागिनि अहीँ, कहौं बनाइ जो गिरिजा कहीं।
गौरी मधुमाधवी कदारी, तरिवन को मालश्री बिहारी॥
भैरो की रागिनि भैरोई पारबती अपने मन जाई।
रब बंगाली औ गूजरी पुनि गाए बहु ले गुन करी॥
देसी देवगिरी बैराटी, पुनि बसंत कह आ तिम्र बाटी॥
पुनि टोडा हिंडोलहि गाई, भोरहिँ गाई ललित सोहाइ॥
पंचम कहँ बिभास भूपाली बडहीसो करनाटी माली॥

पंचम की पुनि रागिनी, पंचम के सँग गाइ।
मेघ राग की रागिनी, अब सुनु कहौं बनाइ॥ ७ ॥

गंधारी सोरठ मल्लारी, सादेरा पुनि हरिसिंगारा।
तब छहे कोसिकी सोहाई, विविधि भाँति क गुनियन गाई॥
पुनि नटकी रागिनी बखानो, नटिका कामोदी कल्यानी।
नट हम्मीर अहीरी गाइ, सारंगी पुनि गाइ सुनाई॥
तीनि ग्राम गाइनि सुर बरना, ऊडौ खाडो सरल सँपुरना।
खरज रिषब गंधार सोहावा चौथँ सुर मध्यम पुनि गावा॥
पंचम धैवत औ‍र निषाधा सोई गुनी साती सुर साधा।

... एकडमी ...
२०४४
पुस्तकालय
इलाहाबाद

अस कुछु सभा सिगार भा ओ पुनि राग बखान।
इन्द्रहि कहुँ सुनि चपे, सुरपति देखि रुजान ॥ ७६ ॥

नाचहिं पेरिन्ह मन उपराहीं गहँ पान जनु अंतरिख जाहीं।
जहि गति चलहिं तेहि मन[1] हरहीं, मानहुँ पाइ पुहुमि नहिं धरहीं ॥
नैनन्ह रूप श्रवन धुनि रागा सबको मन पायन्ह रह लागा।
पाय लागि मन रहे न पावे दै दै ताल पाय भहरावै ॥
सगर रैन रहस सुख लीन्हा अगनित दान मोतिनग दीन्हा।
उकसा[2] नाच भयो भिनुसारा भया दिवस सब भा जेवनारा ॥
जवन अधिक अबूझ रसाई पर आपन जनै सब कोई।

जेस रात बाती सभा, आजु तस पुनि साज।
मैं आयउँ तोहि लेन कहँ, चलहु छाड़ि सब काज ॥ ७७ ॥

तहाँ मात एक प्रान पियारा आनन भार यहि ससारा।
मातहि होई मात की चिंता, चारि भाँति उन कहिय मिता ॥
नैन मीत एक जग आया नैन देखि के मीत कहावा।
मुख फेरत भा और लेखा, गयो भूलि जनु सपना देखा ॥
इच्छा मीत होइ एक दूजा, ता लहु मीत इच्छ जब पूजा।
होछा पूजी गई मिताई बहुरि बार नहिं झाँके आई ॥
थैन मात धन रस रसा, थैनहि लागि रहै मन बसा।

प्रान मात यहि कहिन है, पर न सकै निरवाहि।
सो दुख आने आप जिय, जा महँ सुख हो ताहि ॥ ७८ ॥

मैं निसि तहा बहुत सुख पावा, कहौ कहा कछु कहत न आवा।
अब जो तोहि होइ सुख देखें, मोरे सुख आवे तब लेखें ॥
उठु चलु बेगि होत है बारा रूप नगर बहु सुख देनिहारा।
सुनि यह कथा देव अकुलाना जनु हिय लागु प्रेम कर बाना ॥

१—छाछा, दूध का प्रधान गधान। २—मान = मर्यादा, वश। ३—उदय हुआ, छिपा।

कहसि कि सुनु ए मित पियारे दुखी प्रान कहँ सुख देनिहारे ।
सुनि अमिरित यह बात अनूपा मन लागेउ चित्रावलि रूपा ॥
पै एक लाज काज हौं गहा उठि नहिं सकौं अचक मन रहा ।

महाराज नेपाल पति, धरनीधर जग जान ।
तेहि कर सुत कुलदीप इक सूर सुबुद्धि सुजान ॥ ७९ ॥

सो पुनि उहै एक सुत आवा, सोइ बहु सेवा के जेहि पावा ।
बहुत पुन्य औ बहु तप कीन्हा, महादेव परसन होय दीन्हा ॥
आजु सो एहि बन करन अहेरा, परा भूलि जब भया अँधेरा ।
एकसर आइ मढ़ी महँ सोवा ढूँढत फिरहिं रतन जनु खोवा ॥
एक (क) एकसरि औ रैनि अँधारी, हौं तेहि बैठि अहौं रखवारी ॥
एहि बन बहुत अनु सुख खोधा, औ त्रिग खाँहि जो मानुष छावा[१] ॥
तेहि कारन तजि सकौं न ठाऊँ जनि नसाइ धरनीधर नाऊँ ।

मात पिता दोऊ मरहिं, सुनि कलप सब कोइ ।
हम तन पुनि हत्या चढ़े, जेहि के सरन सो सोइ ॥ ८० ॥

बोला मित्र बचन सुनु मोरा, इह सस जिय मानहु थोरा ।
एहि पुनि तहाँ संग लै जाहीं, अस लै चलहिं जो जानै नाहीं ॥
चित्रावलि की है चितसारी बारी माँहि विचित्र सवारी ।
एहि लै जाइ सो राखब तहाँ, हम तें देखब कौतुक उहाँ ॥
देखि कुँअरि औ देखि अखारा, लै आउब होतहि भिनुसारा ।
सुनि मन रहसा देव सयाना जनु तम गए कँवल बिगसाना ॥
सोवत कुँअरहि लीन्ह उठाई निमिष माँह तहँ पहुँचे जाइ ।

चित्र सार मँह कुँअर तजि जहाँ न दूसर कोइ ।
आपु सिधार नगर महँ (ख), जहा सो कौतुक होइ ॥ ८१ ॥

(क) यह अकसर औ निसि अँधियारी—पाठ ।

१—शावक = बच्चा ।

(ख) कहू—पाठ ।

(६) चित्रदर्शन खंड ।

वे भूले तेहि कौतुक जाइ, इहाँ कुँअर जागा अँगिराई ।
नैन उघारि देखि चितसारी रहा अचक उठि बैठ सँभारी ॥
देखा मँदिर एक बहु भाँती चित्र सँवार पाँतिन्ह पाँती ।
कनक खंभ औ कनक कवारा लागे रतन करहिं उँजियारा ॥
ऊपर छात अनूप सँवार करि कटाव सब कंचन ढारे ।
कीन्ह उरेह सूर ससि जाती और नखत सब मानिक माती ॥
हठ अपूरब डासन डासा, जहँ तहँ आउ सुगँध की बासा ॥

भयो कुँअर चित अचक[1] एक, मनहीं माँहि गुनाउ[2] ।
काकर लोन मँदिर यह कौ मोहि को लै आउ ॥ ८२ ॥

बहुरि कुँअर जो पाछे देखा अपुरुब रूप चित्र एक पेखा ।
जानि सजीउ जीउ भरमाना, भया ठाढ़ उठि कुँअर सुजाना ॥
देखि रूप मुख परचै खरा, बिधि यह चुरइल के अपछरा ।
किए सिंगार संग नहिं कोई, धरे भेष भावन है सोई ॥
अंग न होइ मानुष अस रूपा, को पाव अस रूप सरूपा ।
निहचै अहाँ सरग पर आवा, सुरकन्या औ विधि मेरावा ॥
निहचै एह सुरपति अपछरा, देखत और चित्त जिन हरा ।

हो तो मंडप दुज क, सोवा अहा सुभाउँ ।
होइ परसन कोउ देवता लै आवा एहि ठाउँ ॥ ८३ ॥

भया भाग्य मम दाहिन आजू जेहि बिधि दीन्ह आनि यह साजू ।
क यहि जनम पुन्य कछु कीन्हा तेहि परसाद दरस इन्ह दीन्हा ॥
कै बेनी सिर करवट सारा कै कासी तन तप महँ जारा ।
कै मथुरा बसि हरि जस गावा, ताहि पुन्य यह दरसन पावा ॥

१—अचम्भा । २—शोच । चिन्ता । ३—चकित हुआ ।

कै काहु की इछा पूरी, बल बैसाउ[1] कीन्ह दुख दूरी।
कै सुदिष्ट अपने बिधि देखा आनि देख वर रूप सुरेखा॥
सुनत अहा कबिलास सोहावा, (क)सो बिधि मोहिं आन देखरावा।

मन रहसहि चितै चितहि रहा मौन होइ भूप।
रसना भरम न बोलई लोयन[2] भूले रूप॥ ८८॥

छिन एक गुनि मन महँ बहु भाखा पुनि ढाढस कै आगें आवा।
नियरे होइ जो बदन निहारा रह निहारि मीन जिमि तारा॥
अब जानेसि यह चित्र अनूपा हरयो चित्र लखि बदन सरूपा।
नैन लगाय रहउ मुख बौरा[3] चित्र चाँद भा कुँअर चकोरा।
सुधि बिसरी बुधि रही न हीये, गा बौराइ प्रेम मद पीये॥
कबहुँ सीस पाइ तर धरही, कबहुँ ठाढ होइ बिनती करई।
कबहुँ चाहै अचल गहा, हाथ न आव अचक मन रहा॥

कबहुँ परे अचेत भुइँ कबहुँ होइ सचेत।
रूप अपार हिएँ समुझि, मुख जोख करि हेत॥ ८५॥

निरखत जोति नैन जौ पाई परी डीठ आला पर जाई।
देखा आहि लिखे कर साजू जाते होइ चित्र कर काजू॥
साँवर अरुन पीत औ हरा, जो रँग चाहिय सो सब धरा।
कहसि बिचारि बूझि मन माहीं, काल्हि आजु अस होइ कि नाहीं॥
आपन चित्र लिखौं एहि ठाऊँ, मुकुरहिं जाति जोति कछु पाऊँ।
आपनि जोति सूर उँजियारा, सूर कि जोति चंद मनियारा॥
हिएँ बिचारि चित्र तब लिखा, वहि क चरन तर आपन सिखा।

साजि सो मूरति आपनी ले सब रँग वहि केर।
कै सुजान सो जानई कै सुजान यह फेर॥ ८६॥

१—व्यवसाय। (क) सुर कन्या भौ दीख मराथा—पाठा। २—लोचन। आख। ३—बउरा। गूँगा।

चित्र लिखा पूत्री पुनि घरी निद्रा आइ कुँअर चखु भरी।
कुँअरक चाहन पलक न लावा बरबस बैरिन नींद सोआवा॥
इहे नींद आसौं धन खोवा इहै नींद जो करै बिछोवा।
इहै नींद मगु चलै न देई इहे नींद सरबस हरि लेई॥
इहै नींद जेहिं नैन समानो, पलकन्ह भीतर दृष्टि समानी।
जो जग माहँ नींद बस होई, रहै बीच मग सरबस खोई॥
जे यहि नींद आपु बस कीन्हे इहै नींद तेहि नौ निधि दीन्हें।

मान गवाए सोई सब, जो सपति हुति साथ।
अजहू जागु न घर बसे, भकुरे है कछु हाथ॥ ८७॥

देखन्ह कौतुक अति जिय भाया, चित्रिनि दरस अमर भइ काया।
होत भोर अदित परगासा, उठी सभा औ नाँच उडासा।
चित्रावलि कहँ निद्रा आई, ले पलग पर सखिन सोआई॥
औ जहँ तहँ सब सोवन लागीं सगरी रैनि अही सुख जागीं।
देवन्ह कहा होत है बारा चित्रसारि जनु कोऊ उधारा॥
चलहु कुँअर लै चलहि सवेरा, मगु कोइ आइ मढी मँह हेरा।
एहि न पाउ औ तुरै जो पावा, जानइ कुँअर जनु कोउ खाया॥

जन पुरजन माता पिता, अहँ लहु हित सुनि पाउ।
मरिहाहँ छाती फाटि सब तब कछु हाथ न आउ॥ ८८॥

पुनि देउ एक सग चितसारी आइ उघारेन्हि पौरि क बारी।
सोवत कुँअर आन तहँ पावा, लीन्ह उठाइ बार नहिँ लावा॥
निमिष माँह लै मढी उतारा, गए छाडि सोवत दुख मारा।
सूरुज किरन जब कुँअरहि लागी, करवट लेत उठा तब जागी॥
देखै कहा चहूँ दिसि हेरी भई आनि रचना बिधि केरी।

१—मूढ़, अज्ञानी।

ना वह(क)मँदिर नहिँ कबिलासु, ना वह चित्र न वह सुख वासू ॥
सपन जान चित उठा मरोहू¹, औटि करज पानि भा लोहू।

पुनि जो निहारे आपु तन, चिन्ह आह सो सग।
वस्तर औ कर पर वही, लिखत लाग जो रग ॥ ८९ ॥

षन एक कुँअर अचक मन रहा, कौतुक सपना जाइ न कहा।
पुनि जो बिरह लहरि तन आई, थोभि न(ख) सकेउ गिरेउ मुरझाई ॥
दोउ नेनन जनु समुँद अपारा, उमँडि चले राखै का पारा।
फारै भँगा औ लोटे परा वधुन कोऊ हाथ को धरा ॥
भरि गै खेह सीस औ देहा सेवक नाहिँ जो झारै खेहा।
सग न कोऊ हितू पियारा, को उठाइ बैठाइ सँभारा ॥
षिन चेतै षिन होइ बेसभारा², घरी घरी सिर भुइँ दइ मारा।

बिरह दहनि कोउ किमि कहै, रसना कहि जरि जाइ।
सोइ हिय माँहिँ सँभारै जहि तन लागै आइ ॥ ९० ॥

कटक जो आइ नगर नियराना, देखिन्ह सग न कुँअर सुजाना।
यह यो कहँ वह यो कहँ पूँछा कटक जानु बिनु जिउ तन छूँछा ॥
सब मिलि कहा कुँअर जो नाहीँ, राजा पास काह ल जाहीँ।
पूछत उतर देब हम काहा, छूँछ लजाइ रहब मुँह चाहा ॥
जहिँ बिनु तब जाइहि मुँह गोवा कसन अबहिँ जो खोजिअ खोवा।
सोवत जानु सबै सुनि जागे आपु आपु कहँ ढूँढन लागे ॥
जल जल थल थल मेह पहारा एक एक तरु तर सा सा बारा।

स्याम रन बिनु पथ पुनि, अगुवा सग न कोइ।
दूरि दूरि सब धावहिँ नियर जाहिँ नहि कोइ ॥ ९१ ॥

(क) यह मदिर ना वह कैलासू—पाठा । (ख) कम्पत गिरेउ भूमि मुरझाय—पाठा ।

१—मरोर = मसोस। २—सभारहीन = बेहोश।

३—फा गायाई = वाचालता।

खोजत खोजि कटक सब हारा बीती रैनि भयो भिनुसारा।
सूरज उदै पथ तब सूझा, भयो दिवस पर आपन बूझा॥
बाजी चरन खोज पुनि पाए खोजत खोज मढ़ी महँ आए।
देखाहँ कुँअर परा बिकरारा हाथ पाँव सिर कछु न सँभारा॥
ऊभ[1] उसास लेइ धै रावा, देखत सैन प्रान जुन खोवा।
खेह भारि ले बैसे फारा, रोव कटक देखि मुख भोरा॥
पूछे बातन उतर न देई छिन छिन ऊभ साँस पै लेई।

अरुन बदन पिराइ गा, रुहिर[2] सूखि गा गात।
रहा भापि लोयन दोऊ, कहै न पूछे बात॥ ९२॥

कोऊ कहै मृगी एहि आई, होइ अचेत परा मुरछाई।
कोउ कह डसा साप एहि मढा, सूरज उदै लहरि है चढी॥
कोउ कहे अहा राति का भूखा, नाँवरि आइ रुहिर तन सूखा।
काउ कह रैनि रहा एकसरा, कै दानौ कै चुरइलि छरा[3]॥
इहवाँ घरी बिलँब भल नाहीं, बेगहि हाडु नगर लै जाहीं।
तत्षन राज सुखासन आना लै धौंडाए कुँअर सुजाना॥
नाउँ सुखासन लै दुखवाहा, बिरह क जरा दून कै डाहा।

जाइ सुखासन आसुभा, बाजु गीत या नाद।
चला पाछु सब आवे, कटक भरा बिसमाद[4]॥ ९३॥

केऊ कहा जाइ जहँ राजा कुअँर आव कछु औरै साजा।
सगन सुनिय गीत औ दाना सिगरी कटक देखि बिसमाना[5]॥
सुनि औगुन राजा उठि धावा व्याकुल हाइ भुइँ पाव न लावा।
रानी सुनि सिर परी बिजागी[6], सुनतहि जरी कोष की आगी॥
आई धाइ कुअँर जहाँ आवा, रोइ सुखासन लेइ कँठ लावा।

१—ऊभ = ऊचा। २—रुधिर = रक्त। ३—छला = आवश किया।
४—विस्मय। ५—विस्मित हुआ। ६—वियोग।

देख पीन तन मुख पियराना राजा रानी तजहिं पराना ॥
रुठ लगावहिं पूँछहिं बाता उतर न देइ बिरह मद माता ।

पुनि तै पूँछा वोलि कै जे सँग हुत सयान ।
जहँवा कुँअर बिछुरि मिला तिन्ह सब कीन्ह बखान ॥ ९४ ॥

राजमँदिर महँ कुँअर उतारा जानहु आनि अगिन महँ डारा ॥
कल न परै पल अति बिकरारा, हाथ पाँव सिर दै दै मारा ।
राजै ततखन जन दौराए वद सयान[1] गुनी ले आए ॥
गहहिं नाडिका[2] बूझहिं पीरा नारि माँह निरदाय सरीरा ।
ससि सूरज दोऊ निरदोषी अपुने अपुने घर सतोषी ॥
अब नाडिका माँह नहिं पीरा प्रगट पियर मुख पीन सरीरा ।
कहि न आव हम हियँ बिचारा ई अस बिरह घाउ कर मारा ॥

पीर सोई जो नहाँ कछु ओषद मूरि उपाय ।
एहि कर हितू जो हाइ कोइ सो पूछे फुसिलाय ॥ ९५ ॥

उठि अकुलाइ मात दुख भरी, कुँअँर पास आई एकसरी ।
सीस लाइ क वैठी कोरा पूछै बात देखि मुख धारा ॥
नैन उघारु पूत कहु पीरा केहि कारन भा पीन सरीरा ।
काहे पीन भयो मुख राता कहहु बात बलिहारी माता ॥
(क) तहाँ एक दिनमनि कुलकरा, नैन मूँदि कस करहि अँधेरा ।
हम सब घट[3] तुइ जीव सनेही कस कुँभिलाइ देसि दुख देही ।
पूत पीर कहु कस जिउ तोरा नैन खोलु करु जगत अँजारा ॥

तोरे पीर कि औषद, जौ एहि जग महँ होइ ।
अर्थ द्रव्य जिउ दइ के वेगि मँगावो सोइ ॥ ९६ ॥

१—प्रतविद्या जाननेवाला । २—ना-ा ।

(क) तहाँ दाप एक कुल करा—पाठा ।

३—होते हुए ।

कहु जो उपजी बिथा सरीरा, करा सोई जेहि नेवरइ पीरा।
जो है मही देव कर भाऊ[1], लै पूजा सो देव मनाऊ[2]॥
जो काहु के दरसन भूख माँगी होइ दुनों कर फूला।
ग्रौर जो मन कछु हाछा होई कहु सो बेगि लै पुरवों सोई॥
दुहु जग माँह तुहीं एक आसा आस तारि(क) का करसि निरासा।
को काटै इह दुख दिन राती अबहीं मरब फाटि मैं छाती॥
सुनि कै कुँअर मातु कै बोला ऊभि साँस लीन मुख खोला।

माना पीर सो ऊपजी, ताहि न मूरि उपाइ।
लोयन अटक तहाँ पै मन न सकै जहँ जाइ॥ ९७॥

कहि कै कुँअर मोन मैं रहा लोयन दुहु गिरे जल बहा।
बहुत पूँछि रानी जब हारी कहि न बात नहिं पलक उघारी॥
पहि महँ बिरह लहरि पुनि आई (ख) थाँभि न सका परा मुरछाई।
धाह मेलि तब रानी रोई सुनत लोग धावा सब कोई॥
राजा रोवे डारि सिर पागा जन परिजन सब रोवइ लागा।
राज मँदिर कर सुनत अँदोरा[3] घर घर परा नगर मह रोरा॥
जो जैसहि तसहि उठि धावा हाथ हाथ लै कुँअर उठावा।

कोइ मलै पानी मुख, कोऊ मूँदै नाक।
मेटे कैसेहु नहिं मिटे, माथ लिखा जो आँक॥ ९८॥

बिद्याधर गुरु पंडित महा, तेहि कुल सुमति पूत एक अहा।
माउ सुबुद्धि सकल गुन जाना पढा पाठ सँग कुँअर सुजाना॥
बिद्या जानु जहाँ लगि गुनी नाटक चेटक आखर धनी॥
मानत हत कुँअर तेहि सेती कहत सुनत जिय बातैं जेती।
सुनि कै बिथा कुँअर पहँ आवा, कुँअर अचेत आइ तहँ पावा॥

१—मनोनीत है। २—अनुकूल कर। ३—आंदोलन हल्ला।

(क) आस तारि जन करसि निरासा—पाठा०।

(ख) कंपित भूमि परा मुरछाई—पाठा०।

नारी देखि बिचारेसि पीरा, दोष न पाइस कुअँर सरीरा।
बदन पियर लोचन न उघारा निहचे कहसि बिरह कर मारा॥

प्रेय मत्र नाला सुबुधि श्रवनन लागि पुकारि।
सावन जागा कुअँर पुनि देखिसि पलक उघारि॥ ९९॥

सब एकसर भे पूछसि बाना कहहु कहाँ कासौं मन राता।
कौन रूप तुम देखा जाई दुखत जाहि पर मुरझाई॥
मैं तोर हितू आन सब कोई कोन बात तुम मोसों गोई[1]।
श्रा मैं गुन आकरषन पढ़ा स्वर्ग बसें सोऊ कर चढ़ा॥
नाउँ ठाउँ जाकर औ होई, करि उपाउ पुनि आनउँ सोई।
जो तुम्ह काज आज नाहँ आवाँ, बुधि निया सब कुलहि लजावाँ॥
प्रेम पहार स्वर्ग ते ऊँचा, बिनु रघ[2] काउ तहँ न पहूँचा।

कहु सो बान अब जीउ की, बगहि करौं उपाइ।
ना तो बैर कुअँर निज, सब मरिहैं बोराइ॥ १००॥

सुनि सुनि मन सब बान बिचारी रोइ रोइ कहन कथा अनुसारी।
जैसें खेले गए अहेरा आँधि आइ औ भया अँधेरा॥
औ जैसे सब चले पराई परयो आपु जस एकसर जाई।
औ जैसें बीती सो आँगी सोवा मढ़ा तुर तरु बाँगी॥
औ जैसें वह सपना देखा, अपुरब रूप चित्र जस पेखा।
औ जैसें मनगा बउराई, दिष्टि परत चित लीन्ह चोराई॥
आपन चित्र लिखा रँग लागा, सोवत मढ़ी माह जस जागा।

जैसें देखा सपन सब, सामुह[3] पाए चीन्ह।
कुँअर कहा सब सुबुधि सों जस कौतुक बिधि कीन्ह॥ १०१॥

कहा कहौं कछु कही न जाई हिय सँरन बुधि जाइ हराई।
कहन न बनै जो कछु मैं देखा गूँग क सपन भयो मोर लेखा॥

१—छिपाता है। २—आश्रय लिये। सहारा लिये। ३—सम्मुख।
४—मि गूँग का सपना भयो समुझि समुझि पछताइ।

नाउँ न जानौं पूछौं काही पटतर नाहिँ देखावौं जाही।
देस न जानौं केहि दिसि आही पथ न जानौं पूछौं काहा॥
मन चहुँ दिसि धावै बैरागा[1] फिरि आवै बोहित[2] ज्यों कागा।
करहु उपाय करे जो पारहु नाहि ता कहा मुए कहँ मारहु॥
गहिर सिंधु जाइ जिउ खोवा अब मँ हाथ आपु सो धोवा।
मोहिँ जियत नहिँ सूझइ पुनि वह रूप मिलाउ।
मुएँ कबहुँ सुरभौन मँह हाथ आउ ता आउ॥ १०२॥

जबहिँ कुँवर यह बात सुनाई सुधुधि बुद्धि सब गई हराई।
परेउ आइ मन तेहि अवगाहा तीर न देखि पाव नहिँ थाहा॥
कछु बिचार हिए नहि आव कुअँर पीर जेहि आपद जावै।
कहेसि कुँअर यह पथ दुहला[3] निराधार खेलैँ तिन्ह खेला॥
कहसि उपाइ एक मति मारी मू दिय गैार बाट बहुँ ओरी।
जहवाँ सोइ सपन अस दीसा ओहि ठाँव हनहुँ पुनि सीला॥
मकु[4] बिधि सोवन कर्म लगावे, बहुरि सोई सपना सो पावै।
लेहु कुअँर उपदेस यह चतहु चेत सँभारि।
आन पथ नाहिँ दूसरा दीख न हिएँ बिचार॥ १०३॥

(७) मढी खड।

सुनि कै कुँअर पथ पहिचाना, हिएँ बिचारि सुमति मन माना।
हुत जा निरास आस कछु पाई बूडत कहँ जनु थाह बनाई॥
राजा रानी दोउ हकराए, सुनि सुखेत रहसत दोउ आए।
कुँअर ठाढ भा दोउ कर जोरी, मात पिता बिनती एक मोरी॥
अग्या देहु हिए मति चढी, दिन दस रहौं देव की मढी।
जाकर आइ जहाँ कछु खोवा, जहवाँ खोउ तहाँ पै जोवा॥
ढूँढौं जाइ सुबुधि लै साथा, मगु ढूँढत आवै कछु हाथा।

१—उचटा हुआ। २—नाव। ३—कठिन।
४—कदाचित्।

अस्या देहु ता दिवस दस, रहों मढी महँ जाइ।
हम तन पीर सो ऊपनी, जाहि न आन उपाइ ॥ १०४ ॥

राजै कहा जहाँ सुख होई, रहहु (क) जाई तुम्ह बरज न कोई।
रहिह कटक पुनि तुम्ह सँग जाई, उहँहि देव मै नगर बसाई ॥
अर्थ दव जत लागै लावहु, तुम्ह सुबुद्धि सँग जिउ बहलावहु।
थगि बोलाइ चहुँ दिस केरा, थवई खाती गुनी चितेरा ॥
दीन्ह अनेक कनक औ रूपा होइ लाग तहँ मँदिर अनूपा।
मारुतसुत सम लाग कहारा रहसत आवहि लिए पहारा ॥
खँड उपर खँड होई खनानो[1] कै गच ढारहिं कँचन पानी।

खँड उपर पुनि खँड करहि, जहँ तहँ गुपुत चढाउ।
बाहर भीतर दुहुँ दिसि, होइ अनेक कटाउ ॥ १०५ ॥

बाहर चहुँ दिस कोट बिराजा, भीतर सब नौ मदिल साजा।
देवमढी पुनि फेरि बनाई हीरा फटिक[2] लगाइ उँचाई ॥
ईंगुर पीसि साजि जनु सोना कीन्ह कटाउ चित्र बहु लोना।
लिखि लिखि चित्र बिचित्र सिँगारा जनु पुहुमीक बिलास उतारा ॥
सुरपुर सुर गन नहि अब लेखे, पुहुमी साध[3] होइ तेहि देखे।
मढी सँवारि[4] देव औ आवा, मढा न पावा चहुँदिस धाया ॥
धावत फिरै न पाव थाला, बिधि यह पुहुमी के कविलासा।

भूलि सुदामा ज्यों फिरै, न हँसी आव न रोइ।
भटकत फिरै बहु दिसि, गई मढैया खोइ ॥ १०६ ॥

कुँअर सुबुद्धि दोऊ एक साथा, आइ देव कहँ नाइन्हि माथा।
ले जल पानि देव कहँ पूजा चित्र ध्यान चित आन न दूजा ॥
विनती कीन्ह सुनाइन्ह सेवा, होहु दयाल बहुरि हो देवा।
जो मनसा चित पुरवहु आनी, कलस चढावों बारह पानी[5] ॥

(क) रहहु तहा कछु हरज न का०—पाठा । १—तय्यारी। २—स्फटिक।
३—इच्छा, अभिलाषा। ४—स्मरण कर के। ५—बारह बरस का सूअर।

कै विलाप सोवा तेहि ठाऊँ सँवरै रूप न जानै नाऊँ।
बरबस नैन झाँपि आ सोवा बिरह जगाव त्यों त्यों रोवा॥
बिरह अगिन बस जेहि तन माहीं भूख पियास नींद तेहि नाहीं।
हियरें भीतर दुख बसे नैनन मूरति सोइ।
नैन नींद तब आवई, ठौर कहँहुँ जो होइ॥ १०७॥

दिन दस जौ बीते एहि भाँती कुअँर जीउ पावै नहि साँती[1]।
बिरहा अगिन अधिक उदगरी प्रगट होइ मढी सब जरी॥
मढी जरि जानहु धै जोरी, चित्र अँगार भए जरि हारी।
देव देखि नैनन नहि भावा मानहु सिंघ होइ खाहै खावा॥
मँदिर भीति जनु दै उदगारा कनक अगिन नग भये अँगारा।
बसन सोहाइ न भग जो आहा जिय तजि देह चलै जनु चाहा॥
उमडे नैन आँसु तस तूटे, भादौं मघा धार जनु छूटे।
कहसि सुबुध चेतहु न चित इहो गई अब आस।
नींद न नैनन आवई, सपनेहु भयो निरास॥ १०८॥

बूड अहों समुँद मँझ नीरा, नाउ न खेवा थाह न तीरा।
निग्रर न कोई माया मोही, बूडत धरि भुज काढे मोंही॥
दानव बिरह आइ जो लीला, रहा गाढ होइ देह न ढीला।
कोउ नाहीं अस बधौ मोपा, होइ हनुवँत जमकातर तौपा॥
गयो चित्र नैनन्ह ते धोई जस दसरथ सुत सीय बिछोही।
को सेवक हनिवत[2] समाना बल बीसाइ[3] थाहि को आना॥
कासों कहीं बिथा जिउ रोई, औषद पीर न आनै कोई।
रैनि अँधेरी अगम अति, अगुवा नाहीं संग।
पथ अकेला बापुरा किमि कर पावै भग[4]॥ १०९॥

(८) धरमसाल खंड।

सुनि कै सुबुधि साँस उर काढा, कुअँर कि पीर पीर जिय बाढी।

१—शान्ति। २—हनुमन्त। ३—लगा क। ४—भेद। पता।

करी ग्यान जिय रचा उपाई कहेसि कुँअर सुनु बात(क) सोहाई॥
गिरिवर प्रेम विकट अति ऊँचा धाइ चढा सो तहाँ पहूँचा।
धीरज धरि जो लेइ पथ हरी, चढ जाइ जहँ शृंग सुमरी॥
सपने चित्र जहाँ देखि आप सौंमुख सब चान्ह तहँ पाए।
अहे चित्र सो पहि जग माहाँ, अलि जिय जानसि जौ कछु नाहाँ॥
जानें जति सन्यासी कोई जा जग माँह फिरा बहु होई।

धरम साल एक बार के, जोगिन्ह बैठि ज वाउ।
पूँछहु बात जगत की जो काउ चाह सुनाउ॥ ११०॥

सुनि मति कुँअर प ज कहँ पाजा स्वाति पानि चातिक मन लावा।
धरम साल एक बार सँवारा जन सहस्र राखे रखवारा॥
चारिहुँ दिसा भोर उठि धावहिँ, जोगी जती ढूँढि लै आवहि।
धोलाहँ मया देखावहिँ सेवा लुबधे फिरहि भौंर अस कवा॥
पाउँ पखारहिँ ढारहिँ पानी कहहिँ बचन सब अमिरित बानी।
पहिले आनि जवावहिँ भोजा, पाछे करहि देस कर खाजा॥
कहहिँ कथा जो जो कछु आनें भाँति भाँति पुनि इस बखानें।

चित्र बात कछु पूछही, कहै जो देखा होइ।
सुनि सुनि बात सुहीय मह पटतर लावे सोइ॥ १११॥

✓ दुहुँ अग जाकी उपमा नाहीँ रे मन सोइ बसै तोहि माहीँ।
का ढूँढहिँ जहँ तहाँ उदासा मृग ज्यों तृन तृन ढूँढत वासा॥
जब कीरान नाभी कटि लेई मृग पछनाइ तहाँ जिउ देई,
मृगमद माह बास ज्यों रहई, त्यों घट माँह निरजन अहई॥
तैं अजहीं घट आप न साधत, जब लौं जम बाधा नहि बाधत।
ग्यान ब्रत घट माहँ थिराई, निरमल रूप निहारहु जाई॥
धरम पथ छाडौ जनि काई, धरमहि सिद्धि परापित[1] होई।

(क) हमारी—पाठा। 1—प्राप्त।

मान इहा जो धरम पंथ, डोरि लावै राउ।
रूप नगर अब जाइ कै चित्रावलिहिं जगाउ ॥ ११२ ॥

(६) चित्रावली जागरण खंड।

चित्रावलि चषु नींद जा लागी, दिनकर उगा तबहु नहिं जागी।
कौंल न खिला अली अकुलानी भा बिहान कुमुदिनि कुँभिलानी ॥
सखी बेग आ दरस न देखा, आपन जनम अकारथ लेखा।
जनी चार जिन्ह बिरह निआवा, आईं तहाँ कौंल जहँ सोवा ॥
जिन्ह सौं हत रहा अधिकाई, तिन गहि पावँ पलोट जगाई।
नैन उघारि नारि अँभुआनी दोऊ भुज पसारि अँगिरानी ॥
बदन सरूप देखि जग मोहा जनु मयंक पारस मधि[1] सोहा।
छूटहिं अलकावलि बदन, भौंहैं चढ़ी कमान।
आल रापि कुसमेखु[2] जनु मारन चाहति प्रान ॥ ११३ ॥

ससि समीप कुमुदिनि मुँह खोला, सुनु चित्रावलि बचन अमोला।
तैं सुबुद्धि आ चतुर सयानी ऐसे सोवत का जिय जानी ॥
अस निचिंत पै सोवै सोई जा कहँ इहाँ रहन नित होई।
पर नहियर भो पितु कै राजू ससुरे गएँ आव नहिं काजू ॥
दिन दुइ चार इहाँ कर रहना खेलन हँसन सोई पै लहना।
खेलहु खेल बूझि मन माहीं आजु जो आहि कालिह सो नाहीं ॥
कालिह पीउ थेलिहहि चितधरी, राखि न सकिहि कोऊ एक घरी।
काढ़ि देब हम एकसरी चलिहैं न काऊ साथ।
कहइ न पाउब बात कछु रहब मरोरत हाथ ॥ ११४ ॥

कठिन रहन ससुरे कर आहै, तबहीं कुसल कंत जब चाहै।
सकुचहि तें बीतो पल जेती, छुटत न छिन अंचल कर सेती ॥
लाज त्रास पुनि गुरुजन केरी, सौहँ न सकब काहु त तरेरा।

१—मध्य। २—कामदेव।

बोलत ऊँच सासु देइ गारी ननँदी नीच बोल बेवहारी ॥
रिसि आइहि राखब जिय मारी, रिस कीन्हे आवँ कुल गारी।
ऐसे पर पुनि जान बिधाना पिउ कस चाह जो जनम सघाना ॥
सब(क) दुख सुख औ पै पिउ चाहा, ना तरु जनम अकारथ आहा।

सुख सरवर इह पिता घर, लहर तरग अपार।
खेलि लेहु जो खलिऐ, कोऊ न बरजनहार ॥ ११५ ॥

तुम्ह तै इहाँ नींद चित लावा तुम्ह बिनु सरवर सोभ न पावा।
कँवल मराल हस तुम्ह सेती, औ मृनाल सोभा सर अती।
(ख) तुम्ह बसन्त लइ सोवहु बारी, तुम्ह बिनु खाखरि सब फुलवारी ॥
तुम्ह सरीर पुनि चपक फूला आध गुलाल मधुमती फूला।
फुलपछी हुय सग पियारी जाहि बिनु सोभा पाव न बारी ॥
तुमहीं डारि औ तुमही सूआ तुमहीं तै सर फूल अछूवा।
तुमहिँ आप औ सरस अमोला, तुम्हही तै जो कोकिल बोला ॥

तुब बिनु सूनी चितसरी, चित्र सबै बिनु रग।
जल थल सोभा उठि चलहु, सखी सहली सग ॥ ११६ ॥

चित्रावलि रचि कीन्ह सिंगारा गरे सोह मनि मोतिन हारा।
सखी सहेली लीन्ह हँकारी आई सब आनहुँ फुलवारी ॥
पाँति पाँति निकसीं सब बाला गूँथी जानु पुहुप की माला।
अलिकावलि अलि माला जैसी उड़ि उड़ि जानु पुहुप पर बैसी ॥
जेहि जेहि पथ चली ते आहीं ठौर ठौर तेहि मधुप लोभाहा।
खेलत सब निसरी जेहि बोरी हात बसत आव तेहि बारी ॥
मधु कर फिरहि पुहुप जनु फूले देवना देखि रूप सब भूले।

एहि बिधि सब क्रीडा करन आईं सरवर तीर।
खोंपा[1] छोरिन सीस के, गात उतारिन चीर ॥ ११७ ॥

(क) यह कवल एक ही प्रति मे है।
(ख) तुम बसन्त सोभा पुनि बारी—पाठा।
१—जूड़ा।

(१०) सरोवर खंड।

तीर धरिन सब चीर उतारी, घाइ धसीं सब नीर मँझारी।
कनक लता फैलीं सब बारी, पुरइनि तोरि आनु अरु डारी॥
मानहुँ ससि सँग सरग तराईं कलि करत अति लाग सोहाई।
हंस देखि उलहर तजि गए, परुम सबै दिन कुमुदिनि भए॥
आइ अकार देखि मुख रहा सरवर नाहिं गगन सब कहा।
भूले गगन मयक रहे तहाँ अब निसि नखत कहहि दिन कहाँ॥
चित्रावलि तन मल्या घानी अलकावलि नागिन लपटानी।

कच बिषधर सरवर डसा, मूरि नगाहरि सग।

नख सिख सेतीं लहरि अनु, बिथुरि गई सब अंग॥ ११८॥

हंसि बोली चित्रावलि बारी सुनहु सखी एक बात हमारी।
यह सरवर जो आहि सोहावा, पनि कै मत बिरलै जन पावा॥
तुम सतन पालहु मम नेहू आज मोर परतिम्या लेहू।
हौं छिपाऊँ एहि सरवर माहाँ तुम खोजहु काउ पावकि नाहीं॥
मोहि खोजत जो आइ उचावै, हारउँ बचा मांग सो पावै।
बाएँ घाट गहिर जल जानो, तहँ छपि रही कलि गहि पानी॥
काहु न जाना केहि दिसि गई, सरवर मथन करत सब भई।

बूडि बूडि हेरहिं सबै जेहि अस भाग सो पाउ।

कोउ घाँघा कोउ मोति लै कोउ छूछे बहराउ॥ ११९॥

सरवर ढूँढि सबै पचि रहीं, चितिनि खोज न पावा कहीं।
निकसीं तीर भईं बैरागी, धरी ध्यान सब बिनवे लागी॥
गुपुत तोहि पार्वाहं का जानी, परगट मेंह जो रहहि छपानी।
चतुरानन पढि चारो बेदू, रहा खोजि पै पाव न भेदू॥

१—आमत्रण कर। २—राग का मंत्र जानन वाला। ३—प्रतिज्ञान, परीक्षा।

सकर पुनि हारे कै सेवा, ताहि न मिलिउ ओर का देवा।
हम अरी जेहि आपु न सूझा भेद तुहार कहाँ लों बूझा॥
कोन सो ठाउ जहाँ तुम नाहाँ, हम चखु जोति न देखहिँ काहाँ।
पाव खोज तुम्हार सो जेहि देखराजहु पंथ।
कहा होइ जोगी भए औ पुनि पढ़ गरंथ॥ १२०॥

ततखन सरद चाँद परगासा, विहँसि कुमुदिनी कीन्ह हुलासा।
चित्रावलि जनु पंकज कली सरवर जीउ काढ़ि ले चली॥
पहिरि चीर जल चिहुर[1] निचावा मानहु घन मुक्ताहल बोवा।
रचि भूषन पुनि कीन्ह सिंगारू पहिर कंठ मुक्ताहल हारू॥
पुहुपमाल पुनि है सब बारी, फूलीं आइ माँझ फुलवारी॥
जब लगि आहि आइ सब देखी, फूल माहिँ पुनि कौन विसेखी॥
तारहिँ कुसुम नवावहिँ डारा, कोऊ गेंद कोउ हार सँवारा।
उर उर मेलहिँ हार गहि, भौंर कवाँल तेहि संग।
मानहु दोऊ मिलि चलीं कालिंद्री औ गंग॥ १२१॥

(११) चित्रावलोकन खंड।

सखी एक आई तहँ धाई कहसि कि अचरज देखहु आई।
चित्रसारी जहँ चित्र तुम्हारा पुरुष एक कोउ लाइ सँवारा॥
अस विचित्र नहि आइ बखाना, पटतर दइ न आइ ससि भाना।
अपुरुब रूप चित्र वह दीठा राजकुँअर जनु आइ बईठा॥
देखत चित्र गई हम आऊ कहुँ चित्र अस देख न काऊ।
नैनन देखत हिये समाई, जनि पतियाहु तो देखहु आई॥
अचरज इह जो इहा को आवा इहाँ पान नहिँ संचरै पावा।
मानुष इहाँ न आवइ देवना लिखै न कोइ।
विधि ने अपने हाथ जो, लिखा होइ तो होइ॥ १२२॥

---

[1] १—प्रकाश।

सुनि चित्रिनि चित्रसारी आई, देखि चित्र मुख रही लुभाई।
सहस कला होइ हियें समाना, निरखि रूप चित चेत भुलाना॥
नैन लाइ मूरति सौं रही डोलि न सकी प्रेम की गही।
चित्रिनि कह सुनु सखी पियारी तुम्ह मोरि पीर सिरावनिहारी॥
यह सरूप मोहि सुख देनिहारा जोबन भयो जीउ-लेनिहारा।
करहु बिचार इहा को आवा यो कैसे सो आवै पावा॥
केहि क चित्र यो को अस लीखा, अस नै लिखै कहाँ दहु[1] सीखा।

करहु खोज ता कर सखी अहिक चित्र यह आह।
नाहिं तो मरिहों बूड़ि में बिरह समुद्र अगाह॥ १२३॥

सखिन कहा तुम्ह चतुर सुजाना, जो तुम्ह जान सो काहु न आना।
नाउँ ठाँउ जाकर नहिं आही धावत केस पावँ ताही॥
हम सब मिलि खोजब एक साथा खोजत खोज आउ पै हाथा।
तुम घर चलहु करहु कुल लाजा, जान यह बात सुन कहुँ राजा॥
तुम कहँ रिस के घरहि लुका। हमहि जियत है गाढ़ भराँघ(क)।
दुजन लोग करहिं सब हाँसी बालहिं बोल करहिं कुल नासी॥
जौ अपना है प्रेम, पियारी गुपत सहहु दिन दस दुख भारी।

बरजहिं आपन साथ सब अहित सुनै नहि पाउ।
कै तुम्ह कै हम कै बिधी, जे यह कीन्ह उपाउ॥ १२४॥

चित्रावली चित्र रँग राती, लिए बुलाइ निपुलक जाती।
या यह भद कहा तिन्ह सेती, तुम्ह जानहु कि सहेली जेती॥
जा यह बात चलाइह कोई आपन कीन्ह पाव पै सोई।
मूँड मुँडाय निसारौं देसा, कारा मुख गुजा कर भेसा॥
निस दिन इहाँ रहहु रखवारी, अहित न आव पाउ चितसारी।
दिये पाट राखहु निसि दीना, कोउ न उघार आइ मोहि बीना॥
जनम सेइ जे मोहिं न बिसारा, यहि सेवा मैं होब मयारा।

१—दहु = धैा। २—उत्पन्न। (क) हमहि जियत धरि ठाढ़ गढाव। पाठा।

सिख दइ निकसी चित्रनी रही चित्र चित गाडि ।
छूँछी काया ले चली जिउ चितसारी छाडि ॥ १२५ ॥

दिवस गया निसि आइ तुलानी परी जाइ धौराहर रानी ।
कहैं कहानी सखा पियारी, चित्तन ठाउँ को देइ हुँकारी ॥
नीँद न परे प्रेम चित जागा कछु न सोहाइ चित्र मन लागा ।
कुसुम सेज जानहु चित[1] जोरी देह लाइ दीन्ही जनु होरी ॥
जागन बरष एक दिन जाई पलक उलटि सम पहर बिहाई ।
चित अकुलाइ चलन कहँ चाहा लाज आइ पग साँकर बाहा[2] ॥
निसि जनु जम होइ जीउ हरि लीन्हा, पलटि भोर जानहु जिउ दीन्हा ।
बिहसित भोर अरुन उदै चित्रिनि चित्र सँभारि ।
दिन्हु सहेली सग ल, रहसि चली चितसारि ॥ १२६ ॥

चित्रावलि आई चितसारी, रहसि उघारेसि पारि केवारी ।
कौल बदन जो अहा कुम्हिलाना दिनकर दरस देखि बिगसाना ॥
रहे जो नैन बियोग जराए चित्र रूप जल आनि सिराए ।
टक टक रही चैन चित खोवा मानहुँ चिन चित्र मुख जोवा ॥
एक टक लाइ रही मुख आगा (क)चित्र चांद भा कुँवरि चकोरा ।
एहि बिधि दिन बाता निसि आई सखिनि आइ गहि बाँह उठाई ॥
सखी सब जो एकमत भईं बरबस ल धौराहर गईं ।
निसि दुख देखा चित्रिनी, सब निसि एक एक जाम ॥
जस असोक तर जानकी बिरह सहा बिनु राम ॥ १२७ ॥

एहि बिधि बीते जो दिन चारी निसि धौराहर दिन चितसारी ।
प्रीति आइ उर अंतर बसी प्रेम जानि माथे परगसी[3] ॥
रूप मलीन बदन पियराना अचल दीप न रहे छिपाना ।

१—चिता । २—टाला ।

(क) मनहु सरद ससि पाव चकारा—पाठा ।

३—प्रकाशित हुइ, चमकी ।

आनन पियर तैउ बिनु गाता । लखि बरजी मुख हेरा माता ॥
पारखि होइ मन परखो हीरा, परगट दोष न देख सरीरा ।
खेलन हँसत रैन दिन जाई । का तें आहि बदन पियराई ।
जिउ उदास आनन कुँभिलाना । बाज प्रेम यह दीसत आना ॥

पूछि एक एक सखी सब मो निपुँसक अत साथ ।
चित्रावलि जनु सुरसरी कहा सवन छुइ माथ ॥ १२८ ॥

अहा जो एक निपुंसक जाती । चित्रावलि सेवा दिन राती ।
एकचित करत रहन लिन पूजा । आन न सोहि सर सेवक दूजा ।
निसि दिन प्रेम दृष्टि भरि हेरा । हिये ध्यान चित्रावलि केरा ॥
फिरे भाग वै भइ मति हानो, आ भिमान[1] सेवा बहु जानी ।
चित्र रूप जब चित्रिनि राती । ताहि देखि सुठि बिहरी छाती ॥
जिमि जिमि चित्रिनि चित्र निहारा । कहै आगि भरि भया अँगारा ।
जिय न बिचार अभागा पेसा । राक होत राजा सो कैसा ।

जेहि सेवा जिउ दीजिये नित उठि ताहि असीस ।
जा जिउ जाने सो करै ता सौं कैसी रीस ॥ १२९ ॥

आइ तहाँ जहँ हीरा रानी । चित्र भान बह कहिसि बखानी ।
बारी मोहिं ओ हे चितसारी, तहँ चित्रावलि खेल धमारी[2] ॥
रेति काहु एक चित्र सँवारा । परगट भयेउ भयें भिनुसारा ।
को लिखि गा कछु जानिय नाहीं । जेहिक चित्र सो को जग माहीं ॥
ताहि देखि सो भूली बारी, फूली हियें प्रेम फुलवारी ।
औरे न मिला कौल कहँ आई, औरे छाँह लखि रही भुलाई ॥
चित्र प्रेम चित्रावलि हीयें, माती रहै प्रेम मद पीयें ।

जानहिं सब सखि सग की, औ निपुँसक दुइ चार
जा मोहि कहिबे सो कहा, करहु जो आव विचार ॥ १३० ॥

१—अभिमान। २—एक खेल।

सुनि रानी मन कीन्ह विचारा उपजत बीरा जो न उपारा ॥
भए विरष पुनि हाथ न आवै, जो बल करै सोई दुख पावै।
अबहीं कस न जाइ सो धोवाँ, प्रेम अँकुर मर तें खोवों ॥
जब लगि सुनै पाव नहिं राजा, करा सोई कुछ होइ न लाजा।
बहु दुख पहर रैन पर हली[2], तब लीन्हो सँग आगि सहली ॥
पहिले आइ कही रखवारा लै कुंजी पुनि बार उघारा।
देखा चित्र एक मनियारा, जगमग मँदिर होइ उजियारा ॥

जिमि जिमि देखै रूप मुख, हियँ छोह अति होइ।
पानी पानिहिं लै रही चित्र जाइ नहि धोइ ॥ १३१ ॥

(१२) चित्र धोवन खंड।

सखी एक जो अही सयानी कहिसि कहा बिलवावहु रानी।
यह सो चित्र जासौं जग हाँसी दुहिता पाव नाँउ कुलनासी ॥
धोवहु वेगि आहि जो लोना कान दूट का करिये सोना।
सुनि मति हीरा रानी जागी लै जल कर सौं धोवन लागी ॥
जिमि जिमि चित्र जाइ कछु धोइ राहु गरासि जानु ससि होई।
जिमि जिमि मिटै रूप मनियारा होत आउ नैनन्ह अँधियारा ॥
गई मेटि सो मुरति रसीली, जनु मनि आइ भुअंगम लीली।

मेटि चित्र रानी चली, हिये बुन्द दुख खाइ।
एतन न जाना विधि लिखा मेटि सक नहि कोइ ॥ १३२ ॥

चित्रावलि निसि बिरह दुखारी होत भोर आई चितसारी।
चित्र न देखि अचक होइ रही, चाँद सरूप गहन जनु गही ॥
अन्तक[5] बिरह आइ जिउ हरा धर बिनु जीउ पुहुमि खसि परा(क)।
सुनै न कछू कहे जा कोई जनु मनि खोई भुअंगिनि सोई ॥
काइ सखि दसन खोलि जल नाव, कोउ गह नाकि साँस जहि आव।

१—वीरुध = विरवा। २—गला। ३—हाथ। ४—नाश करता है। ५—यमराज।

(क) सदा सँभारहिं पूँछहिं बाता, उतर का देइ जीव नहिं गाता।
हिन्दी प्रति में यह अधिक है।

कोइ मचल गहि पोन डुलावै कोइ करनल पातल सुहराव।
कोइ चंदन घसि पोते काथा बरत अगिन जानो पिउ नाया॥

घरी चारि बीते बहुरि भयो चेत कछु तासु।
नैन उघारि निहारि तब कहेसि ऊभि ले साँसु॥ १३३॥

भयो काह सो रूप अमोला जहि बिनु गात पान जिमि डोला।
भयो कहा सो सूर उजियारा जेहि बिनु भयो जगत अँधियारा॥
कहहु सो आनि कहाँ अब गई, जेहि बिनु पूनु अमावस भई।
गई कहाँ सो मुरति पियारी जहि बिनु आजु सून चितसारी॥
कै जिन लिखा मेटि तिन गवा, कै छिति छाँडि सरग अपसवा[1]।
कै जम अहा जीउ लेनिहारा आइ जीउ लै सरग सिधारा॥
के कतहूँ माता सुनि पावा लाज जानि लिंहि आइ मिटावा(क)।

नाहि बोलि के लान्ह सुनि जो हुत निसि रखवार।
को आयो निसि सूरसुत[2], जिउ लै गयो हमार॥ १३४॥

आवा बोलि रैनि रखवारा सीस नाइकै किहिस जोहारा।
कहेसि राति रानी हुति आई लै जल से कर गई मिटाई॥
मात चरित सुनि हियें सँकानी[3] पिता सक पुनि अधिक लजानी।
कहेसि ताहि अब खोजहु आला, जे अस बात मातु सों बाली।
अस को आहि कुटीचर लगा के कुटचारि[4] कीन्ह रस भगा॥ [5]
बेगि खोजि आनहु पे सोई, करौं सोई जो मनसा होई।
होइ लाग चारिहुँ दिसि खोजू घर घर परा तिहूँ पुर खोजू॥

सुर नर मुनि गन सब डरे, सुनि चित्रिनि चित राष।
नाकर आहि अभाग बिधि, जाहि लाग यह दोष॥ १३५॥

मैं का कहौं जगत सब जाना यहि कलि पाप न रहै छिपाना।

१—स अपसरया = उड गया। २—सूर्यसुत = यम।
३—सकाच किया। सहमी। ४—चुगुलखोर चवाव करने वाला।
५—चुगुली चवाव। (क) निस आनि नसावा। पाठा।

जो खिन गोप कर संसारा आय आपु ल्योंर हट पुकारा ॥
छिपत जो किय कूप औ बापी कोउ न जगत कहावत पापी ।
पाप न रहै छिपाएँ छिपा छिपै पुन्य जो अहनिसि जपा ॥
पापहि गोर कहा कोउ सोवा आपहिं पाप जनम तेहि खोवा ।
तजहु पाप पथहि जिय जानी करहु पुन्य जो रहै कहानी ॥
पुन्य करन जनि लावहु आखा जो सो होइ दुहुँ जग मोखा[२] ।

मान करहु जो करि सकहु कथनी अकथ अपार ।
कथे न कर कछु आवई करनी करतब सार ॥ १३६ ॥

खोजत खोज कुगीचर आना बाधि सखिन्ह चित्रिनि पहँ आना ।
पग साँकर हाथन हथकरी दिपहि स्याम[४] जो आनी जरी(क) ॥
ततखन बेगि हँकारा नाऊ डेरिउ अस जनि होइ त्रिपाऊ[६] ।
मूँड मुडाइ लाइ मुख कारी पाछ(ख) रही देही रतनारी ॥
खर चढाइ कै नगर फिरावा वाला जैस कीन्ह तस पावा ।
नगर फेरि पुनि देस निकारा फिरे आइ पहुचावनिहारा ॥
गुन सेवा पति निमिष न हेरा किंचित (ग) दोष लागि मुँह फेरा ।

आपन करनहि जानिये अति मयार औ राउ ।
ठाकुर अछा मेटि कै चाकर भा न अकाउ ॥ १३७ ॥

चित्रावलि कह सो चितसारी जानहु भई भुअंगिनि कारी ।
फूल अँगार भए फुलवारी किछु न सोहाइ बिरह की मारी ॥
बेगि आइ धौराहर चढा बिरह बिथा वियोग उर बढी ।
लोयन जल जनु घन बरषाई देह दहे जानहु दौं[७] लाई ॥
मलय भद घनसार मिलावा सखी आनि चाहै उर लावा ।

१—पानी निकालने का एक यंत्र । २—छुटकारा । ३—प्यान ।
४—८ शकु = सीकर, जंजार । (क) दहि स्याम भा औगुन जरी—पाठा ।
५—कारिख = स्याही । ६—त्रपति । (ख) पाछु पटीर रही रतनारी—पाठा ।
(ग) तनिक दोष पाठा । ७—दावाग्नि ।

अस तन नवै बिरह नल[1] पागा , निकट सुखाइ(क) अग नहिं लागा ॥
पदुम गूँधि मेलहिं उर हारा टूटहिं अरि जरि होइ अँगारा ।

रोइ कहै तब सखिन सो , हम तन तपनि सो लाग ।
जौ तुम्ह हिमगिरि आनहु तउ न बुझ यह आग ॥ १३८ ॥

करहु उपाय साई चित आनी हिरदै आगि परै जेहि पानी ।
को अस विधनै जग उपराजा , जो चित हरन चित्र अस साजा ॥
करहु खोज सो कहाँ चितेरा मकुगा जीव बहुरि लिखि फेरा ।
कै जेहि मिलै सो करहु उपाई कै विष देहु मरौं जहि खाई ॥
रँगमति नाउँ सखी एक अही , त समुझाइ बात तब कही ।
करि गियान चेतहु चित माहीं आहि सो आहि नहिं सो नाहीं ॥
आहि कोऊ सो एहि ससारा जेहिक चित्र यह काहु सँवारा ।

कस न खोज तेहि लीजिय जाकर चित्र अनूप ।
एक न ऐसा रुप भै हे कुलीन काउ भूप ॥ १३९ ॥

तासोँ कहा प्रीति तुम्ह लाई जा जल धोवत गयो मिटाई ।
दिन दुइ कर चटक देखरावा गयो मेटि पुनि बहुरि न आवा ॥
कस न ताहि जिउ गोज आनी जेहिक चित्र तुम्ह देखि भुलानी ।
बूझि विचारि देखु मन माहीं कया सजीव चित्र परछाहीं ॥
कया सूर दीपक परछाहीं होइ पतग जरहु तुम्ह काहीं ।
जाकर परछाहीं चित हरई सो दहुँ कया काह धौं करई ॥
जो अति चित्र लोन लिख कोई सभु सरीग न पटतर होई ।

चित्र चित्र चित सौ हरहु धरहु ध्यान मन सोइ ।
तुम्ह ज्ञानी औ सुबुधि अति का समुझावै कोइ ॥ १४० ॥

सखी बात सुनि तपनि सिरानी उपनत अमिलि परा जनु पानी ।
परमवचन[2] सुनतहि मन जागा , तजि छाया चित्र काथहि लगा ॥

१—विरहानल । (क) अगिनि तन लागा—पाठा । २—सदुपदेश ।

चित्र सबै सो नास्ति के जाना काया अस्ति सोइ परमाना।
कहेसि सखी तैं हितू हमारी भूला पथ देखावनिहारी॥
अस्ति प्रेम उपजउ जित आइ नास्ति सबै अब गई हेराई।
हौं असूझ बन जात अकेली तैं गहि बाँह पन्थ सिर मेला॥
हिय क नैन पथ अब सूझा आन बिचार सबु नन बूझा।

कहु कैसे तेहि खोजिये, कै एकसर के साथ।
करु उपाय अब सोइ निजु जहि जिउ आव हाथ॥ १८४॥

सुनु सुन्दरि अस बचन सोहावा बिनु खोज कछु हाथ न आवा।
नियरहि आहि न चीन्हैं काई जानहिं कोस सहस दस सोई॥
दूरि नाहिं ओहि होइ निन्हाई नैन न आवै मन तहँ जाई।
जन दुइ चार चित्र जिन्ह चीन्हा गुधि होइ गियान तिन्ह दीन्हा॥
भसम लाइ तन जोगी भेसा पठयहु जाहिं देस पर देसा।
लेहिं सो राउ रंक घर फेरी पुर पट्टन सब देखहिं हेरी॥
भकु[1] तुम भाग जागि के जाई सो तुम हाथ चढ़ कहु आई।

ओहि काहु खोजै काऊ एक मन एक चित लाइ।
होइ दूरि जो अस्ति तऊ नियरहि मिल सो आइ॥ १८५॥

(१३) परेवा खंड।

कै सिव साज निपुन एक चारी जिन्ह सो आहि सो चित्र चिन्हारी।
बेगि सखाए चारिहु ओरा, ढूँढन चले सूर ससि जोरा॥
औ समुझाइ कीन्ह पुनि बाता आनत अहाँ जाहि मन राता।
ताकर चाह कहै जो आइ जो माँगहि सो देउँ बधाई॥
चारौ चले चारि दिस भए आपु आपु कहँ ढूँढन गए।
जल थल सायर मेरु सुमेरा रन बन पुर पाटन सब हेरा॥
जहँ तहँ भवहिं[2] गहैं बैरागा, दइहु इन महँ कोइ होइ सुभागा।

१—शायद, कदाचित्। २—सम्मुख प्राप्त। ३—भ्रमण्या कर।

बन घन गिरि सायर पटन जहाँ सुनहिँ नर नाम।
फिरि फिरि हेरहिँ रैन दिन, छिन न लेहिँ बिसराम॥ १४३॥

तिन्ह महँ अहा जो नाम परेवा हिएँ सँवरि चित्रावलि सेवा।
उत्तर दिसा नीप अति भला धौलागिरि पर्वत कहँ चला॥
प्रथमहिँ (क) नगर कोट कर फेरी काशमीर पुनि तिब्बत हेरी।
हरद्वार गै गंग अन्हावा, माँगि होछा सिधु मनावा॥
सिरीनगर गढ देखि कुमाऊँ खसिया लोग बसहिँ तेहि गाऊँ।
पुनि बदरी केदार सिधारा ढूँढा फिरि फिरि सकल पहारा॥
दुरगम देखि मगन कर देसा, चला नाकि नैपाल नरेसा।

काक कोट बसगित बहुत, चौ चारिहुँ दिसि ताल।
अमर पुरी जानहुँ बसी नाउ धरा नैपाल॥ १४४॥

अतिहि अपूरब ताल सुहावा इसिकंदर जुलकरन खनावा।
घाट बँधाए गच चिकनाई चहुँ दिसि फेर आरसी[1] लाई॥
तिरहिँ[2] हाइ पानी कर धोखा देखि पिआस पाव संतोखा।
पुनि दुइ नदी सुहावनि बहीं, उत्तम बेदब्यास जस कहीं॥
नागमती अहि मुख ते आई, बागमती नाहरमुख पाई।
तीरथ जानि जगत चलि आवा, अंग धोई सब पाप नसावा॥
बारह मास पटन पुनि घिरी, बरहो मास जातरा भिरी।

नर नारी सुंदर सबै, ससि मुख अधर रसाल।
नैन परेवा थकित रह देखि नगर नैपाल॥ १४५॥

घर घर नगर लीन्ह तहँ फेरी राउ रंक देखे तहँ हेरी।
रूप सरूप लोग सब आहा, सो न मिलै जा कहँ चित चाहा॥
जहँ न होइ सो प्रान पियारा बसत देस सब जानु उजारा।

(क) दूर नाहिं चहि गेल चिन्हाइ। गा सुमरु पुनि तपान हेरा—पाठा।

१—सीसाबंदी, सीसा। २—डाडे। किनारे।

चला नगर तजि परवत ओटा परी दिष्टि एक कञ्चन कोटा ॥
हीरा रतन पदारथ मोती जगमगाइ सब मानिक जाती ।
कहसि जाइ देखौं एहि ठाऊँ, लागत अनिहि सुहावन गाऊँ ॥
हियें धाउ भइ पाव न लावा, जोगी जाइ न नगर नियराया ।
आइ सींव[1] छिन नियर भो(क) लीन्ह अतीथ बोलाइ ।
धरमसाल जहँ हुत रचा तहँ ले गए लिवाइ ॥ १४६ ॥
गै जोगी महँ देखौ काहा, अतिथि सहस एक बठे आहा ।
ठाढ़े सबै राउ औ राना सेवा करहिं अस मन माना ॥
भाँति भाँति पकवान जेंवावहिं औ अपने कर पान खियावहिं ।
जो इच्छा मन मागै कोई जोगिहि आन पुरावैं सोइ ॥
देखि अतीथ सबै रहँसाए[2] सेवा कहँ चलि आगे आए ।
आदर सहित आनि पसारा पहिलें लै जल पाँव पखारा ॥
ता पाछें लाए पकवाना, जेंउ गोसाईं जो मन माना ।
जोगी कछु न जेंवई पूछैं कह न बैन ॥
चरचै[3] आनन चहूँ दिस कीन्हें चञ्चल नैन ॥ १४७ ॥
जोगि न जेंवा रह जेंवाइ, काहु कन्ह कुँअर पहँ जाई ।
धरमसाल एक जोगी आवा चित अचल बराग जनावा ॥
नहिं जानहिं दुहुँ का चित आनी, अन्न न खाइ पिय नहिं पानी ।
पूँछे कह न एकौ बाता पियर बदन जस काहुक राता[4] ॥
चञ्चल नैन चहूँ दिस हेरा चरचै पुनि आनन सब केरा ॥
पलक न लाउ जानु नहिं सोवा ढूँढत फिरै जानु कछु खोया ।
धरमसाल की नीत न होई भूँखा जाइ इहा हुत कोई ॥
भइ आयसु ऐसी कहा, बेगिहि आनहु सोइ ।
मैं चूक्यौं सेवा कछु तातें रिसि जिय होइ ॥ १४८ ॥
कुँअर पास तब जोगी आना जोगी कुँअर देखि पहिचाना ।

१—सीमा, सिवान । २—आनद हुए । ३—ताकता था । ४—अनुरक्त । ५—स ।
(क) आइ सींव बठेहु नियर-पाठा ।

चित रहसा जानहुँ निधि पाई कथा महँ जोगी न समाई।
पीत बरन जु अहा भा राता अति हुलास कपेउ सब गाता॥
देखि कुँअर आदर बहु कीन्हा निकट पाट बैठन कहँ दीन्हा।
विनती कीन्ह सुनौ हो देवा कस न धरम कै मानहु सेवा॥
हम सेवक तुम्ह देव गोसाईं सेवक हुते चूक बहु ठाईं।
रिस तजि उँबहु अँबन दवा होउँ सनाथ आज तुम्ह सेवा॥

कहेसि कुँअर सुनु धरम तरु अस लगेउ तुम्र भाग।
जरि पताल पालो सरग, इछा फल तेहि लाग॥ १४९॥

जा दिन तैं हम गुरु बिछोवा, अन्न न जेंवा नींद न सोवा।
भूख नाहिं औ नाहिं पियासा, नांउ अधार रहइ घट साँसा॥
दक्खिन देस आन जिन्ह देखा, रूपनगर कबिलास विसेखा।
असे गुरू तेहि ।गर सोहावा चेला देस बिदेस फिरावा॥
जोग अगिनि जब हिए प्रचारी[१] पल महँ कीन्ह भसम रिसि जारी।
काया जोग अहै रिसि रोगू, औ रिसि करै सो नासै जोगू।
कुँअर कहा कस देस तुम्हारा, औ को देस बसावनहारा[२]॥

मो सौं देस बखान करु कैस नगर कस भूप।
कौन लोग तहवाँ बसैं, पुनि गुन कौन अनूप॥ १५०॥

जोगी कथा कहन अनुसारी सुनहु कुँअर यह बात रसारी।
रूपनगर सो उत्तिम देसा जनु कबिलास आइ भुइँ वैसा॥
(क) धन सो नग्र धन उत्तिम देसा, चित्रसेन जहँ राउ नरेसा।
ऊँच नीच घर ऊँच उँचाए चित्र कटाउ अनेक बनाए॥
राउ रंक घर जानि न जाई, एक ते एक चाह अछवाई।
बेल चँबेली कुंद नेवारी, घर घर आँगन फुलि फुलवारी॥
लीपे चंदन मेद अवासा[६], भीत बैठि लेहिं अलि बासा।

१—परचाया, सुलगाया। २—राजा। ३—रसाली। ४—बैठा।
(क) यह उर्दू की प्रति मे नहा है। ५—फूली हुई। ६—आवास, घर।

मृगमद चोवा कुमकुमा खोरि खोरि महकाइ।
सुर नर मुनि गंधरब सब रहे सुबास लुभाइ॥ १५१॥

चित्रसेन अति राउ भुवारा जस रवि नप तेज मनियारा[1]।
जेहि घर विषम दिष्टि परि राइ बैरी नम जिमि जाइ बिलाइ॥
बड़ परताप अखंडित राजू अगनित हस्ति घोर दल साजू।
गुन विद्या सरि भोज न पावा पंडितन्ह हिये हत बहु लावा॥
दुखी न कोऊ सब सुख राता जहँ तहँ चलै धरम का बाता।
सब सुखिया काउ दुख न जाना ढूँढत फिरहिं लेइ को दाना॥
देस देस के राजा आवहिं ठाढ़ तेंवाहि[2] बार[3] नहिं पावहिं।

महथ[4] गरब अति मान नहिं रहे न एकौ थक।
रूप नगर की खोरि महँ राउ होहिं सब रंक॥ १५२॥

तेहि घर पुनि चित्रावलि बारी मात पिता की प्रान पियारी।
रूप सरूप बरनि नहि जाई, तीनिहुँ लोक न उपमा पाइ॥
दिनकर दिन पावै नहि जोरा इंद्र लजाइ देखि मुख गोरा।
अमरकोष गीता पुनि जाना, चोदस विद्या कर निधाना।
संतति आन न तेहि घर आवा वाही एक ते सब चित लावा॥
भौंह चढ़ाइ जो कबहुँ रिसाई मात पिता कर जिउ लिसराई।
औ जो चाह कर पुनि सोई, लेत देत कछु बरज न काई॥

दखिन दिसा पुनि नगर क, सरवर एक खनाइ।
सखिन साथ चित्रावली तह नित जाइ नहाइ॥ १५३॥

कहा सराहौं सरवर तीरा पानि मोती तह काँकर हीरा।
अति औगाह[5] थाह नहिं पाई, निमल नीर जहँ पुहुमि देखाई॥
अति अमोघ औ अति विस्तारा सूझ न जाइ वारहु न पारा।

१—मनियाला। २—प्रतीक्षा करे, अगार। ३—बार = गुजर — प्रवेश।
४—महत् = बड़ा। ५—अवगाव = अवगाह = गहिरा।

घाट बँधाए कचन ईँटा, सरग जाइ जनु लाग्या भीटा ॥
ऊपर ताल पानि जहँ ताईं ठाव ठाँव चौखडि बनाई।
औ जहँ तहँ चौरा कै लीन्हें निसि दिन रहहिं बिछावन कीन्हें ॥
जहाँ एक छिन करै निवासा सोई ठाव होइ कविलासा।

सुख समूह सरवर सोई जग दूसर कोउ नाहिं।
मानुष कर का पूछिय, देवना देखि लोभाहिं ॥ १५४ ॥

भीतर सरवर पुरइन पूरी देखत जाहिं होइ दुख दूरी।
फूले कँवल सेत औ राते अलि मकरंद पियहिं रस माते ॥
बासर पदुम कुमुद रह फूला सब निसि नखत चाँद रह भूला।
तीरि कँवल केसर भहराहीं[1] कसरि बास आव जल माहीं ॥
हंस झुण्ड कुरिलहिं[2] बहु घोरा चकइ चकवा पैरहिं जोरा।
सबरत ताहि सिरायो[3] हीया चातक आइ पानि सो पीया ॥
औ जिन पैठि अलके आए कलि करत अनि लाग सोहाए।

रहसहिं क्रीडा ब्रन्द बस भौंर कँवल (क) फहराहिं।
निसि दिन होहिं अनँद महँ देखत नैन सिराहिं ॥ १५५ ॥

सरवर तीर पछिम दिसि जहाँ चित्रावलि की बारी तहाँ।
सीतल सघन सुहावन छाहीं सूर किरिन(ख) तहँ सँचरै नाहीं ॥
मञ्जुल डार पात अति हरे औ तहँ रहहिं सदा फर फरे।
तुरँज जँभीरी अति बहुताई नेबू डारन गलगल जाई ॥
अमिरित फर औ दाड़िम दाखा सतति जिये निमिष औ चाखा।
नरियर और सोपारी लाई कटहर बडहर कोऊ न खाई ॥
आँब जमुनि लै एक दिसि लाए, बर पीपर तहँ गनत न आए।

मूर सजीवन कलपतरु फल अमिरित मधु पान।
देउ दइत तेहि लगि भजहिं देखत पाइय प्रान ॥ १५६ ॥

१—झलत हैं। २—गिरना। ३—ठंढा हुआ।
(क) बिकसाहिं पाठा। (ख) तरनि किरनि पाठा।

कोकिल निकर अमिरित बोलहिं कुंज कुंज गुंजत बन डोलहिं ॥
सारी सुआ पढ़ै बहु भाखा कुरलहिं बैठि बैठि तरु साखा।
पवई आपन आपन जोरी छकी फिरहि कुरलहिं चहु ओरी॥
खजन जहँ तहँ फरकि देखावैं दहिअल मधुर बचन अति भावैं
मोर मोरनी निरतहिं बहुताई, ठार ठार छवि बहुत सोहाई॥
चलहि तरहिं तहँ ठमुकि परेवा पडुक बोलहि मृदु सुख देवा।
बहु करनास[2] रहहिं तेहि पासा, देखि सो संग भाग अहि बासा (क)॥
भगराज[3] औ भृङ्गी, हारिल चात्रिक जूह।
निसि बासर तेहि बारि महँ कुरलहिं पछि समूह॥ १५७॥
औ पुनि रहै माँझ जहँ बारी चित्रावलि लाइ फुलवारी।
सोनजरद नागेसर फूले देखि सुदरसन दिष्ट जो भूले॥
जाही जूही अति बहुताई बनबन भाँति सवती लाई।
बनबेला सतबर्ग चँबेली रायबेल फूली सुखरेली॥
करना केतकि बास नेवारी चपकली जनु कुंदि उतारी।
कदम गुलाब लाग बहु भाँती औ बसाहि बकुअन की पाँती॥
मौलसिरी फूली औ मूँगा जनु सिगार हरावलि गूँदी।
पान बसेरा लेहि निसि तहि फुलवारी पास।
भोर भए अंग प्रगटइ तिन्ह फुलन्ह की बास॥ १५८॥
ललित लवंग लता जहँ फूली भौंरा भौंरि कुसुम तहि (ख) भूली।
नगर नगर महँ छगरै जूही गंधराज फूलहिं सबूही॥
कस्तूरी सुगंध बिगसाहीं ठौर ठौर सो अधिक बसाहीं।
भुइँचपा फूली बहु रंगा, मानहु दरसा रूप अनंगा॥
सूरज भाँति भाँति अति राते देखत बनै बरनि नहिं जाते।
उड़हिं पराग भौंर लपटाही जनु बिभूति जोगिनि लपटाही॥
भरकंडो[5] भौंरन संग खेली, जोगिन संग लागि जनु चेली।

१—भ्रमैं। २—नीलकंठ। ३—एक शिकारी चिड़िया जुर्रा। (क) बहुकर बास रहहिं तहि ठावें दरसि सो सकहिं भाग जहि पास—पाठा०। ४—सर्व्यमुखी। (ख) रस। ५—एक काँटा।

केलि कदम नवमल्लिका, फुल चंपा सुरनान।
छ ऋतु बारह मास तहँ ऋतु बसंत अस्थान ॥ १५९ ॥

औ पुनि जहाँ माँझ[1] फुलवारी तहँ चित्रावलि की चित्र सारी ॥
चंदन मेद कपूर मिरगावा इन्ह तिहुँ मिलि कै कीन्ह गिलावा।
हीरा ईंट लगाइ उँचाई[2] देखत बन बरनि नहिं आई ॥
चुनी चूरि[3] कै कीन्हो खोहा मोती चूरि गच जग मोहा ॥
अति निरमल जस दरपन कीन्हा नहाँ जाइ पुनि आपु न चीन्हा।
मँदिर एक तहँ आरि दुआरी नगिन जरी पुनि लागु केवारी ॥
कनक खंभ तहँ चारि बनाए हीरा रतन पदारथ लाए।

ठौर ठौर सब नग जरिन, अस होइ रहेउ ऊँजोर।
जहँ न रनि दिन जानिए धो न साँझ नहिं भोर ॥ १६० ॥

तेहि महँ चित्रावलि गुन ग्यानी आपुन चित्र लिखै अस जानी।
जो लौं सखी दरस नहिं पावहिं भारहिं माइ सीस तेहि नावहिं ॥
और जो चित्र अहहिं तेहि माहीं सो चित्रावलि की परछाँहीं।
अस विचित्र केहि लावों आरी अस्तुति जोग जीभ नहि मोरी ॥
वही रंग अपने रँग माहीं ओहि के रंग और कोउ नाहीं।
सोह न जाइ चित्र मुख हेरा धन सो चित्र औ धन सो चितेरा ॥
मानुष कहा सो देखै पावैं, देवता जाहिं ओहारे आवें।

कोटि चित्र चितसारि महँ, देखत एको नाहिं।
ज्यों दिनकर उद्दोत ही, नषत सवै छिपि जाहिं ॥ १६१ ॥

लखो लिलाट दूजि कर चंदा दूजि छाडि जग को कहँ चंदा।
भौंह धनुष बरुनों विषबाना, देखि मदन धनु गहत लजाना ॥
बरुनी बान गड़े जहि हीये बहुरि न निकसै जब लहुँ जीये।

१—मध्य। २—उँचाना = उठाया बनाया। २—पीस कर, चूर्ण करके।
३—मानिक-माठा। ४—नमस्कार करने के लिये।

लोचन विमल जानु सम जोवा निमिष जो देख जनम भर रावा ॥
अधर सुरँग जनु खाए तँबाला अबहीँ जनु चाहै हँसि रोला ।
लंक छीन जेहि भृंग लजाहीँ कोउ कह आहि कोऊ कह नाहीँ ॥
फीली चरन मराहीँ काहा अबहीँ रहसि चले जनु चाहा ॥

गुपुत रहै चित सारि महँ जग जाने सब काइ ।
सपने जो काइ देखई सौंतुक जागी होइ ॥ १६२ ॥

सुनी कुँअर जो चित्र की बाता हिए हुलास कँपेउ सब गाता ।
सचक भया चित औ मन गुना सपन जो देखा सौंतुक सुना ॥
सोवत भाग अहे सो जागे, श्रवन भए सुनि आहि सभागे ।
मोहिँ परतीति करम की नाही कहत आहि कोउ सपने माहीँ ॥
औ निहचय हौं सोअत अहौं, जनि जगाउ विधि हाहा कहौं ।
कौन घरी यह आह सुभागी, देखेउँ सोइ सुनेउँ सो जागी ।
कोन बार यह आह सरेखा सरवन सुना नैनन जो देखा (क)॥

यहि अंतर जनु बिरह अहि डंसन देइ छुआइ ।
थिथुरि गयो विष सकल तन लहरि चढ़ा जनु आइ ॥ १६३ ॥

गुपत पीर परगट पुनि भई सुलगत आगि फूँकि जनु दई ।
उठी आगि सिर पालहु जग धाइ कुँअर जोगी पग परा ॥
रहि न सकेउ हिय गह भरि[1] रोआ नैन नीर जोगी पग धोआ ।
बिरह अनल अल भे चखु ढरा लोचन नीर जागि नब जरा ॥
दुहँ हाथ गहि सीस उठावा पूँछन बात धकुर[2] नहि आवा ।
साँप डसा जनु विष छहराना, घूमत रह सुने नहिँ काना ॥
दिष्टी भुअँग नद जनु कीन्हीँ ते पढ़ि मत्र खोलि जनु दीन्हीँ ।

तब जोगी कर नीर ले, मुख छिरकसि करि हेत ।
पहर एक बीत भयो बहुरि कुँअर चित चेत ॥ १६४ ॥

(क)—यह उर्दू प्रति नहीं है। १—शक्ति भर जहाँ तक हो सके। २—शब्द।
३—फैला। ४—चक्कर खाता, मस्त। ५—हिताई।

बहुरि जो कुँअरउ सोइ कै जागा(क) बैठ सँभारि गहिस सिर पागा।
तौ पुनि कहिस ऊभ लै साँसा ए देखिहार निरासहि आसा॥
वाह सो चित्र जो मोहि दुख दीन्हा बरबस जीउ मार हरि लीन्हा।
जीउ लेइ तन दूरइ डारा हौं तो वही चित्र कर मारा॥
वही चित्र मै सपने दीठा, चित्त माँहँ वहि चित्र बईठा।
वही चित्र बिनु जीउ बिहूना¹, जिउ हरि लीन्ह कीन्ह तन सूना॥
वही चित्र जो नैन समाना सो तुक सपन आइ नहिँ जाना।

वही चित्र हम हिय महँ जो तैं कीन्ह बखान।
हौं अब रहउँ सरीर होइ, वह भो जीउ समान॥ १६ ॥

जहि दिन ते नैनन भा लाहा बहुरि न पायों कतहुँ चाहा।
पथ न पावउँ कहि दिसि जाऊँ, पूछौं काहि न आनउँ नाऊँ॥
मैं निरास भा बिनु जिउ आहा आस रहइ तें जिउ घट आहा।
आजु आस तें पुरवसि मोरी, तन मन धन न्योछावरि तोरी॥
अब कहु पथ गवन जहि पावा चलउँ वगि छिन बिलँब न लावा।
तुम्ह जहँ चहहु सिधारहु तहाँ मोहि अब कहहु पथ सो कहाँ॥
कै अब जाइ चित्र सो पावौं कै अपान वहि पथ लगावौं।

जिउ चितसारी महँ रहा देह रही हम साथ।
देहु सोई उपदेस मोहिँ, जहि जिउ आव हाथ॥ १६६॥

जोगी कहा कुँअर सुनु बाता, अबहीँ देखि चित्र तूँ राता।
यह सो चित्र तैं देखा नाहीँ जाकर ऐस चित्र परछाहीँ॥
चित्र देखि तैं चित्रै जाना ता महँ अहा सो नहिँ पहिचाना॥
चित्रहि महँ सो आहि चितेरा, निर्मल दिष्टि पाउ सो हेरा॥
जैसें बूँद माँह दधि होई गुरु लखाव ता जानै कोई।
जा कहँ गुरू न पथ देखावा, सो अंधा चारिहुँ दिसि धावा॥
मूरख सो जो चित्र मन लावै सेमर सुआ जैस पछतावै ॥³

(क) फरकि कुँअर सोइ अस जागा। पाठा। १—विकल। यह पद उर्दू की प्रति में नहीं है। २—आला। ३—मि सेमर सेइ सुआ पछताना। मारिसि ठौर भुआ उधिराना॥

यह मूरति औ चित्र जग जो बिधि सरा सुजान।
परगट देखहि नैन यह गुपुत जो पूजहिं आन ॥ १६७ ॥

अति सरूप चित्रावलि बारी जनु बिधिन कर चित्र सवारी।
चित्रहिं कहाँ जाति छबि बाती यह सजीव यह बिनु जिउ जाती॥
चित्र अराल हाइ जनु गँगा वोहि क बाल अस मानिक मँगा।
चित्र कटाच्छ भाव बिनु नैना वोहि क नैन सब मोहन सैना[1]॥
चित्र अडोल न डोल डोलावा जाहि गोनत जनु हंस सोहावा।
साथक बरुनि भौंह धनु ताना सौंतन जाहि लागु उर बाना॥
मद बदन तन चंपक सारी अलि सँग फिरहिं जानि फुलवारी।
काहि लगावों उपम तेहि अछर[2] पूज न छाँहि।
सुर नर मुनि गन पचि मरहिं दरसन पावहिं नाहिं॥ १६८॥

बदन जोति कहि उपमा लावों ससिहर पटतर[2] देत लजावों।
ससि कलंक पुनि खंडित होई ह निकलंक सपूरन सोई।
ससि बदी जब दूजिक[3] दीसा वोहि उदी निज देहिं असीसा॥
जो मुख खोलि करै उजियारा नखत छपाहि होइ ससि तारा॥
नैन कुरंग कहे नहिं पारों खंजन मीन ताहि पर वारौं।
तीन रंग जो महँ नित लहिय तहि कुरंग[4] कहु कस कहिय॥
जाकहँ नैन पकै उन हेरा सो बिष बान कै भया अहेरा।
ऐसन चित्र अहेरिया मारि न खोज करइ।
जेहि उर लागे बान सो रहसि रहसि जिउ देइ॥ १६९ ॥

सो तेहि संग अनेग सहेली सब सरूप अनूप नवेली।
उन्हक रूप बिधि अपुरुब कीन्हा करि करि चित्र आनु जिउ दीन्हा॥
कोउ कुमुदिनि कोउ पंकज कली एकतें एक चाह अति भली।
अबहीं सबै कली मुँह मूँदी भौंर चरन तें मलिन खूँदी॥
सब चित्रिनि औ पदुमिनि जाती सेवा करत रहत दिन राती।

---

[1]—सयन = कटाक्ष। [2]—उपमा। [3]—मुसलमान लोग द्वितीया के चाँद का देख कर बन्दना करते हैं। रमजान के पहिले मास भर रोजा रह कर द्वितीया के दिन ईद मानते हैं। [4]—बदाजन। [5]—कुत्सित रंग का = बदरंग।

अग्या होइ करहिँ पै सोई मेटि न सकैं रजायसु कोई ॥
श्रा जिहि ठाँव करहिँ बिसरामा, जपत रहहिँ चित्रावलि नामा।

निसि बासर ठाढ़ा रहहिँ लीन्हे आपन साज।
जो पठवहिँ सिप एक कहँ धाइ करहिँ दस काज ॥ १७०॥

पुनि सो चित्र लिखै भल जाना उनसौं जगत न कोऊ सयाना।
आपन चित्र अपु पै लीखा श्रार को लिखै जान ? नहिँ सीखा ॥
जगत चितर रहे पचि हारी ओकर चित्र न सकै सँवारी।
जा कोई आपन चित्त आनै अंतरजामी नबहीं जानै ॥
आपन चित्र छीन कै लेइ धो तेहिँ देस निकारा देई।
आपन चित्र जाहि लिखि दीन्हा तै सो घालि हिये मा लीन्हा ॥

यहि डर कोऊ न बीसरैं, अह निसि आठौ जाम।
लिये रजायसु नित रहहिँ जपत फिरहिँ सो नाम ॥ १७१॥

औ तेहिँ संग नपुंसक जाती पठवैं जहा आहिँ लै पाती।
गुन विद्या सब आना बूझा निरमल दिष्टि पथ भल सूझा ॥
अन्न न खाहिँ पानि नहिँ पीयहिँ, नाउँ अधार रैनि दिन जीयहिँ।
काम क्रोध तिसना मन माया, पंचभूत सौं तिन्ह की काया ॥
अग्या काज निलंब न लावा करहिँ सोई जहिँ दोष न पावा।
सब की बात जनावहिँ आई अग्या होई कहहिँ सो आई ॥
अग्या बिना पैग जो धरहीं अनल तेज सिखा लहि जरहीं।

दूरि रहहिँ तेहिँ गनति नहिँ, निकट रहहिँ ते चारि।
रचना सिरजनहार की, नावं पुरुष न नारि ॥ १७२॥

हौं तेहि माहँ परेवा नाऊँ सेव करौ चित्रावलि ठाऊँ।
वह सो गुरू हौं ओकर चेला, वहिक नाउ हम मुँदरा मेला ॥
वही पथ माहि दीन्ह देखाई वेहि क बचन सिद्धि मैं पाई।

دل بدست آور که حج اکبر است * از هزاران کعبه یکدل بهتر است

सि—१

औ सुमिरन दीन्ही वोहि केरा वेहि क नाउँ सुमिरौं हरि फेरी ॥
भूख नाहिँ औ नीँद पियासा चित्रिन सुरति ध्यान घट आसा ।
भा अग्या करि साज महसू, दिन दस फिरहुँ देस परदेसू ॥
औ लगु फिरत होइ नहिँ रागी, ता लगि सिद्ध होइ नहिँ जोगी ।
भसम अँग पग पाँवरी, सीस कलपि करि केस ।
कथ पहिरि ले दड कर, देखन निसरयौ देस ॥ १७३ ॥
सुनत कुअँर जोगी के बेना उघरे दोऊ हिय के नना ।
मन महँ कहसि साँचु यह साजा, वह सो कौन जाकर उपराजा ॥
अहिक चित्र अस जिउ लेमिहारा, दुहुँ[1] कस होइहि सिरजनहारा ।
साजा होई मेटि पुनि जाई सिभू[2] सरीर न काऊ मिटाई ॥
जो न आपु आपहि पहिचाना, आन क पेम कहाँ हुत जाना ।
जसे कुबुध आनि के देवा, बहुत करहिँ पाहन की सेरा[3] ॥
पाहन पूजि सिद्धि किन पाई, से मर सेइ सुआ पछिताई ।
कस न बूझि खोजौं साई अहिक चित्र सब कीन्ह ।
जीउ देई जो चाहई, लेइ जो चाहे लीन्ह ॥ १७४ ॥
कुअँर कहा अब सुनहु परेवा, मैं तार सीप[4] मोर तैं देवा ।
मैं तजि पथ जात बोराना तैं गहि बाँह पथ पर आना ॥
बूड़त मोर नाउ मँझधीरा तू खेवक होइ लाइसि तीरा ।
सोअत हौं जो अहा सो जागा, मन तजि चित्र चितेरहिँ लागा ॥
चित्र देखि न चितेरा जाना, बिनु चितेर अब दिष्टि न आना ।
अब फिरि कहु चित्रावलि बाता, ओहि के रूप आजु मन राता ॥
सुनतहि नाम दूरि भइ दाहा दहुँ मुख देखत होइहै काहा ।
मरत जियाए जाइ कहि फिरि फिरि कहु सो बान ।
सुनिबे कहँ अमिरित कथा श्रवन भए सब गात ॥ १७५ ॥

१—कौन जानता है । २—स्वयंभू—जो बिना किसी के बनाये बना है ।
३—सि प्रतिमा स्वल्पबुद्धीनाम् । ४—शिष्य, चेला ।

जोगी सँवरि कहै पुनि बाता वह चित्रावलि ओहि रँगराता।
बदन मयंक मलयगिरि अंगा चंदन बास फिरहिं अलि संगा॥
जो अलि अंग बास वह पाई, सो तजि आन फूल नहिं जाई।
बहुतन्ह सिर करवट गहि सारा, इछा करि मधुकर अवतारा॥
बहुत नाउँ सुनि जोगी भए मूँड मुँडाइ देसंतर गए।
ससि सूरज औ नखतन पाँती बरनै होहिं दिवस औ राती॥
भूषन सोभ पाव तेहि अंगा, ताते निसि दिन छाड़ न संगा।

चाँद न सरवर पावै, रूप न पूजै भानु।
अब सुनु नख सिख कान दै नखसिख करौं बखानु॥ १७६॥

प्रथमहिं कहौं केस की सोभा, पन्नग जनौं मलयगिरि लोभा।
दीरघ बिमल पीठि पर परे लहर लेहिं बिषधर बिषभरे॥
कच अहि डसा जनम नहिं जागा मंत्र न मानै मूरि न लागा।
बिथुरी अलक भुअंगिनि कारी कै जनु अलिन्ह लुबुध फुलवारी॥
कै जनु मदन नराने जौ तपा, सिसिरहि सुमरु पाछु तन छपा।
किमि कच बरनौं राजकुमारा ससि न समाइ दखि अँधियारा॥
मृगमदबास आध तेहि केसा पौन जाइ लइ देस बिदेसा।

सिरजी तब बिधि स्यामता, अब अंग सिरजा लीन्ह।
ते कच सिरजे सार कै सेष बाँटि कै दीन्ह॥ १७७॥

सीस सिँगार माँग बिधि कीन्ही तातें ठाउँ माँग पर दीन्ही।
सूर किरन करि बारहि धारा स्याम रैनि कीन्ही दुइ फारा॥
पंथ अकास बिकट जग जाना, का न जाइ जाहि पथ भुलाना।
तहाँ देखि अलकावलि[२] फाँसा, पथिन्ह परा जीउ कर साँसा॥
जिउ परतेजि चलहिं तेहि माहीं और बाट नहिं केहि दिसि जाहीं।
बेनी सीस मलयगिरि सीसा माँग मोति मनि माथें दीसा।
सूर समान कीन्ह बिधि दीया, देखि तिमिर कर फाट्यो हीया॥

१—मलयागिरि चंदन। २—अलकावली। ३—४ परित्यज्य = त्यक्त।

स्याम रैनि महँ दीप सम नाहि अँजार जग होइ।
अछज भुअँगम माहि बसि दिया मलीन न होइ॥ १७८॥

पुनि लिलाट जस दूजि क चंदा दूजि छाडि जग को कहँ बदा।
पटतर दूजि होति जो होती दूजि माँह दुओं क जाती॥
भाग भरा अस दिप लिलारा तीनहुँ भुवन होइ उजियारा।
होइ मयंक[1] खीन जहि दीसा सो लिलाट कामिनि पहँ दीसा॥
कुंदन तिलक सोभ कस पावा मनहुँ दुइज मां जीउ मिलावा।
मुकुता पाँत चहूँ दिसि पाइ मानहुँ मिली किरितिका[2] आइ॥
जाहि लिलाट भाग मनि होइ अस संजोग सुभ देखै सोई।
सुभ सँजोग वहि एक छिन जा कहँ सनमुख होइ।
जौ जग लागी गरह जिमि बार न बाँक कोइ॥ १७९॥

कुटिल भौंह जानों धनु ताना इन्द्रधनुष तेहि देखि लजाना।
जानहु काल जगत कहँ कढा निसि दिन रहै पनच[3] जनु चढा॥
भौंह फिराइ जाहि तन हरा देखत काल टाइ तेहि करा।
एही धनुष जुध मनमथ लीता के परनाम काम तन जीता॥
भौंह धनुष लखि इन्द्र सँकाना, सब जग जीत सरग कहँ ताना।
कौन सो बली जो न गै मारा तीनहु लोक एक हुँकारा॥
ऐस धनुष जग आर न दूजा (क), देवतन्ह आइ बाहुबल पूजा।
अहिपुर नरपुर जीति कै सुरपुर जीता जाइ।
अब देहु कछु न आलिय का कहँ धर चढाइ॥ १८०॥

बाँके नैन तीष अति दोऊ जगत जाहि सर पूजि न कोऊ।
राते कौल मधुप तेहि माहीं, कहत लजाउँ तेउ सर नाहीं॥
कौल देखि ससिहर कुम्हिलाने, ए ससि संग सदा बिगसाने।

१—मृगांक, चन्द्रमा। २—कृत्तिका = कचपचिया। ३—प्रत्यंचा।
४—यह उर्दू की प्रति में नहीं है। (क) अस धनुधारी और न दूजा। पाठा०।

स्याम सेत अति दोउ सोहाए खञ्जन जानु सरद रितु आए।
कै दुइ मिरिग लरत सिर नीचे काजर रेख डोर गहि खींचे॥
गाउ समुद्र जनु उठहिं हलोरा पल महँ चहत जगत सब बोरा।
तीछ हेर जाहिं चखु आछैं चली मीन जनु आगे पाछैं॥
बर कामिनि चखु मान सम निमिष हरत मन जाहि।
बहुरि जनम भरि मीन जिमि पलक न लागै ताहि॥ १८१॥
बरुनी बान तीख अरु घने सोई जानु जाहि उर हने।
मद सिराय न भाल सँवारे जाके हने सबै मतवारे॥
तापर बिष काजर सों बाँधा सोइ मरै जाहि तन साँधा।
लाग न बरनि बान जेहि हीया, सो जग माँह अमिरथा जीया॥
जते अहैं जीव जग माहीं साधन जाइ बान सो खाहीं।
जगत आइ हार रहा निसाना मकु हौं सौंह मारि तेहि बाना॥
गलि गलि हाड रहे जो आई रहे जो लागि जाइ ता जाई।
एक मूँठ[1] के छाडने लागे बान अलेख।
जग महँ ऐसन पारधी[2], दूसर काहु न देख॥ १८२॥
सुभग सरप सुरग अमोला जनु नारँग बरनारि कपोला।
ईंगुर केसर जानु पिसाए दोऊ मिलाइ कपोल बनाए॥
औंर सो देखि कपोल लुनाई मती हीन कछु बरनि न जाई।
तेहि पर तिल सो देइ अस सोभा, मधुकर जानु पुहुप पर लोभा॥
कै बिधि चित्र करत कर धर (क) करत उरेह बूँद खसि परे।
बदन सिंगार सीभ जो पावा रहेउ न दिन पुनि सो न उचावा॥
वह तिल जाहि दिष्टि तर परा, भयो स्याम तस तिल तिल जरा।
नहिं चीन्हत कोउ काहु कहँ जो जग माहिं न होति।
परछाहीं तिल एक की, सब नैनन्ह महँ जाति॥ १८३॥

१—जितना एक बार छोड़ा जाय। २—तीर चलानेवाला।

(क) कै चित्रित करता कर धर। पाठा।

किमि बरनौं नासिका सोहाई । नासिक सुनि मति थिर न जाई ।
खरग धार कहि आवै हाँसी । कौन खरग जेहि उपमा नासी ॥
तिलक फूल कवितन्ह चित धरा । उहो लजाइ पुहुमि खसि परा ।
(क) इह उघारि पुनि नीर कठोरा । उपमा दैन मन मान न मारा ॥
उह सुर भान जगत उपराई । ससि सूरज जहँ उगै कराई ।
तेहि पर हरि रही मति मोरी । उपमा नहिँ कहि लावौं जोरी ॥
बेसरि जा पहिर रहसाई । नग कुंदन छबि पाउ सोहाई ।
मुकुता बालन निरखि मन । सुर नर इह गुमाहिँ ।
कहत सोहागिनि नासिका । तिहुँ पुर पटतर नाहिँ ॥ १८४ ॥

अधर सुधा निधि बरनि न जाई । बरनत मति रसना पनियाई[२] ।
छुए न काहु अछूते राखे । प्रम दिष्टि मुख अजहुँ न चाखे ॥
विद्रुम[१] अति कठोर आ फीके । सुरँग मृदुल दुख दायक जीके ।
बिम्ब बदन सो सरि न तुलाना । अति लजान बन जाइ दुराना[३] ॥
बदन मयक जगत उँजियारा । अमिरित अधर प्रानदेनिहारा ।
का बरना का मति भइ मोरी । उत्तम अधम लगावउ जोरी ॥
ससि अमिरित देवतन्ह कै जूठा । अगन जान यह अधर अनूठा ।
लोयन जाहि कटाच्छ सर । मारि प्रान हरि लीन्ह ।
अधर बचन तत छिन दोऊ । अमिय सींचि जिउ दीन्ह ॥ १८५ ॥

दसन जानु हीरा निरमर । बदन आनि मुख सपुट धर ।
इक इक नग दुहुँ अग कर माला । जा जिउ देइ कहै सो बोला ॥
पान खान कतु भए उघारे । दिष्टि पर मजुल रतनारे ।
जनु दुइ लर मुकुता रँग अर । मजन लागि आइ मुहँ धर[४] ॥

(क) यह ... प्रति में नहीं है।

१—निकारत है। २—पानी आता है। ३—छुप गया।

४—मजन लागि अमीनुह बर। पाठा । ५—अमिरित छिया आनि कबरे। पाठा ।

कै देवनन्ह सेंसे कीन्ह कियारी अमिरित सालि बारि अनुसारी।
दाड़िम बीज नहा लै बोए, रखवारे राखे अहि पोए॥
निसि वासर ते निकट रहाहीँ मकु सुक पिक खञ्जन चुनि जाहीँ।
इक दिन बिहसी रहसि कै जोति गई जग छाइ।
अबहूँ सेंरित वह चमक, चौंधि चौंधि जिय जाइ॥ १८६॥

तेहि भीतर रसना रस भरी कौंल पाँखुरी अमिरित भरी।
बसन पाँति महँ रही छिपानी बोलन सो जनु अमिरित बानी॥
बोलन बैन अमी जनु चूआ सुनत जिये बरषन कर मुआ।
जस मन अहि कुतल[1] मे खाए बोलि जलि धन सबै जियाए॥
जाके सवन बचन उन आरा ताकर बचन जीउ देनिहारा।
उकतिन[2] बोलन रसन अमाली आँब चढ़ी जनु कोइल बोली॥
ब्याकरना जानै सगीना, पिंगल अमर पन्हि पुनि गीता।
रहहिँ रैनि दिन धाइ महँ, खिजिलि चखु भौ बैन।
त्यौं त्यौं रसन जियावई ज्यौं त्यौं मारहिँ नैन॥ १८७॥

आँब सूल सम ठोढ़ी भई वह आमिल यह अमिरित भई।
तेहि तर गाड अपूरब आभा पाक आब जनु अँगुरी दोभा[3]॥
पाका आँब गात पियराना, वह कुमकुम जनु ईगुर साना।
चिबुक कूप अति नीर गँभीरा, बिब अधर सँजीव जेहि नीरा॥
अमिरित कुंड अगम औगाहा, जा तहँ परा निकास न चाहा।
ताहि कूप ढिग रहत न आहीँ, बूड़न कहँ मुनि लाल[4] कराहीँ॥
परहिँ आइ मन रहइ न देई, कुतल काँट काढ़ि कै लेई।
नैन पियासे रूप जल पीवन जेहि न अघाहि।
कूप चिबुक जो मन परै, बूड़ि बूड़ि रहसाहिँ॥ १८८॥

१—कस, जाल। २—उकतिन = युक्ति से। ३—नोक।
४—चाउ, इच्छा।

सिंधु सुता सम[1] स्रवन अमोला, जल सुत[2] बचन लागि विधि खोला।
जे अमोल नग जगत बखाने नारि स्रवन महँ सबै समाने॥
ग्यान बात बिनु आन न सुना, सुनत मोनि तबहीं सिर धुना।
निसि दिन मुकुता इहे गुनाहीं खंजन झाँकि झाँकि जिमि जाहीं॥
कंचन खुटिला जा न बखाना गुरु सिष देइ लाग ससिकाना[3]।
राहु जुद्ध कहँ खपरि निसंका दुहुँ कर लीन्हे सेलि मयंका॥
मैं पुनि सोभै खुभी सोहाई अबहीं तरिवन कहा न जाई।

कलभ दसन खँभिया दोऊ सोऊ पट तर नाहिं।
एक छिन देखे जनम भरि खुभी रहैं जिउ माहिं॥ १८९॥

अब सुनु बरनौं गीँव सुहाई बिधि कर चाक भँवाइ[5] चढ़ाई।
अँगुरिन बीच रही जो रेखा सोइ चीन्ह रेखा नहीं आ देखा॥
केलि सम कैंतर[6] की रीसा तत छिन चलो लाइ भुइँ सीसा।
नाखन मोर गीँव सर जोखा, तबहीं सीस पाइ धरि रोखा॥
सख न सम भा साँझ सँकारा तातैं जहँ तहँ करै पुकारा।
तबही छरन[7] आन अपछरा भूषन लाग न बाँधै छरा॥
बोहीं कंठ जानु जिन्ह दीठी अमिरित चाहि न पूर मीठी।

सोहत हाँस जराउ गर बदन हठ निकलंक।
सर[1] न मयंक सूर जनु दुरत राहु के संक॥ १९०॥

दीरघ बाहु कलाई लोनी अति सुंदर जग भई न होनी।
दुहुँ पैनाल सोऊ सर नाहीं, तातें रथ[9] कलेजे माहीं।
सुभ्र भुजन पर टाँड[11] सोहाई, टाँड नहीं छबि पाव सवाई॥
देखि धुनहि गन गभ्रव माथा, एक सो इंद्र बज्र पुनि हाथा।

१—सीप। २—मोती। ३—[illegible] अथवा [illegible]। ४—चुभी हुई सी। ५—घुमा कर। ६—कबूतर। ७—छरना = [illegible], हीनता या तुल्य। ८—हसुला, गले का एक आभूषण। ९—बराबरी कर सका। १०—रथ = छंद। ११—एक बाहु का आभूषण।

देखि सो मञ्जुल सुभ्र कलाई, का न गयौं बनफलै सिधाई(क) ॥
वहि सग देखु आ जुरी हथोरी[1] कौल पाँखुरी ईंगुर बोरी।
विद्रुम बेलि सो अँगुरी दीसी वह कठोर यह मुँगफली सी ॥
अँगुरिन मुँदरी अरित की सोह छला प्रति पोर।
अमीकरन नग आखि जनु गाठि कनक के आर ॥ १९१ ॥
हात उतग सिहन[2] निरमरे, एक डारि दोइ नारँगि फरे।
कनक कगेरी दुइ गुन भरीँ, सकर पूजि उलटि जनु धरीँ ॥
झीने पट महँ झलकन दीसी जनु भीतर द्वै कँवल कली सी।
मुकुताहल चिच सोभा केसो, चकवा छवा बिछुरि जनु बैसो ॥
होत उतग दोऊ अति लोने, जनु द्वै बीर छत्रपति होने।
अबहीँ छत्र सीस नहिँ छाजू छबिन जहाँ तहाँ कर साजू ॥
दान दुद जारी गुन भरी दुई जनु डँका[3] उलटि कै धरी।
गढपति हयपति दुरदपति सुनि कुच कथा अकाथ।
होइ भिखारी सब चहहिँ, आइ पसारन हाथ ॥ १९२ ॥
रामावलि अबहीँ उर छीनी बरनि न सकै विधि मति हीनी ॥
सखि सुमेरु लही अहि पोवा, सीतल ठाँव पाइ जनु सोवा।
अमिरित अधर बास सुनि माती, उर जनु चढो पपील क पाँती ॥
द्व नृप सीँव लागि रिस बाढी रतिपति आनि लीक जनु काढी।
सौंरस रोमावली सोहाई, हेबर जाय दरलि सी खाई ॥
पौहन हिये जोरि वहि दीसो होइ लीक वह पाहन की सी।
नीँद न परी जनम भरि आगा, जिन्ह नैनन्ह होइ रही सरागा ॥
खैँची लीक हदीस की विधिना हियेँ विचार।
तिहुँपुर रोमावलि सरी, आन न दूजी नार ॥ १९३ ॥
नाभि कुण्ड पुनि अति गहिराई, जब चित चढै बूडि जिउ जाई।
सिधु भौंर जहँ पानि फिरावा, तह परि जनम निकास न पावा ॥

१—हथेली। २—फा सीना = छाती। ३—डंका। ४—छाती।
(क) न किये बल वली सिहाई। पाठा०।

बिगसत पंकज कली सोहाई, अजहुँ भौंर बास नहिं पाई।
छीर सिंधु मथनी जब काढ़ी, नाभि भौर आही जहँ ठाढ़ी॥
नैनूँ[1] त कोमल सो ठाउँ जीभ कठोर लेउँ का नाऊँ।
रोमावलि सोभा तेहि पासा, नैनूँ ते जनु बारि निकासा[2]॥
आसौं ग्यान हाथ भा हीना, जनमत धाइ नार जिमि छीना।

नारि पेट जेहि थत नहि, बारिधि गहिर गँभीर।
नाभिकुंड मन जा परे बहुरि न निकसै तीर॥ १९४॥

पातर पेट कहउँ का काई जनु बाँधी ईंगुर की लोई।
मनहु महाउर बूध सौ पागा, सतत[4] रहे पीठि सो लागा॥
छीर न पिये अतिहि सुकुवारा, कै तँबोल के फूल अधारा॥
बिनु रस पान आन नहि खाई, सोऊ बिकल करु अधिकाई।
तेहि तर त्रिबली अति सुख देई, गढ़ी बिधातै काम पसेई[5]॥
सोभित तीनौ रेख सोहाईं, तीन भुवन नहिं उपमा पाई।
सिसुता जानि तरुनता मिली तीनौं रख खाँचि कै चली॥

सिरजत भार नितब के, मिलत न कीन्ह सँबधि।
मनु कटि राखे बाँधि के, त्रिबली बँधन बधि[1]॥ १९५॥

अति सुकुँवारि लँक पुनि छीनी, दिष्टि न परै बारहु तब खीनी।
देखत सकुचै देखनहारा टूटि न परै दिष्टि के भारा॥
काम कला दुई साँचे भरी सकल सोहाग जोरि जनु धरी।
बिधिनै तारि जोरि पुनि लीन्हे, तातैं नाउ निगम कटि कीन्ह॥
अपने थल भूखे कहरी कोऊ कहैं कटि तिन्ह की हरी।
देखि लंक भृंगी[7] कटि टूटी, भँवति फिरै जनु सपति लूटी॥
तहँ सोहै किंकिनि कटि कसी काछे जनु आहे उरबसी॥

१—नवनात = मक्खन। २—निकाला। ३—सोदा। ४—सतत – नित्य सदा।
५—पसीकर, सच निकाल क। ६—गाठ। ७—एक कीड़ा, बिलनी।

सोभित किंकिन निकट कटि, मान उपम जी आइ।
हंस पाँति तजि मानसर, परबत बैठे जाइ ॥ १९६ ॥

सुभ्र नितंब नितंबनि केरे, गए हेराइ सोई जनु हेरे।
जनु संगम दुइ परबत अहहीं एक बार कै बाँधे रहहीं ॥
तेहि पर कटि सोभित निरमरी जनु सिंहिनि गिरि ऊपर धरी।
दुइ गिरि सम दोउ मगु जहँ नाहीं चित के चरन चढ़न बिछलाहीं ॥
मति नितंब बरनत झिझकाई, मति की दिष्टि न आगे जाई।
परगट सा कवि कीन्ह बखाना गुपत सो अंतरजामी जाना ॥
जहाँ जात मन पिंडुरी काँपी, तहँ की बात रहा सब झाँपी।

गुपुत जो रचना विधि रची परगट नहिं हानिहार।
ग्यान तहाँ नाह सचरे, जानै सिरजनिहार ॥ १९७ ॥

पुनि जंघा अति सुंदर साजी जुगल जंघ तिहुँ लोक बिराजी।
केरा खंभ कुम्भ कर हेरी जंघ निकट वे दोऊ करी।
अति सुंदर सम तूल[1] सुहाए जनु बिधि अपने कर चिकनाए ॥
सुरति करत सुख संपति हरी मन की दिष्टि थलकि तहँ परी।
गौन समै जनु चमकत चूरा, हंस गयंद गरब धरि चूरा[2] ॥
सीस धुनै गज लज्जित भए हंस मानसर बूडन गए।
छवाछीन भूषन छबि हरी पायल आइ पाय लै परी ॥

चकइ[3] जराऊ जेहरी जेहरि जिउ लै जाइ।
सुर नर हू झाँझर भए देखि सो झाँझरि[4] पाइ ॥१९८॥

चरन कँवल पर मन अलि गए जहि मगु चले तहाँ रज भए।
मकु तेहि पथ गौन पुनि करई, भूलि पाँव इन्ह नैनन धरई ॥
तरवा ऊर्ध्वरेख[5] सुभ बाँची सुरनर हिय लीक जनु खाँची।

१—सुहाल। २—नाश किया। ३—एक आभूषण। ४—झाँझ, एक पैर का आभूषण। ५—ऊर्ध्व रेखा पैर में होना सामुद्रिक में शुभ माना जाता है।

जेहि जेहि पथ चरन त चले केतै हिये पाँय तर मले ॥
रकत लाग रह पायन सगा जानहिं लोग महाउर रंगा।
चलत चरन भुइँ परे न देहीं सुर नर मुनि नेनन पर लेहीं ॥
अनवट बिछिया अगुरिन भरे मेन सोनार रतन नग जर।
जेहिं चित चित्रावलि चरन चित्र किए लिखि आमि।
ते जनु मगु बाहर कियो हियें सरावर पानि ॥ १९९ ॥

वह चित्रावलि आहै सोई तीन लोक बंदै सब कोई।
सुर पुर सबे ध्यान वोहि धरहीं अहिपुर सबै सेव तेहि करहीं ॥
मृतुमडल[१] जो देखा हरी घर घर चले बात तेहि केरी।
पछी वोहि लगि फिरहिं उदासा, जल के सुत[२] आहि नाउँ पियासा॥
परवत जपहिं मैान होइ नाऊँ आसन मारि बैठि एक ठाऊँ।
पुहुमी दहु जो सरग लहु बढी सेवा करतहिं एक पग ठाढी ॥
जानि बूझि जो ताहि बिसारा सो मनु जियतहिं मरा अडारा।
अति सुरूप चित्रावली, रवि ससि सर न करेइ।
धन सो पुरुष जो धन हिया वोहि क पथ जिउ देइ ॥ २०० ॥

भए सुनत चित्रावलि करना कुँअर नैन पवत क भरना।
गयो चेत चित रहो न ग्याना जनु एहि सागर ल—छ हराना(क)।
माथें चढी लहर जनु आई विसम्हरि[३] परा पुहुमि मुरझाई।
गहि जोगी पुनि कुँअर उठावा खेह भारि समुख बेठावा ॥
कहेसि कुँअर कस भए अचेता वहु सम्हारि हियें करु चेता।
एको बात कहै नहिं पूछी, जनु गा जीउ देह भइ छूछी ॥
मूँदे नैन साँस पुनि लेई सुनै न कछू उतर नहिं देई।
प्रेम मत्र जोगी कहै, कुँअर स्त्रवन महँ तंत्र।
सुनत नाउ चित्रावली निजन[४] गया विष सत्र ॥ २०१ ॥

१—पृथिवी। २—जल जन्तु। (क) जनुएहि दसा मरगनियराना। पाठा।
३—बेहोश हो के। ४—निरधन = नाश।

जबहि कुँअर जागा जनु सोई गहिसि पाउ जोगी कर रोई ॥
सो तुम रूप बखाना देखा भइ मनसा होइ उड़उँ परेवा ।
पुनि मन महँ अस होइ गियाना आउँ कहाँ जो पथ न जाना ।
कहु सो केहि दिसि नगर अनूपा जहाँ बसै वह नारि सुरूपा ॥
चलौं न करौं बिलँब एक घरी निस्फल जाइ घरी जो टरी ।
औरु न मोरे हियँ विचारा सीस मोर यो चरन तुम्हारा ॥
किचित रैनि जाइ तहँ ताईँ चरन लाइ लै चलहु गोसाईँ ।
लोचन रह चकोर होइ हिया सकल उनमाद ।
मकु ससि मुख चित्रावली देखौं तुव परसाद ॥ २०२ ॥

कहेसि कुँअर यह पथ दुहेला अस जनि जानु हँसी औ खेला ।
अगम पहार विषम गढ़ घाटी पंखि न जाइ चढ़े नहि चाँटी ॥
खोह खराट जाइ नहिँ लाँघी देखि पतार काप नर जाँघी ।
जाइ सोई जो जिउ परतेजा सार पाँसुली लोह करजा ॥
तैँ अबहीँ घट आप न बूझा बार देखि पिछवार न सूझा ।
बैठे वैहँ सेँध पिछवारे मूँसहिँ तसकर घर अँधियारे ॥
तैँ दै बार रहा गहि कूँजी रही न एको घर महँ पूँजी ।
निसिबासर सोवहि परा जागेसि नहिँ पल आध ।
घर न सँभारसि आपना का लेवे एहि साध ॥ २०३ ॥

एहि मगु केर करै जो साधा चलत निचित न होइ पल आधा ।
चाहै चरन चुभै जो काँटा चलै बराइ मारग नहिँ छाँटा[1] ॥
जौ पल एक कोउ बिलँमावै, साथ जाइ पुनि पथ न पावै ।
एहि मगु माहँ चारि पुनि देसा, जस जस देस करै तस भेसा ॥
चारिहुँ देस नगर हैँ चारि पथ जाइ तेहि नगर मँझारि(क) ।
चारिहु नगर चारि पुनि कोटा, रहहिँ छिपे एक एक क ओटा ॥
जो कोउ जान न चार[2] विचारा, बीचहिँ मारि लेहिँ बटमारा ।

१—छाड़ । (क)—बीचहि मारि लाहँ बटपारी । पाठा । २—आचार ।

चारि देस बिच पथ भो अब सुनु राजकुमार।
बेगर बेगर बरन गुर जस कछ तहँ व्यवहार ॥ २०४ ॥

प्रथम भोगपुर नग्र सोहाया भोग बिलास पाउ जहँ काया।
दुइ दुआर कर कोट सँवारा आवागमन यही दुइ बारा।
पुनि दूनहुँ दिसि अपुरुब हाटा अनबन भाँति पटन सब पाटा॥
आ कछु चाहिय सबै बिकाई मिरतक देरि जीभ ललचाई।
कहुँ पचअमिरित जेवनारा कहुँ सुगंधि करै महकारा॥
कहुँ नाच कहुँ कथा अनूपा कहुँ मिरदुल अति ससिहर रूपा।
इन्द्रपुरी जनु चहुँ दिसि छाई जो आया सो रहा लुभाई॥
घर घर मोहन जानहीं पथहिं बस कै लेहिं।
माया रूप देखाइ कै आगे चलै न देहिं॥ २०५ ॥

बसै भोई भोहि नगर मँझारी लेखा जानि होइ बैपारी।
सूधे मारग आवै जाई माटी लेखे बिपै पराई॥
सो देखै जेहि दोष न पावा सुने सोई जा पंडित सुनावा।
खाइ सोई जेहि ऊठ साँसा फिरै न माय लेइ सो बासा॥
मिलि क पाँच देहि जउनारी, सुगत ताहि साई बपारी।
आपन भस मागि कै लेई राज भस बिनु माँग दई॥
पाँच जूनि कै राजजाहारू करत रहै अस जग बेवहारू।
धरे छोह चित नेह सों रँस की डार रिसाइ।
ऐसी चलन चलावहि तेहि भल पाँच कहाइ॥ २०६ ॥

पथी जहि आगे है जाना सो व्यवहार कहौं कछ काना।
चख होइ नस मूँदे नैना बहिर होइ तस सुन न बैना॥
रसना मौन होइ नहिं भाषा, षट रस अमी न पावे चाषा।
मूँदै नास साँस नहिं आवै काम क्रोध के छार जरावे॥
दुष्ट के हनत न पाछे टरई पगु जो उठाइ आगु मन धरई।

१—अलग अलग। २—राजा का दंडना = निमान। ३—मि ।

[illegible]

बिलँब न लावै मन जग मंदा निसरै तोरि मीन जिमि फंदा ॥
पथी जो ओहि बार लहु जाई आगु कवार उघारि कै जाई ।

चित रहसत पट उघरत, मिटै नैन अँधियार ।
जैसे बाते स्याम निसि होइ विमल भिनुसार ॥ २०७ ॥

आगे गोरखपुर भल देसू, निबहै सोई जो गोरख भेसू ।
जहँ तहँ मढ़ी गुफा बहु अहहीं जोगी जती सनासी रहहीं ॥
चारिहु ओर जाप नित होई, चरचा आन करै नहिं कोई ।
कोउ दुहूँ दिसि डोलै बिकरारा कोऊ बैठि रह आसन मारा ॥
काहू पंचअगिनि तप सारा कोऊ लटकहि रूखन डारा ।
कोऊ बैठि धूम तन डाढे कोउ विपरीत रहे होइ ठाढे ॥
फल उठि खाहिं पियहिं चलि पानी, जोंचहि एक बिधाता दानी ।

परम सबद गुरु देइ तहँ ऊहि चेला सिर आग ।
नित जेहिं ड्योढ़ी लावई रह सो ड्योढ़ी लाग ॥ २०८ ॥

नाहि देस विच आहि सो पंथा, चलै सोई जो पहिरै कंथा ।
तेल नाहिं सिर जटा बढ़ावै रजक नासि जु बसन रँगावै ॥
भसम देह पग पाँवरि होई, पहि मग बिकट चलै पै सोई ।
मेखलि[1] सिंगी चक्र अधारी, जोगौटा[3] रुद्राष[4] धँधारी[5] ।
भल मेंद बसैं तहाँ इक भेसा होइ बिचार न रॉक नरेसा ॥
एही भेष सिद्ध बहु अहहीं एही भेष बहुत ठग रहहीं ।
एही भेष सों बहु ठग आए, एही भेष सों बहुत ठगाए ॥

जो भूले एहि भेष जग, खुले न तेहि हिय आँख ।
आगे चलैं न तहँ रहैं, बहु फिरि आवैं पाछ ॥ २०९ ॥

जो काउ आगे चाहै चला, परगट देह भेष सो रला ।

१—मेखला । —सिङ्गी = एक बाजा जिसे गोरखपंथी रखते हैं । यह सींग का होता है और इसे पूजा में बजाते हैं । ३—मोरा । ४—रुद्राक्ष । ५—डंड ।

पे अनर सब जानै अधा अष पत्याइ[१] सोई जग अधा ॥
घटही माँहि भेष सो लेख हिय के लोचन मारग देख ।
काया कथा ध्यान अधारी सींगी सबद[२] जगत अधारी ॥
लोचन चक्र सुमिरनी साँसा माया जारि भसम कै नासा ।
हिय जोगोट मनसा पाँवरी प्रेम बार लै फिरि भाँवरी ॥
परगट भेख तहाँ दह डारं आगे चलै सो पँवरि उघारं ।

रहहि नैन जो जोति बिनु दीपक पहिल मिलानु ।
पुनि ससिहर सम दूसरे होहिं तीसर भानु ॥ २१० ॥

आगे नेहनगर भल देसू, राँक होइ जहँ जाइ नरसू ।
भूलै देखि देस की सोभा जहँवहिँ देखनहा चित लोभा ॥
जाइ तहँहिँ जहँ काइ लै जाई, ऊँच खाल सम एक देखाई ।
खाइ सोई जो कोई खिआवै, बिष अमिरित एक स्वाद जनावै ॥
भल औ मद दोऊ एक लेखा दुइ न जान सब एक के देखा ।
मारि गारि जिय राख न काहू, रहस न हाउ किए कछु छाहू ॥
उतर न देइ जो काउ कछु कहा ऐसें रहै तहाँ सो रहा ।

पथ नाहि पुनि पथ सो ताहि देस निज पथ ।
बिनु गुरु काऊ न जानई औ पुनि पढ़ गरथ ॥ २११ ॥

आगे पथ चल पै सोई जाके सँग कछु भार न होई ।
डारै कथा चक्र धँधारी करै मया जिय काया सारी ॥
पेखन जित्र जहि लोभ न होई रूपनगर मधु दख सोई ।
हेरत तहाँ पथ नहिं पावा हरन चहै जो आपु हरावा ॥
पथिक तहाँ जो आइ भुलाना बिमल पथ तेहिँ पहिचाना ।
आवहिँ रूपनगर के लोगा परषन फिरहिँ कौन तेहि जोगा ॥
जो तेहि जोग लषहिँ जिय माहीं आगें हाइ नगर लै जाहीं ।

१—प्रतीति कर । २—अनहद शब्द का अलख ।

रूप भेष उनहिं क सजहिं औ सिषवहिं सब भाव।
ऐस न जानहिं तेहि काऊ, आन कहूँ ते आव॥ २१२॥

रूप नगर अति आह सोहावा जेहि सिर भाग सो देखै पावा।
अतिहिं डेरावन अतिहि सो ऊँचा काटि माँह कोउ एक पहूँचा॥
बहुनन्ह कीन्ह जोगि कर भेसा चले छाँडि घर मन धोहि देसा।
तैं सुखिया सुख कौतुक राता का जानसि दुख पथ कि बाता॥
भोजन निदु मुख जाइ सुखाई पानी बाजु कवल कुम्हिलाई।
छीन बसन जेहि अँग न सोहाई कथा कैसें सकै उठाई॥
सौरि माँह जिन बनउर टोवा[1] कुस साथरी सो कैसें सोवा।

बसन अपूरब पहिरि तन लावहु मोद सुवास।
अहहिं नारि अछरी सरस, मानहु भोग विलास॥ २१३॥

---

(१४) उद्योग खड।

कहिसि कुँवर सुनु गुरु परेवा, सुनि सो पथ उपजे उर केवा।
अब मोहि उहै पथ पै जाना, प्रेम प्रीति लै कीन्ह निदाना॥
मैं सुख तजि दुख लीन्ह सम्हारी, कै जिउ आइ कि मिलै सो नारी।
मोर दुख आदि सँघाती आहा मिलि आइ मैं सोइ सम्राहा॥
काकर सुख काकर यह राजू, दुखियहि अपने दुख सौं काजू।
भलेहूँ नारि अछरी सम पाई, मेघ पियास कि ओसहि जाई॥
औं चकार चँदहि चित लावा, कहा सो तरागन महँ भावा।

राज पाट सुख सकल अब, मोहिं न कछू सोहाइ।
चित लाग्यो चित्रावली, दुहुँ विधि कब लै जाइ॥ २१४॥

जब ते चित चित्रावलि महियाँ इहाँ क रहन न जानौं कहियाँ।
सक सँकोच न एकौ हियँ मोहि अब प्रेम पथ सिर दियें॥
अस साहस उपजा जिय माहीँ, आहै नियर दूर जनु नाहीँ।

१—टटासा।

जो विधि देत पख तन मारे अबहीं चलि उडि देखत तारे ॥
अगिलि होइ तो सनमुख आऊँ समुद होइ ना सोंह धसाऊँ ।
अँकरारा सम गनो पहारा लेखों समुद हिए मह नारा ॥
कबलों रहों परा घर घरे कहु उठि लागों पथ सबेरे ।
मैं अनाथ तुम्ह नाथ गुरु गहि दै बाहु सम डोर ।
तैं मोर अगुवा पथ नह मैं पिछरगुवा तोर ॥ २१५ ॥

लिहचे प्रेम सुरा इन्ह पिया उतरे मात न जा रहु जिया ।
सुना परखा कुँअर कि बाना निश्चय कहसि कि यह आहि राता ॥
लिहचै प्रेम पथ इन्ह गहा राज पाट तजि दुख सग्रहा ।
अब लै चलों विलंब नाहिं लादा ल चित्रावलि आस पुरावों ॥
वे पुनि अबलहुँ बहु दुख सहा, दहुँ घट मँह किमि जिउ आहि रहा ।
जस यह यहि के दरस पियासी, तस यह तोहि लगि हून उदासी ॥
अब जो मिलहिं बहुत सुख होई, आ सुख तिनहि जो देखे कोई ॥
माम जगत तेहिं जनम ल, बहुत भाँति सुख होय ।
इहि सम सुख नहि आर दुख, मिल जो माने दोइ ॥ २१६ ॥
कहसि कुँअर तैं साहस बाँधा चल अब तोर भार मैं काँधा ।
अब तोहि रूपनगर ल जाई चित्रावलि सों देउँ मराई ॥
पै कहु मोहिं घर छाडब कसे मया फाँस निरुआरब[3] कसे ।
मात पिता लागहि सँग दोऊ, एकसर ताहि न छाडै काऊ ॥
कुटुँब लोग जन परिजन तारा सब मिलि करहिं मया नहिं थोरा ।
मया मोह घर घरे आवा बिछुरत लोग सब दुख पावा ॥
यह सो पथ खरग की धारा सहस माँह कोउ गवन पारा ।
बन बीहर नारा नदी लाँघत बहु दुख होय ।
आपनि आपनि तहँ परे काहु कि सुने न कोइ ॥ २१७ ॥

१—नशा, मद । २—मि[illegible] निरुएवा ना मिल [illegible] दो ।
३—दूर करना, छोड़ना ।

कहेसि कुँअर पूछहु का माहीँ आपन भार दीन्ह मँ तोहीँ।
हौं अजान तू पँडित सयाना पढ़िन पूँछै जानि अजाना॥
करहु सोई जा महँ भल होई जा तुम कहहु करौं मँ सोई।
मैं बिचारि देखा मन माहीँ भाइ बधु काउ काहु क नाहीँ॥
का कर पितु को का कर माना, कहाँ क लोग कुटुब कर नाता।
जस दिन आते परे अँधेरा पंछि आइ तब लेहिँ बसेरा॥
भएँ भोर दिनकर परगासा, नैन कौल पुनि करहिँ बिगासा।
रवि प्रसाद पथ सूझई मिटै मन अँधियार।
जाहिँ जहा ते आइ इत, तजि तरवर की डार॥ २१८॥
कहिसि कुअर अब आपु सम्हारहु राज काज कर लाज उतारहु।
काढहु दगल सुहावन राता पहिरहु त्रिरकुट कथा गाता॥
मनि कुडल मकराकृत डारहु, फटिक मुदरा[१] स्रवन सँवारहु।
गोवहु बदन भसम चढ़ावहु किंगिरी गहहु वियोग बजावहु॥
तजहु सेल कर लेहु अँधारी धोर सुमरनी चक्र अधारी।
सिंगी पूरहु जटा बरावहु, खप्पर लेहु भीख जहि पावहु॥
काँधे लेहु बाहि मृगछाला गीवँ पहिरहु रुद्राच्छ क माला।
करहु कान जनि एकहू कहै कोऊ औ लक्ख।
पहिरि लेहु पग पाँवरी गोलहु सिरीगोरक्ख॥ २२०॥

(१५) प्रस्थान खड।

कीन्ह कुँअर जो जोगि कहा, देखत लोग अचँभौ रहा।
बोलि सुबुधि सौं कहा बुझाई मात पिता सौं कहियहु जाई॥
पहिलें पालागन जस अहा, तौ पुनि कहब कुँअर अस कहा।
आपन जिउ मैं खोआ जहाँ पाएउँ चाह चलेउँ उठि तहाँ॥
रूपनगर है दक्खिन देसा चलेउँ तहाँ करि जोगि क भेसा।

[१]—कुडल, यह चक्र के आकार का होता है और गोरखपंथी साधु इसे कान पहिनते हैं।

चित्रावलि राजा की बारी जिहि क बिरह दुख ग्रहौं दुखारी ॥
परम सँजोग आइ मकु पावौं, आपन जीउ माँगि ल्र आवौं ।
तुम्ह चित चिन्ता अनि करहु हम ग्रस आउ बिचारि ।
जौं घट जिउ है फिरि मिलहिँ नरबर कोगि जाहार ॥ २२१ ॥
तत थन दोउ जन करि उपचारी[1] झोलि मतरा लीन्ह सँभारी ।
नैनन्ह महँ लुकअजन दीन्हा ग्रो मुख घालि गोटिका लीन्हा ॥
डडा डोंकि चले उठि दोऊ न देखहिँ उन्ह देख न कोऊ ।
देखत लोग ग्रचक होइ रह कहाँ भए विधि ए जो ग्रह ॥
जत कग धावहिँ जहँ महँ जोवा दिष्टि न ग्राव करें सब रावा ।
देखि चरित्र नैन हिय जाग ग्रापु ग्रापु कहँ रावन लागे ॥
जस ये देखत गए हेराई एक दिन हमहूँ जाब बिलाई ।
कौन भरोसा देह का, छाड़हु जतन उपाइ ।
कागद की ग्रस पूतरी पानि पर घुलि जाइ ॥ २२२ ॥
कही काहु राजा सों आई कुँअर गया कछु चटक[2] लाई ।
जोगी एक कतहुँ तँ आवा नहिँ जानी का भेद सुनावा ॥
कै कछु ग्रानि खियाएसि मूरी कै पढ़ि कै सिर मलेसि धूरी ।
भगा[3] फारि वह पहिरेसि कथा कोऊ न जान गयो केहि प गा ॥
गयो सभन्हि पुनि चेटक लाई देखत देखत गया हेराइ ।
गयौ कौन दिसि काहु न जाना के ग्रकास के धरनि समाना ॥
बल एक सुबुधि निकट प रहा तासों कछुक सँदेसा कहा ।
राजा सुनि पुहुमी परे परी मँदिल महँ हूल ।
धाइ लछिमिदेइ माता व्याकुल फारि दुकूल ॥ २२३ ॥
घर घर नगर परा सुनि सोगू रावँ बार बूढ सब लोगू ।
फिरि फिरि राजा खाइ पछारा, रानी बदन हहिर कै धारा ॥
तोरि कस ग्रौ सीस उघारा को ले गयो मोर मों बारा ।

१—तान्त्रिक प्रयोग । २—तंत्रिक प्रयोग । टोटका । जादू ।
३—लबादा = जामा ।

निकट होत अस होत न भगा जोगिनि होइ जाति हौं सगा ॥
मैं पापिनि कछु जिय न बिचारा बारे दिनन दूरि कै डारा ।
पूत बियोग मरत हौं झूरी छूँछ जानु मेलि सिर धूरी ॥
को अस आइ देखावैं पथा जोगिनि होउँ पहिरि गर कथा ।

गात गात भागा भए टूटे सिर सिर केस ।
राउ राँक सब रोवई रोव नगर नरेस ॥ २२४ ॥

---

(१६) सुबुद्धि खंड ।

सुबुधि आइ तहँ देखी करा घर घर सोग नगर महँ अहा ।
राजा निकल सँभार न आपू भो रानी बहु करे बिलापू ॥
कहसि बाँह गहि चेतहु राजा तुम्ह पुहुमीपति सोग न छाजा ।
जौ तुम्ह पुरुष मरौ अस रोई मेहरिन्ह[1] का समुझावे कोई ॥
छमा करहु अब सुनहु नरेसा अकत कहा जो कुँअर सँदेसा ।
लाग्यौ मातु पिता क पाया कहसि नजहु जनि जिय ते माया ॥
सपने जीउ खोइ जहँ आएउँ तेहि की चाह इहाँ अब पाएउँ ।

दच्छिन देस नरेस एक चित्रसेन तेहि नाउँ ।
तेहि घर धिअ[2] चित्रावली स सिमुखि कहत लजाउँ ॥ २२५ ॥

रूप नगर तहँ बसे सो नारी, पुहुमी बिधि अछरी औतारी ।
चित्र एक वै लिखा बनाई मोर जीउ ते लिन्ह चोराई ॥
सो न चार जिन जीउ चोरावा चोर सो जो अस चार बनावा ।
पाएउँ खोज चार बस जहाँ अगुवा मिलो चल्यों उठि तहाँ ॥
चोर सुनत जो बिलँब न लावै उठि धावै तहँही पै पावै ।
जो बिधि करे न आगे भगा, आनौं जीउ चार लै सगा ॥
भा बिचार अस हम चित माहीं, तुम्ह चित करुन[3] करहु कछु नाहीं ।

१—स्त्रियों का । २—सदुहिता = कन्या । ३—करुणा = विलाप ।

इहै सँदेसा कहत खन ठाढ़ भया उठि राउ।
लुकअंजन चखु देइ कै तहँवहिँ गया छपाय ॥ २२६ ॥

अब तुम्ह चित करहु जनि डीयें मिलै न पुल कछु चिता कीयें।
देहु दान पर हाथ उँचाई बिकट पथ किन होइ सहाई॥
भूखेहिँ भोजन बसतर नाँगा देहु पियासहिँ जल बिनु माँगा।
इहाँ देइ जा उहा सो पावै इन्छा मिलै बगि घर आवै॥
दुहु जग हितू दान सम नाहा बूडत दधि काढ गहि बाहा।
खेवक दान होइ मँझनीरा गहि गुन खइ लगावै तीरा॥
एक देइ दस पावहिँ लाहू दै देखहु जा न पनियाहू।
धरनीधर नृप खन चित उघरा खोलि भँडार।
देइ दान ओ माँगै करै न कछु बिचार ॥ २२७ ॥

(१७) यात्रा खड।

आगी चला कुँअर लॅग लाई जैसे पान पात ल आइ॥
आगे चला आइ सो आगी, पाछे लागा कुँअर बियोगी॥
बन बीहर जहँ लहु नदि नारा गिरि सायर[1] गहि बाह उतारा।
परबत लाँघि देस एक पावा दिष्टि परा एक नगर सुहावा॥
कचन कोट अराउ कँगूरा चहुँ दिस बाचटि मन्दिल तूरा।
घर घर होइ गीत झनकारा चदन मद बास महकारा॥
औ चारिहु दिसि तरुवर पाँती सीतल छाहँ सुहावन भाँती।
देखत भाव चहुँ दिसि आयतन गीत सोहाय।
छाँह देखि भा कुँअर मन छिनक तहाँ जिलम्हाय[2] ॥२२८॥

जोगी कहि कुअरहि समुझावा हम पथी यह नगर परावा।
जो अनि सुदर कोट बिराजा पथिहि दिष्टि न ऊपर छाजा॥
पथिहि चाही दिष्टि तराहीं चलत न चुभै काँट पग माहीं।
औ तुम्ह कीन्ह जोग कर साजू, जागिहिँ कहा भाग सों काजू॥

१—सागर। २—विश्राम लय।

औ अति आह सुहावन गाऊँ, छाडे गाँव केर का आऊँ।
नियरहिँ आह देस पुनि तोरा, अब केहिँ बिलँब कोन दहुँ ओरा॥
आगे अबहिँ दूरि है जाना पहि रे गाँउ तो पहिल पयाना।
नाँच कूद कसबा[1] इहाँ ठाँव ठाँव बहुताइ।
जा कहँ जाना दूरि है नियरहिँ कस बिलँमाइ॥२२९॥
ठाँर ठाँर पुनि छाँह सोहाई, पथी होइ सो कस बिलँमाई।
पथिहि कहा धूप औ छाहाँ चलै जरन पग भूँभर माहा॥
जोगी सोई दरस कर राता छाला पाँवरि सूरज छाता।
आगे दूरि नदी औ नारा लिबहै सोइ जो तिसना[2] मारा॥
यही नगर देखत मनियारा यही नगर बसहिँ बटपारा।
यही नगर जह माहनि डारहिँ पूँजी लेहिँ आउ पुनि मारहिँ॥
सोई पुरुष जो बिलँब न लावै आँखि मूँदि कै पाँव उँचावै[3]।
बहुत इहाँ लगि आवहीँ देखत नगर लोभाहिँ।
कोऊ एक आगे चलै नत इहवँ रहि जाहिँ॥२३०॥
सुनिकै कुँअर चेत चित चेता, हीरदै लिखा कहा गुरु जेता।
लोचन मूँदे चरन उँचाए छिन महँ नगर नाँघि कै आए॥
और देस महँ और भाषा, कीन्ह सो जो कछु गुरु सिखावा।
देखि देस औ देसाचारा गिरि सायर सब उतर पारा।
सुना सो जो कछु सुना न काना देखा सो जो न जाइ बखाना॥
गुरु जाहि चेला सँग होई, नाहि कहा बिलँमावै कोई।
नदी नार परबत की घाटी गुरुप्रसाद सब लेख माटी॥
मूँड मुडायें जग फिरे जोगी होइ न सिद्ध।
जा कह गुरु किरपा करहिँ, सो पावै नौ निद्ध॥२३१॥
ततखन पोन बास लै आवा, भा हुलास हिय लागु सुहावा।
जगमग जोति दिष्टि जो परी, भा भिनुसार गई सरवरी[4]॥

१—नगर। २—तृष्णा। ३—उठाव। ४—शवरी = राति।

क जनु चमकै बिज्जु अकासा, के जनु भोर सूर परगासा।
कहसि गुरू [1] अचरज एक हुआ पूरब छाडि दखिन रवि ऊआ॥
ठावँ ठावँ तारागन अहहीँ सूरज उए नखत किमि रहहीँ।
चौंधी दिष्टि निहारि न जाई कहुँ ससिहर कहुँ सूर दिखाई॥
धान आजु पुनि सीतल बहा मिलन सिरान हिया जो दहा।
मिटल आइ अँधियार अबु, हात आउ उजियार।
जैस बीते स्याम निसि, होइ आव भिनुसार॥ २५२॥

सुनि क बोला गुरू सरखा लहच रूपनगर तुम्ह देखा।
एही नगर जहँ बसे सो नारी, जहि लगि क्या भसम कै जारी॥
एही नगर तुम्ह सुना सो देखा रूप नगर कबिलास बिसखा।
यही नगर आ सो जग राना इछ तुम्हार पुजाव बिधाता॥
इहहिँ छाडि जिउ गया सरीरा अब जिउ मिलिहि राखु मन धीरा।
दुख की रनि बीति सब गई सुख रबि किरन सो परगट भई॥
एही नगर जेहि लागि बियोगी इहवहिँ सिद्ध होहिँ सब जोगी॥
एही ठोर कबिलास सम रूपनगर तेहि नाउँ।
कतहुँ होइ कोउ जोगी, सिद्ध होइ एहि ठाउँ॥ २५३॥

ऊँच जो देखहि जैस सुमेरा, सो मन्दिल चित्रावलि केरा।
अति बिचित्र जहँ कीन्ह कटाऊ, चढ़ि न जाइ अति बिकट चढ़ाऊ॥
ता ऊपर जो कुंदन मडी, सो चित्रावलि की चाखडी [2]।
रतन पदारथ मानिक जरी सुरपुर हियेँ आनि जनु धरी।
सात धौराहर ऊपर ठाऊँ, कहहिँ सब सुखमदिर नाऊँ॥
नहाँ निवास करै सो बारी जीउ देइ सो देख अँटारी।
